हिन्दी दैनिक
प्रभात मंत्र
रांची, सोमवार 15.04.2024 वर्ष 11, अंक 103
RNI No. - JHAHIN/2014/59110

सुविचार
एक समय में एक काम करो और ऐसा करते समय अपनी पूरी आत्मा उसमें डाल दो और बाकी सब कुछ भूल जाओ।

सातवां स्वरूप- कालरात्रि

संकट हरने के लिए माता के कालरात्रि स्वरूप का जन्म हुआ। संकट को काल भी कहते हैं, हर तरह के काल का अंत करने वाली मां कालरात्रि कहलाती हैं। उनके पूजन से सभी संकटों का नाश होता है।

भाजपा के घोषणा पत्र में युवाशक्ति, नारीशक्ति, गरीब व किसान को सशक्त बनाने का वादा

देश के कोने-कोने में दौड़ेगी बुलेट ट्रेन

एजेंसी

नई दिल्ली : भाजपा ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की मौजूदगी में पार्टी मुख्यालय में भाजपा का घोषणापत्र जारी किया। पीएम मोदी ने घोषणापत्र जारी करते हुए कहा,भाजपा ने घोषणा पत्र की सुचिता को फिर स्थापित किया है। ये संकल्प पत्र विकसित भारत के चार मजबूत स्तंभ - युवाशक्ति, नारीशक्ति, गरीब और किसान, इन सभी को सशक्त करता है। हमारा फोकस नौकरी पर है।

पर्यावरण अनुकूल शहरों का विकास करेंगे

पार्क, खेल के मैदान जैसे अधिक हरित स्थानों का विकास करने का वादा किया गया है। वहीं झीलों और तालाबों जैसे जलाशयों को पुनर्जीवित करेंगे ताकि शहरों को पर्यावरण अनुकूल और लोगों के रहने योग्य सुविधायुक्त बनाया जा सके।

कामकाजी महिलाओं के लिए हॉस्टल का निर्माण करेंग

औद्योगिक और व्यावसायिक क्षेत्रों में कामकाजी महिलाओं के लिए हॉस्टल का निर्माण करेंगे, जिसमें शिशुगृह जैसी बुनियादी सुविधाएं होंगी।

महिला एसएचजी को सर्विस क्षेत्र से जोड़ेंगे

महिला एसएचजी को कौशल और संसाधनों के माध्यम से आईटी, स्वास्थ्य, शिक्षा, रिटेल और पर्यटन के क्षेत्रों से जोड़कर उनकी आय बढ़ाने के नए अवसर प्रदान किए जाएंगे।

भाजपा ने घोषणा पत्र की सुचिता को फिर स्थापित किया है : पीएम मोदी

मुफ्त राशन की योजना आने वाले पांच साल तक जारी रहेगी

घोषणापत्र में कहा गया है कि साल 2020 से 80 करोड़ से अधिक परिवारों को मुफ्त राशन दिया जा रहा है। अगले पांच वर्षों तक पीएम गरीब कल्याण अन्न योजना के अंतर्गत मुफ्त राशन देना जारी रखेंगे।

वंदे भारत ट्रेनों का विस्तार होगा

भाजपा देश के कोने-कोने में वंदे भारत ट्रेनों का भी विस्तार करेगी। देश में वंदे भारत के तीन मॉडल चला करेंगे - स्लीपर, चेयरकार और वंदे भारत मेट्रो। उसी प्रकार से आधुनिक और विकसित भारत की दिशा में अहमदाबाद-मुंबई बुलेट ट्रेन का काम तेजी से चल रहा है और करीब पूर्ण होने की ओर है।

70 साल से ज्यादा के सभी बुजुर्गों को आयुष्मान योजना में लाने का वादा

70 साल से ऊपर का हर बुजुर्ग, चाहे वो गरीब हो, मध्यम वर्ग का हो या फिर उच्च मध्यम वर्ग से ही क्यों न हो, उन्हें पांच लाख रुपये तक के मुफ्त इलाज की सुविधा मिलेगी।

हर महीने मुफ्त बिजली उपलब्ध कराएंगे: पीएम सूर्य घर मुफ्त बिजली योजना के माध्यम से हर महीने मुफ्त बिजली उपलब्ध कराई जाएगी। इससे इन परिवारों का बिजली बिल जीरो हो जाएगा।

तीन करोड़ महिलाओं को लखपति दीदी बनाने का वादा: एक करोड़ ग्रामीण महिलाओं को लखपति दीदी बनाकर सशक्त किया है। अब तीन करोड़ ग्रामीण महिलाओं को लखपति दीदी बनाएंगे।

पेपर लीक नियंत्रण के लिए कानून लागू करेंगे: घोषणापत्र में कहा गया है कि सरकारी भर्ती परीक्षाओं में अनियमितता को रोकने के लिए सख्त कानून बनाया है। अब, इस कानून को सख्ती से लागू करके, युवाओं के भविष्य के साथ खिलवाड़ करने वालों को कड़ी सजा देंगे।

एमएसपी में बढ़ोतरी: घोषणापत्र में कहा गया है कि प्रमुख फसलों के लिए एमएसपी में अभूतपूर्व वृद्धि की है। समयबद्ध तरीके से एमएसपी में वृद्धि को जारी रखेंगे।

सब्जी उत्पादन और स्टोरेज के लिए नए क्लस्टर बनाएंगे: अन्नदाताओं को जरूरी कृषि इनपुट प्रदान करके पौष्टिक सब्जियों का उत्पादन बढ़ाने के लिए प्रोत्साहन देंगे। साथ ही प्याज, टमाटर, आलू आदि जैसी आवश्यक सब्जियों के उत्पादन के लिए नए क्लस्टर स्थापित करेंगे। इन क्लस्टर्स में भंडारण और वितरण की सुविधाएं भी प्रदान करेंगे।

आयुष्मान योजना के दायरे में ट्रांसजेंडर भी होंगे: ट्रांसजेंडरों की जरूरतों को पूरा करने के लिए गरिमा ग्रह के नेटवर्क का विस्तार करेंगे। देश भर में ट्रांसजेंडर्स की पहचान सुनिश्चित करने के लिए पहचान पत्र जारी करेंगे एवं सभी पात्र ट्रांसजेंडर को आयुष्मान भारत के अंतर्गत कवर करेंगे।

हर घर नल से जल योजना का विस्तार: 14 करोड़ से अधिक परिवारों को जल जीवन मिशन के अंतर्गत नल से जल सुलभ हुआ है। इस योजना का और अधिक विस्तार किया जाएगा।

हर गरीब को पक्का घर देने की योजना जारी रहेगी: भाजपा सरकार ने गरीबों को चार करोड़ पक्के घर बनाकर दिए हैं। अब जो अतिरिक्त जानकारियां राज्य सरकारों से मिल रही हैं, उन परिवारों की भी चिंता करते हुए तीन करोड़ घर और बनाने का संकल्प।

कांग्रेस ने बीजेपी के घोषणा पत्र को बताया जुमला पत्र

एजेंसी

नई दिल्ली : विपक्ष ने भाजपा के घोषणापत्र को सिरे से खारिज किया है.प्रमुख विपक्षी पार्टियों ने बीजेपी के घोषणापत्र को हास्यास्पद और मनगढ़ंत बताया है. राहुल गांधी ने कहा कि बीजेपी के मेनिफेस्टो और नरेंद्र मोदी के भाषण से दो शब्द गायब हैं- महंगाई और बेरोजगारी. लोगों के जीवन से जुड़े सबसे अहम मुद्दों पर बीजेपी चर्चा तक नहीं करना चाहती. इंडिया का प्लान बिल्कुल स्पष्ट है- 30 लाख पदों पर भर्ती और हर शिक्षित युवा को एक लाख की पक्की नौकरी. युवा इस बार मोदी के झांसे में नहीं आने वाला, अब वो कांग्रेस का हाथ मजबूत कर देश में रोजगार क्रांति लाएगा. कांग्रेस नेता पवन खेड़ा ने बीजेपी के घोषणापत्र को लेकर कहा कि आपने 2014 में जो कहा था, आपने 2019 में उसका हिसाब नहीं दिया और 2019 में नए जुमले गढ़ दिए. और अब 2024 में आप 2047 की बात कर रहे हो. बीजेपी ने घोषणापत्र में लिखा है कि वे 2036 ओलम्पिक की मेजबानी करेंगे. आप उस समय कहां होंगे, क्या आप सरकार में होंगे?आपको पांच सालों का हिसाब देना चाहिए. वे बहुत झूठ बोलते हैं लेकिन अब वे इतना झूठ बोलने लगे हैं कि उनका अब कोई विश्वास नहीं करता. पीएम मोदी ने एक इंटरव्यू में कहा था कि मैं अपन बाल सफेद करता हूं, हुजूर आप सिर्फ बाल सफेद नहीं करते हैं, आप झूठ भी बड़े सफेदपोश ढंग से पेश करते हैं.तेजस्वी यादव ने बीजेपी के मेनिफेस्टो को लेकर कहा कि इस घोषणापत्र में कुछ नहीं है. सिर्फ इधर-उधर की बातें हैं. बिहार के लिए कुछ नहीं है. बिहार की गरीब जनता के लिए कुछ नहीं है.

बिहार के विशेष दर्जे को लेकर कुछ नहीं है. महंगाई पर घोषणापत्र में कुछ नहीं है. नौकरी का जिक्र नही है. एक भी नौकरी का वादा नहीं किया गया है. युवाओं के रोजगार पर बात नहीं है. गरीबों को मुफ्त अनाज कांग्रेस के समय में चला आ रहा है.

क्विक न्यूज

पुलिस ने ड्रग्स तस्कर को किया गिरफ्तार

नई दिल्ली : दिल्ली पुलिस के शाहदरा जिला की स्पेशल टास्क फोर्स ने एक कुख्यात ड्रग तस्कर को गिरफ्तार किया है। हरियाणा के फरीदाबाद से ड्रग लाकर दिल्ली के शाहदरा में सप्लाई करने वाले आरोपित से पुलिस ने 17 किलोग्राम से ज्यादा मात्रा में गांजा बरामद किया है। आरोपित की पहचान कृष्णन अरुण कुमार, इंद्रपुरी, नई दिल्ली के रूप में की गई है। वह मूलरूप से तमिलनाडु का रहने वाला है। पुलिस ने उसके खिलाफ एनडीपीएस की धारा के तहत मामला दर्ज किया है।शाहदरा जिला डीसीपी सुरेंद्र चौधरी ने बताया कि जिले में ड्रग सप्लायरों को ट्रैक करने से लेकर उनको पकड़ने के लिए स्पेशल टास्क फोर्स पूरी मुस्तैदी से काम कर रही है। इस कड़ी में एसटीएफ को 13 अप्रैल को एक गुप्त सूचना मिली थी कि जिले में भारी मात्रा में गांजे की सप्लाई होने जा रही है। इस सूचना के आधार पर शाहदरा एसीपी गुरुदेव सिंह की निगरानी में एक टीम का गठन किया गया।

एक ही परिवार के तीन सदस्यों की संदिग्ध परिस्थितियों में मौत

बराहनगर: उत्तर 24 परगना जिले के बराहनगर थाना अंतर्गत निरंजन सेन नगर इलाके में रविवार सुबह एक कमरे से एक ही परिवार के तीन सदस्यों का शव बरामद होने से इलाके में हड़कंप मच गया। मृतकों में परिवार का मुखिया शंकर हलदर (70), उनके बेटे बप्पा हलदर और पोता वर्ण हलदर शामिल हैं। पुलिस सूत्रों के अनुसार, पड़ोसियों से सूचना मिली कि निरंजन सेन सारणी के घर से सड़ांध की दुर्गंध आ रही थी। सूचना पाकर पुलिस पहुंची और बंद गेट का ताला तोड़कर अंदर दाखिल हुई तो देखा कि एक कमरे में युवक का लहूलुहान शव पड़ा हुआ है। बगल के कमरे में एक वृद्ध और एक अन्य युवक का शव पड़ा हुआ है। पता चला कि ये दादा-पोता हैं और जो एक शव बरामद हुआ है।वह लड़के का है।

चार बदमाश तीन कट्टा और 9 गोली के साथ गिरफ्तार

गुमला : पुलिस ने पटेल चौक के नजदीक लूटपाट की घटना को अंजाम देने पहुंचे चार बदमाशों को हथियार के साथ गिरफ्तार किया है। गिरफ्तार आरोपितों के नाम मुन्ना साहू, सूरज कुमार सिंह, शुभम कुमार और बबलू साहू है। सभी जिले के घाघरा थाना क्षेत्र के चपका के रहने वाले हैं। इनके पास से तीन देशी कट्टा, .303 एमएम की चार गोली, .315 एमएम की तीन गोली और 12 बोर का दो गोली पुलिस ने बरामद की है।गुमला एसपी शंभु कुमार सिंह ने रविवार को पत्रकारों को बताया कि शनिवार रात सूचना मिली कि गुमला थाना क्षेत्र के पटेल चौक के पास चार संदिग्ध व्यक्ति बैठे हुए हैं। सूचना पर गुमला थाना प्रभारी सुरेंद्र सिंह अपने टीम के साथ मौके पर पहुंचे तो चारों बदमाश भागने लगे। पुलिस बल ने सभी को पकड़ लिया। तलाशी के क्रम में तीन देशी कट्टा, 9 गोली बरामद की। बदमाशों ने पूछताछ में बताया कि वह पहले भी कई आपराधिक घटनाओं को अंजाम दे चुके हैं। सभी पहले आर्म्स एक्ट, लूट, चोरी समेत कई अपराध में जेल जा चुके हैं।

इस्राइल पर ईरान के हमले के बाद भारत का अलर्ट, लोगों से धैर्य बरतने व सुरक्षित रहने को कहा

नई दिल्ली : इस्राइल पर ईरान के हमले के बाद इस्राइल स्थित भारतीय दूतावास ने अपने नागरिकों के लिए नई एडवाइजरी जारी की है। एडवाइजरी में भारतीय नागरिकों को शांत रहने और सभी सेफ्टी प्रोटोकॉल का पालन करने का निर्देश दिया गया है। अभूतपूर्व हमले में ईरान और उसके सहयोगियों ने इस्राइल पर शनिवार को 330 मिसाइलों और ड्रोन्स से हमला किया। यह हमला इस्राइल द्वारा दमिश्क में कथित तौर पर ईरान के राजनयिक मिशन पर हमले के जवाब में किया गया। इस्राइल के हमले में कई लोगों की मौत हुई थी, जिनमें ईरान के दो शीर्ष कमांडर भी मौजूद थे।

रांची का तापमान

अधिकतम	35°
न्युनतम	20°

राजस्थान में भीषण सड़क हादसा, 7 लोग जिंदा जले

एजेंसी

सीकर (राजस्थान) : सीकर जिले में बड़ा सड़क हादसा हो गया. यहां जयपुर-बीकानेर राष्ट्रीय राजमार्ग पर एक कार आगे चल रहे ट्रक में जा घुसी. इससे दोनों वाहनों में जबर्दस्त आग लग गई. आग ने देखते ही देखते दोनों वाहनों को पूरी तरह से अपनी चपेट में ले लिया. इससे दोनों वाहन जलकर खाक हो गए और उनमें सवार सात लोग जिंदा जल गए. राजमार्ग पर हुए इस हादसे के बाद पुलिस प्रशासन में हड़कंप मच गया. कार सवार लोग उत्तर प्रदेश के बताए जा रहे हैं. मृतकों में दो बच्चे भी शामिल हैं. पुलिस के अनुसार दिल को दहला देने वाला यह हादसा सीकर के फतेहपुर कोतवाली इलाके में रविवार को दोपहर में हुआ. वहां जयपुर-बीकानेर राष्ट्रीय राजमार्ग पर फतेहपुर बाईपास के पास यह हादसा हुआ. एक कार तेज गति से आते हुए आगे चल रहे ट्रक में जा घुसी. इससे वहां तेज धमाका हुआ और दोनों वाहनों में आग लग गई. धमाके की आवाज सुनकर लोग चौंक गए. कोई कुछ समझ पाता उससे पहले ही कार और ट्रक आग की लपटों में घिर गए. आग इतनी भीषण थी कि लोग कुछ नहीं कर पाए. हालांकि यह इलाका फतेहपुर कस्बे से बिल्कुल सटा हुआ है और यहां अच्छी खास चहल पहल रहती है. हादसे की सूचना मिलते ही फतेहपुर पुलिस मौके पर पहुंची और भीड़ को वहां से हटवाया. बाद में फायर बिग्रेड पहुंची. लेकिन तब तक सबकुछ खत्म हो चुका था. थोड़ी ही देर में कार और ट्रक में सवार सात लोग लोगों के सामने ही जिंदा जल गए.

भाजपा प्रत्याशी गीता कोड़ा का ग्रामीणों ने किया उग्र विरोध

प्रभात मंत्र संवाददाता

गम्हरिया : सिंहभूम की भाजपा प्रत्याशी गीता कोड़ा को मोहनपुर गांव में ग्रामीणों के भारी विरोध का सामना करना पड़ा। उंक्त गांव में भाजपा और झामुमो कार्यकर्ताओ में हाथापाई तक की नौबत आ गई। सूचना मिलते ही गम्हरिया बीडीओ और थाना प्रभारी दलबल के साथ वहां पहुंचे और मामले को शांत कराते हुए सांसद और भाजपा कार्यकर्ताओं को वापस उंक्त गांव से निकाला। गौरतलब है कि रविवार को गम्हरिया मंडल के मोहनपुर क्षेत्र में भाजपा प्रत्याशी गीता कोड़ा का दौरा प्रस्तावित था। निर्धारित समय के अनुसार गीता कोड़ा भाजपाइयों के साथ मोहनपुर पहुंची। हालांकि इससे पूर्व उन्होंने मंडल के अन्य गांव का दौरा किया और अपने लिए मतदान करने की अपील भी की। जैसे ही भाजपाइयों का काफिला मोहनपुर पहुंचा कि ग्रामीण उग्र हो उठे और गीता कोड़ा का रास्ता रोक दिया। इस दौरान ग्रामीण पारंपरिक हथियारों से लैस थे और लगातार गीता कोड़ा के विरोध में नारेबाजी कर रहे थे। इस दौरान उंक्त गांव के युवा, महिला व पुरुष सभी ग्रामीण भाजपा के खिलाफ

नारेबाजी करते नजर आए। ग्रामीणों का कहना था कि बगैर ग्राम सभा से अनुमति लिए चुनाव प्रचार में भाजपाई कैसे पहुंच गए। यह उनकी परंपरा के खिलाफ है। हालांकि, समय रहते प्रशासनिक अधिकारी और पुलिस मौके पर पहुंची और ग्रामीणों को समझा बुझा कर शांत कराते हुए उनके चंगुल से गीता कोड़ा और भाजपाइयों को छुड़ाया। इसके बाद गीता कोड़ा के गम्हरिया प्रखंड में प्रस्तावित सभी दौरे को रद्द कर दिया गया। इस दौरान भाजपा के कद्दावर नेता गणेश महाली, प्रखंड अध्यक्ष अमित सिंहदेव, महिला जिलाध्यक्ष रश्मि साहू समेत दर्जनों भाजपा कार्यकर्ता मौजूद थे। घटना की जानकारी मिलने पर पूर्व मुख्यमंत्री मधु कोड़ा गम्हरिया पहुंचे और घटना की निंदा की। इस मामले में पचास से ज्यादा अज्ञात ग्रामीणों की विरुद्ध प्राथमिकी दर्ज कराई।

मुख्यमंत्री चंपाई सोरेन की सुरक्षा में चूक, सिर पर गिरा तोरण द्वार

प्रभात मंत्र संवाददाता

सरायकेला: झारखंड के मुख्यमंत्री चंपई सोरेन रविवार शाम आदित्यपुर स्थित एक निजी होटल में लोकसभा चुनाव को लेकर महागठबंधन की आयोजित बैठक में पहुंचे. इस दौरान तोरण द्वार सीएम के ऊपर गिर गया. तोरण द्वार गिरने से सीएम चंपई सोरेन को हल्की चोटें आई हैं. सरायकेला के आदित्यपुर में सीएम बैठक के बाद होटल के हॉल से बाहर निकल रहे थे. मुख्यमंत्री जैसे ही गेट से बाहर निकले उनके ऊपर फूल से सजा तोरण द्वार गिर गया. जिसकी वजह से मुख्यमंत्री को हल्की चोट लगी. घटनाक्रम के अनुसार महागठबंधन दल की बैठक समाप्त कर जब मुख्यमंत्री बैंक्विट हॉल के गेट से बाहर निकल रहे थे, तभी गेट के पास तोरण द्वार लगा था, मुख्यमंत्री को सुरक्षा घेरे में रखा गया था, इस बीच किसी ने गेट को अंदर की जगह बाहर खोल दिया. जिसकी वजह से उनके सिर पर तोरण द्वार गिर गया.इस घटना के बाद तुरंत मुख्यमंत्री को होटल के कमरे में ले जाया गया, जहां मेडिकल टीम द्वारा उनका प्राथमिक उपचार किया गया. होटल के बैंक्वेट हॉल के बाहर सजे तोरण द्वार में फोम फूल और पत्ती सजी थी, जिसके चलते मुख्यमंत्री के सर पर गंभीर चोट नहीं लगी, हालांकि इस घटना के बाद कुछ देर के लिए वहां अफरा तफरी का माहौल देखा गया.

मतदाताओं को मतदान के लिए करें प्रेरित : के.रवि कुमार

प्रभात मंत्र संवाददाता

रांची : मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी के.रवि कुमार ने कहा कि लोक सभा निर्वाचन के समय काफी गर्मी रहने वाली है। इसे देखते हुए मतदाताओं एवं मतदान कर्मियों के लिए सभी मतदान केंद्रों पर भारत निर्वाचन आयोग के निर्देशानुसार पेयजल, शौचालय, रनिंग वाटर, बिजली, शेड जैसी न्यूनतम सुविद्याएँ उपलब्ध रहेंगी। साथ ही सभी मतदान केंद्रों पर वरिष्ठ एवं

दिव्यांग मतदाताओं की सहायता के लिए वॉलेंटियर नियुक्त किये गए हैं। उन्होंने कहा कि नैतिक मतदान को बढ़ावा देने के लिए बूथ लेवल अवेरनेस ग्रुप भी बनाया गया है।वे सिसई के राज्यकीयकृत उत्क्रमित मध्य विद्यालय भुसरी स्थित मतदान केंद्र संख्या 20 एवं 21, राज्यकीयकृत मध्य विद्यालय लावागंई चेगरी स्थित मतदान केंद्र संख्या 22 एवं 23, बिशुनपुर के सामुदायिक भवन बोरांग स्थित मतदान केंद्र संख्या 109 एवं बिशुनपुर के राजकीय मध्य विद्यालय कटिया स्थित मतदान केंद्र संख्या 108 के निरीक्षण के क्रम में बूथ अवेयरनेस ग्रुप, वॉलेंटियर्स एवं बीएलओ से मिलकर उनके निर्वाचन संबंधित जबाबदेहियों से अवगत कराते हुए उनका संवेदीकरण कर रहे थे।

बॉलीवुड अभिनेता सलमान खान के घर पर फायरिंग

एजेंसी

मुंबई : बॉलीवुड के दबंग सलमान खान पर एक बार फिर जानलेवा हमले की कोशिश हुई है. दो अज्ञात बाइकसवारों ने रविवार को एक्टर के घर गैलेक्सी अपार्टमेंट के बाहर फायरिंग की. 5 राउंड फायरिंग में 1 गोली नीचे गिरी. बाकी की 3 दीवार पर और एक गोली बालकनी के नेट को चीरते हुए घर के अंदर घुसी. हालांकि कोई हताहत नहीं हुआ है. सलमान और उनका परिवार बिल्कुल ठीक है.मगर इस घटना ने फैंस के रोंगटे खड़े कर दिए हैं. हर कोई सलमान को लेकर परेशान हो रहा है. फिल्मों और राजनीतिक जगत से एक्टर के करीबी लोग उनके घर मिलने पहुंच रहे हैं. इस पूरी घटना पर सलमान ने तो अभी तक कुछ नहीं बोला है. लेकिन उनके पिता सलीम खान का रिएक्शन आया है. उन्होंने फैंस को परेशान ना होने को कहा है. परेशानी की कोई बात नहीं है. सलीम खान ने अपने बयान से साफ कर दिया है कि सलमान को नुकसान पहुंचाने वाले उनके नाम से बस पब्लिसिटी कमाना चाहते हैं. सलीम खान हर मौके पर बेटे की ढाल बनकर खड़े रहे हैं.

असर्फी हॉस्पीटल,धनबाद
हर साल सिर्फ एक बार जाँच । रोग नहीं, रोकथाम जरूरी।।
Basic Health Check-up ₹999 Onwards 33 Tests
Master Health Check-up ₹2999 Onwards 57 Tests
Cardiac Care Package ₹4999 Onwards 61 Tests
Full Body Health Check-up ₹9999 Onwards 84 Tests
78083 68888 | www.asarfihospital.com

बाबा साहब डॉ. भीमराव अंबेडकर की जयंती मनाई गई

प्रभात मंत्र संवाददाता

गढ़वा : भारत रत्न डा. भीमराव अम्बेदकर की जयंती रविवार को गढ़वा में विभिन्न स्थानों पर मनायी गयी। इस मौके पर समाहरणालय के सभागार में उपायुक्त शेखर जमुआर द्वारा डॉ. अम्बेदकर की तस्वीर पर माल्यार्पण एवं पुष्प अर्पित कर श्रद्धा सुमन अर्पित किया गया। इधर भारतीय जनता पार्टी गढ़वा नगर मंडल इकाई द्वारा अध्यक्ष उमेश कश्यप की अध्यक्षता में टैक्सी बस स्टैंड दानरो नदी के किनारे एवं सहीजना मोड पर डा. अम्बेदकर की प्रतिमा की साफ-सफाई कर माल्यार्पण किया गया। मौके पर जिलाध्यक्ष ठाकुर प्रसाद महतो, नगर मंडल अध्यक्ष उमेश कश्यप, महामंत्री यशवंत कुमार मिश्रा, राकेश शंकर गुप्ता, सूरज गुप्ता, भगत सिंह, विनय चौबे, विनय चन्द्रवंशी, अरविंद तूफ़ानी, ब्रजेश उपाध्याय, विजय केसरी, रविंद्र जायसवाल समेंत बड़ी संख्या में लोग उपस्थित थे। इधर अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद गढ़वा नगर इकाई द्वारा भारत रत्न बाबा साहब भीमराव अम्बेदकर की जयंती पर उमंग वाटिका के प्रांगण में विचार संगोष्ठी एवं माल्यार्पण का आयोजन किया गया। मौके पर विद्यार्थी परिषद के प्रदेश सह मंत्री निशांत चतुर्वेदी, जिला प्रमुख प्रोफेसर मनीष तिवारी, प्रदेश कार्यकारणी सदस्य कुमार शुभेन्द्र, नगर सह मंत्री सुगंध कुमार बघेल, मनीष तिवारी, कुमार सुभेन्द्र, सनी, मनोहर कुमार सहित बड़ी संख्या में विद्यार्थी उपस्थित थे।

लेस्लीगंज में धूमधाम से मनी डॉ. भीम राव अंबेडकर की जयंती

प्रभात मंत्र संवाददाता

नीलांबर पितांबरपुर : प्रखंड में बड़े ही हर्ष एवं धूमधाम से संविधान निर्माता बोधिसत्व बाबा साहब डॉक्टर भीमराव अंबेडकर की 133वीं जयंती रविवार को मध्य विद्यालय लेस्लीगंज में मनाया गया। कार्यक्रम की शुरुआत बाबा साहब की तस्वीर पर दीप प्रज्वलित पुष्प अर्पित कर किया गया जिसका अध्यक्षता व संचालन सरजू राम ने किया 7इस बिच कई पंचायत से झांकी व शोभा यात्रा निकाली गई इस जयंती कार्यक्रम को लेकर लोगों में काफी उत्साह देखी गई एक से बढ़कर एक वक्ताओं ने बाबा साहेब के जीवनी को बताया की बाबा साहब व्यक्ति नहीं विचार का नाम है उन्होंने ऐसा शिक्षा ग्रहण किया कि देश नहीं बल्कि विश्व में नाम रौशन हुआ और संविधान में सभी वर्गो को बराबर मान सम्मान दिया साथ ही कहा कि बाबा साहेब के पद चिन्हो पर चलकर आगे बढ़ने कि जरूरत है शिक्षित बनों संगठित रहो और संघर्ष करो का नारा बाबा साहब ने सोच समझकर यह नारा दिया था की सबसे पहले शिक्षित बनो और जब शिक्षित हो जाओगे तो संगठित हो उसके बाद संघर्ष कर बाबा साहब का सपना सकार किया जा सकता है।

संविधान निर्माता बाबा साहब डॉ.भीमराव अंबेडकर की मनाई गई जयंती

केतार(प्रभात मंत्र संवाददाता): भारतीय संविधान निर्माता बाबा साहब डॉ भीमराव अंबेडकर की जयंती रविवार को धूमधाम से जुलूस निकालकर उनके अनुयायियों ने मनाया। उक्त जुलूस बाजार में अवस्थित बाबा साहब की प्रतिमा से गाजे-बाजे के साथ जय भीम जय संविधान का नारा लगाते हुए कोल मोड अंबेडकर प्रतिमा तक पहुंचा। इस दौरान दोनों जगहो पर विध्वत माल्यार्पण कर नमन किया गया। साथ ही अंत में उनके अनुयायियों ने केक काटकर जन्म जयंती की खुशियां मनाई गई। इस मौके पर समाजसेवी अजय वर्मा, शिवकुमार सिंह, बिंदु राम, अनुज राम, समरेश राम सहित अन्य लोग शामिल थे।

सत्संग उपासना केंद्र उर्जितपा के प्रांगण में सत्संग का किया गया आयोजन

बंशीधर नगर(प्रभात मंत्र संवाददाता): श्री श्री ठाकुर अनुकूलचन्द्र जी के अनुयायियों द्वारा जंगीपुर ग्राम स्थित सत्संग उपासना केंद्र उर्जितपा के प्रांगण में सत्संग का आयोजन किया गया। सत्संग का शुभारंभ बन्देपुरुषोतम ध्वनि,शंख ध्वनि के बीच दीप प्रज्वलित कर किया गया। इसके बाद सामुहिक रूप से नाम जप, सत्यानु शरण ग्रंथ व नारी नीति ग्रंथ का पाठ किया गया.सत्संग में रामा देवी, गीता देवी, अनिता देवी व धृतिसुन्दर लाल ने भक्ति मूलक भजन प्रस्तुत किया.इष्टचर्चा करते हुये ऋत्विक विजय नंदन सिन्हा ने कहा कि मनुष्य दीक्षा ग्रहण कर वर्तमानश्री श्री ठाकुर जी को प्राप्त करता तथा दक्ष हो जाता है। धृतिदीप ने श्री श्री ठाकुर जी के जीवनी पर प्रकाश डालते हुये कहा कि श्री श्री ठाकुर जी के जीवन से लाभान्वित होकर मनुष्य परिवार व समाज को लेकर अग्रसर होता है.सत्संगी शक्तिदास सिन्हा ने कहा कि मनुष्य को अहंकारी नही होना चाहिये। अहंकार से आशक्ति आती है तथा आशक्ति से स्वार्थ बुद्धि आ जाती है। स्वार्थ की पूर्ति नही होने से क्रोध की उतपति होती है, जिससे हिंसा की भावना उतपन्न हो जाती है.ठीक इसके विपरीत मनुष्य को भक्ति का मार्ग अपनाना चाहिये.सत्संग का संचालन कर रहे ऋत्विक धृतिसुन्दर लाल ने कहा कि सभी जीवों को अपना समझना चाहिये। यह भाव भक्ति के द्वारा प्राप्त होता है। उन्होंने कहा कि आत्म बोध के द्वारा प्रेम आता है। सत्संग में राकेश दा, शिवम, प्रीतम, दीप माला, चंचला गुप्ता, अनुष्का, तनुप्रिया, सुप्रिया, दयामयी सहित अन्य उपस्थित थे।

एमएसए स्कूल में संविधान निर्माता डॉ. अम्बेडकर की मनी जयंती

भारत देश के संविधान निर्माता थे अम्बेडकर : मो. शफीक अंसारी

प्रभात मंत्र संवाददाता

मेदिनीनगर : शफीक एजुकेशनल एंड वेलफेयर ट्रस्ट द्वारा संचालित एमएसए पब्लिक स्कूल में आज देश के संविधान निर्माता भारतरत्न से सम्मानित डा.भीमराव अम्बेडकर का जयंती समारोह पूर्वक मनाया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ शफीक सर ने बाबा साहेब के चित्र पर पुष्प अर्पित व दीप प्रज्वलित कर किया। जयंती समारोह में बाबा साहेब के संघर्ष भरी जिंदगी का व्याख्या करते हुए स्कूल संस्थापक सह अध्यक्ष मों शफीक अंसारी ने कहा कि डॉ. भीमराव अम्बेडकर बाबा साहेब ने शिक्षा को हमेशा सर्वोपरि माने, वो कहते थे कि शिक्षा से हर लड़ाई लड़ी और जीती जा सकती है। शफीक सर ने कहा बाबा साहेब द्वारा लिखे गए संविधान के आधार पर ही आज हम लोगों को बोलने, चलने और अपने अधिकार के लड़ाई लड़ने की आज़ादी प्राप्त हुई है। यह देन बाबा भीमराव अंबेडकर का ही है। भीमराव आंबेडकर का एक ही सपना था कि सभी शिक्षित हों, एकजुट हों, संघर्षशील बने और आज यह सपना साकार होते हुए नजर आ रहा है। मौके पर स्कूल के उप प्राचार्य सह सचिव अफज़ल शफीक ने कहा कि दलितों और वंचितों को बराबरी का हक दिलाने का काम अंबेडकर ने ही किया। आज हम उनके विचार व उनके आदर्शो के पथ पर चलें तो यही उनके लिए सच्ची श्रद्धांजलि होगी। कार्यक्रम का अध्यक्षता प्राचार्या सुनीता प्रसाद कर रहें थे। कार्यक्रम में शिक्षक नवल किशोर सिंह, राहुल पाण्डेय, किशन कुमार, खुशबू सोनी, घुंघरू सिंह, तनीषा सिंह, सुहैल आलम, स्मृति स्नेहा सिंह, खुशी शर्मा, बबीता शर्मा, आशा कुमारी, स्वेता टोप्पो सहित कई अन्य उपस्थित थे।

एके सिंह कॉलेज जपला में ज्योतिबा फुले की जयंती पर छात्र सेमिनार का आयोजन

प्रभात मंत्र संवाददाता

हुसैनाबाद, पलामू : आधुनिक भारत के निर्माता, क्रांति ज्योति महात्मा ज्योतिबा फुले की जयंती के अवसर पर शनिवार को एके सिंह कॉलेज जपला में छात्र - सेमिनार का आयोजन हुआ। कार्यक्रम का संचालन छात्र शशि रंजन ने किया। प्राचार्य सूर्य मणि सिंह ने अपने संबोधन में कहा कि ज्योतिबा फुले ने सत्यशोधक समाज और सार्वजनिक सत्यधर्म की स्थापना द्वारा समाज में व्याप्त विषमता, विसंगति एवं अंधविश्वास पर सीधा प्रहार किया। एकेडमिक इंचार्ज डॉक्टर राम सुभग सिंह ने कहा कि अपनी पुस्तक गुलामगिरी द्वारा फुले ने शूद्रों, अतिशूद्रों एवं नारियों को हिंदू धर्म एवं इसके ग्रंथो की मानसिक गुलामी से मुक्त होने की आहवान किया। फुले दंपति ने भारत में नारी शिक्षा का द्वार खोला और पहली बार लड़कियों ने स्कूल का मुंह देखा। दिव्या कुमारी ने कहा की किसान का कोड़ा लिखकर फुले ने किसानों की समस्याओं से देश को अवगत कराया। मुसर्रत प्रवीण ने कहा कि फुले ने विधवाओं के बाल काटे जाने का विरोध किया और पुणे में नाइयों की हड़ताल करवा दी। अन्य वक्ताओं में शुभम प्रकाश, कुशवाहा प्रकाश वर्मा, जयचंद पटेल, आरूषी कुमारी थे। महात्मा फुले डॉक्यूमेंट्री फिल्म का प्रदर्शन किया गया। इस गोष्ठी में 70-80 छात्र-छात्राएं उपस्थित थे। कार्यक्रम में मुख्य रूप से आइ0क्यू0ए0सी0 समन्वयक प्रोफेसर अरुण कुमार सिंह, प्रोफेसर राहुल कुमार सिंह, एनएसएस कार्यक्रम पदाधिकारी प्रोफेसर राजेश कुमार सिंह, डॉक्टर आलोक रंजन कुमार, शिव कुमार विश्वकर्मा, ओम प्रकाश सिंह आदि शामिल थे।

अवैध बालू लदे चार ट्रैक्टर को हैदरनगर बीडीओ ने किया जप्त, कारोबारियों में हड़कंप

हुसैनाबाद, पलामू(प्रभात मंत्र संवाददाता): सोशल मीडिया में परता पंचायत के कबरा खुर्द बालू घाट से अवैध रूप से बालू बिक्री किये जाने की खबर पर संज्ञान लेते हुए हैदरनगर बीडीओ विजय प्रताप मालवा ने कबरा खुर्द बालू घाट से अवैध बालू लदे चार ट्रैक्टर को पकड़कर जप्त किया है।इससे बालू के अवैध कारोबारियों में हड़कंप है। बीडीओ ने अग्रेतर कार्रवाई हेतु खनन विभाग को सूचित कर दिया है।बीडीओ ने बताया कि उन्हें गुप्त सूचना के आधार पर मालूम हुआ कि एक ही चालान पर एक ट्रैक्टर दिनभर बालू का परिवहन कर रहा है। इसके बाद उन्होंने कैटेगरी-1के तहत चिन्हित कबरा खुर्द के सोन नदी घाट पर अवैध बालू लदे चार ट्रैक्टर को जप्त किया। जिन दो ट्रैक्टरों को जप्त किया गया है, उनके पास शनिवार का चालान न होकर पूर्व की तिथि का चालान था। साथ ही कई चालान पर तारीख और समय पर ओवर राइटिंग किया हुआ है। बीडीओ ने बालू के इस अवैध उत्खनन के खिलाफ खनन विभाग एवं डीटीओ पलामू को अग्रेतर कार्रवाई हेतु प्रेषित कर दिया है। बताया जा रहा है कि अवैध बालू लदे दो ट्रैक्टर ऊंची पहुंवालों की है जिसे छोड़ने हेतु मगजमारी चल रही है।

अंबेडकर के सिद्धांतों पर चलकर ही होगा समता मूलक समाज का निर्माण : अविनाश देव

प्रभात मंत्र संवाददाता

मेदिनीनगर : संविधान निर्माता एवं भारत रत्न डा. भीमराव अंबेडकर की जयंती संत मरियम आवासीय विद्यालय परिसर में उत्साह व सादगीपूर्ण मनाई गई। विद्यालय के चेयरमैन श्री अविनाश देव, प्रधानाचार्य श्री कुमार आदर्श, उपप्राचार्य एस.वी. साहा समन्वयक रिजवाना प्रवीण, अमरेंद्र सर श्याम सर ललन प्रजापति व अन्य शिक्षकों ने दीप प्रज्वलित व पुष्पांजलि अर्पित किया। वहीं कई बच्चे जैसे प्रणीत, अमित, रौनक, जूही, वारिस व अन्य को संविधान की पुस्तक भी भेंट की गई। मौके पर बच्चों और शिक्षकों को संबोधित करते हुए श्री देव ने भीमराव आंबेडकर के जीवन से लेकर उनके कार्य क्षेत्र व उनकी उपलब्धियों की जानकारी साझा करते हुए कहा कि आंबेडकर ने जाति प्रथा का पूर्ण रूप से उन्मूलन कर इंसानियत की नींव रखी। उनमें गांधी का सपना और महात्मा बुद्ध की करुणा दोनों थी। अंबेडकर संविधान निर्माता के साथ प्रख्यात शिक्षाविद् व समाज सुधारक भी थे साथ ही इन्होंने कहा की अंबेडकर के सिद्धांतों पर चलकर ही होगा समता मूलक समाज की संरचना इसीलिए बाबा भीमराव के विचारों को आगे बढ़ाने की आवश्यकता।

सेकंड स्कूल इंस्टीट्यूट का गढ़वा में किया गया शुभारंभ

प्रभात मंत्र संवाददाता

गढ़वा : गढ़वा शहर में रविवार को सेकंड स्कूल इंस्टीट्यूट का शुभारंभ किया गया।सेकेंड स्कूल इंस्टीट्यूड का शुभारंभ कचहरी रोड़ स्थित अली काम्प्लेक्स गढ़वा में मुख्य अतिथि सीआरपीएफ 172 बटालियन गढ़वा के कमांडेंट नृपेन्द्र कुमार सिंह एवं सेकेंड स्कूल के संस्थापक ऋषिकेश पान्डे एवम् सेकेंड स्कूल गढ़वा के फेंचाइजी पार्टनर राष्ट्रीय तिरंगा सम्मान समारोह के आयोजक सह अनेक निशुल्क बैंक के संस्थापक शौकत खान, पार्टनर डाक्टर स्वेता प्रिया और सम्मी खान ने संयुक्त रूप से फिता काटकर किया। इस अवसर पर मुख्य अतिथि कमांडेंट एन के सिंह ने अपने संबोधन में कहा कि यहां का व्यवस्था देखकर और यहां के शिक्षक से मिलकर मैं दावे के साथ कह सकता हूं कि अब गढ़वा के बच्चे घर बैठे अपने सपने साकार कर सकते है। अब पढ़ने के लिए उन्हें कोटा, दिल्ली, मुंबई, रांची, पटना जाने कि जरुरत नहीं पड़ेगी। क्योंकि समाजसेवी शौकत खान और ऋषिकेश पान्डे जो समाज से जुड़े हुए व्यक्ति हैं। इनके द्वारा गढ़वा जिले में जेई, निट, एनडीए, ग्यारहवीं बारहवीं, नौवीं दसवीं के छात्र छात्राएं कुशल और अनुभवी शिक्षक के द्वारा कम पैसों में उच्च कोटि का शिक्षा ग्रहण कर सकते है।इस ऐतिहासिक सोच के लिए हम शौकत खान और इनके परिवार जनों के साथ ऋषिकेश पान्डे को शुभकामनाएं और बधाई देते हैं।वहीं सेकंड स्कूल के संस्थापक ऋषिकेश पांडेय ने बताया कि उनके द्वारा पलामू में पहला इंस्टीट्यूट का शुरुआत किया गया है और हमारे यहां से शिक्षा ग्रहण कर रहे कई बच्चों ने टॉपर बनकर हमारे मेहनत को सफल बना दिया। उसी कड़ी में समाजसेवी शौकत खान, डॉ स्वेता प्रिया, सम्मी खान के साथ मिलकर गढ़वा में अपना सेकंड स्कूल इंस्टीट्यूट का फेंचाइजी का शुभारंभ किया है।उन्होंने कहा कि गढ़वा के बच्चों का शिक्षा के प्रति उत्साहित देखकर मैं काफी उत्साहित हो गया हुं। क्योंकि उद्घाटन से पहले ही गढ़वा में पांच सौं अधिक बच्चों ने अपना नामांकन कराया है। वही तिरंगा वाले शौकत खान ने बताया कि मैंने अपना जीवन समाज हित के लिए समर्पित कर दिया हूँ। गढ़वा जिले के लोगों के लिए जो भी जरूरत मुझे महसूस होता है, मैं उस कमी को पुरा करने का प्रयास करता हूं। मैंने महसूस किया कि जिले के बहुत सारे छात्र-छात्राएं उच्च शिक्षा प्राप्त करने अपने परिजनों से दुर दूसरे शहरों में जा कर लाखों रुपए खर्च करते है। वर्षो से मेरे मन ख्वाहिस था।जो आज पूरा हुआ। यहाँ अनुभवी शिक्षक को लाया गया है। सभी क्लाश रुम वातानुकूलित बनाया गया है। छात्र छात्राओं के लिए अलग-अलग लाइब्रेरी कि व्यवस्था किया गया है। जहां बच्चे अच्छे माहौल में शिक्षा ग्रहण कर सकते हैं।मौके पर गढ़वा के गणमान्य लोग के साथ साथ छात्र छात्राएं व उनके अभिभावक व शिक्षकगण उपस्थित थे।

देवी माँ की मंदिर प्राण प्रतिष्ठा को लेकर भव्य कलश यात्रा का आयोजन

हुसैनाबाद, पलामू(प्रभात मंत्र संवाददाता): हुसैनाबाद प्रखंड के महुअरी पंचायत के मिरहीयाडीह गांव में नव निर्मित देवी मंदिर प्राण प्रतिष्ठा को लेकर गाजे-बाजे के साथ कलश यात्रा निकाली गई। कलश यात्रा मंदिर से शुरू होकर एसबीएस महाविद्यालय, सैदाबाद, स्टेशन रोड व जेपी चौक होते हुए देवरी सोननदी पहुची। यहां हिमांचल मिश्र व सूर्यकांत पाठक जी महाराज ने मंत्रोंच्चारण के साथ कलश में जलभरी कराया। माथे पर कलश में जल लिये श्रद्धालु मंदिर लौटे। इनके जयकारे से आसपास का क्षेत्र गूंज उठा।आयोजन समिति के राजू सिंह, श्रवण मेहता, राहुल सिंह, गुड्डू मेहता, संतोष मेहता, पप्पू मेहता, सतीश मेहता, अमित मेहता, सुदेश्वर मेहता आदि ने बताया कि 14 अप्रैल को नगर भ्रमण, 15 अप्रैल को देवी मां की प्राणप्रतिष्ठा, पूर्णाहुति व रात्रि में अखंड-किर्तन व हरि भजन का आयोजन रखा गया है।16 अप्रैल को भंडारे के साथ इस धार्मिक अनुष्ठान की पूर्णाहूति होगी। कलश यात्रा में मुख्य रूप से भाजपा के वरीय नेता विनोद कुमार सिंह, बिधायक प्रतिनिधि अजित सिंह, कर्नल संजय सिंह, राजद के युवा नेता रवि यादव, डॉ0 शिव प्रसाद मेहता, बिनय पासवान, बिमलेश पासवान, लालधन ठाकुर, तृप्ति सिंह, अनिमेष अग्रवाल, बिनय कुमार मेहता समेत सैकड़ो की संख्या में धर्म प्रेमी श्रद्धालु मौजूद थे।

विद्या भारती द्वारा एकदिवसीय संकुल प्रमुख व संकुल संयोजकों की बैठक का किया गया आयोजन

प्रभात मंत्र संवाददाता

बंशीधर नगर : स्थानीय सरस्वती विद्या मंदिर में विद्या भारती द्वारा एकदिवसीय संकुल प्रमुख व संकुल संयोजकों की बैठक का आयोजन किया गया.बैठक का शुभारंभ भारत माता, और मां सरस्वती के चित्र के समक्ष दीप प्रज्वलन और पुष्पार्चन कर अखिल भारतीय मंत्री ब्रह्मा जी राव, विद्या विकास समिति के उपाध्यक्ष सतीश्वर प्रसाद सिंह, प्रदेश सचिव अजय कुमार तिवारी ने संयुक्त रूप से किया.इस बैठक के उद्देश्य पर प्रकाश डालते हुये प्रदेश सचिव अजय कुमार तिवारी ने कहा कि संकुल संरचना विद्यालयों के विकास के लिये अहम है। संकुल विद्यालय संसाधनों का मिलकर उपयोग करें. संकुल का प्रमुख कार्य विद्यालय का शैक्षणिक उत्कर्ष करना है। उन्होंने कहा कि संकुल प्रमुख एवं संकुल संयोजक में कार्यकर्ता निर्माण की प्रवृत्ति होना चाहिये। नये कार्यकर्ता को प्रेरित कर कार्य में संलग्न करना चाहिये और उन्हें हर संभव सहयोग भी प्रदान करना चाहिये. कार्यक्रम को संबोधित करते हुये अखिल भारतीय मंत्री ब्रह्मा जी राव ने कहा कि संकुल विद्यालय अखिल भारतीय स्तर से बनी योजनाओं का अपने विद्यालयों में क्रियान्वयन करना सुनिश्चित करें, जिससे संकुल योजना का मूल उद्देश्य की पूर्ति हो. इसके लिये समय-समय पर प्रयोग बैठक एवं कार्यशाला करना चाहिये. संकुल प्रमुख को अपने विद्यालय के अतिरिक्त संकुल में संचालित समस्त विद्यालयों का चिंतन करना चाहिये.संकुल केंद्र आदर्श विद्यालय बने इसे भी प्रेरित करना चाहिये। बैठक में कुल 39 संकुल से संकुल प्रमुख और संकुल संयोजक उपस्थित थे.कार्यक्रम में पूर्णकालिक कार्यकर्ता अखिलेश कुमार, फणींद्रनाथ, राजेश प्रसाद, ओम कार प्रकाश सिंहा, सुरेश मंडल, विवेक नयन पांडेय ,तुलसी प्रसाद ठाकुर, रमेश कुमार, ब्रेन कुमार टुडू और ब्रजेश कुमार सिंह, विद्यालयों के प्रधानाचार्य और आचार्य विषय प्रमुख के रूप में उपस्थित थे।

एक हाथ में हॉकी स्टिक और दूसरे हाथ में मतदाता जागरूकता का पोस्टर बैनर लेकर पिछले चुनाव में कम प्रतिशत मतदान वाले मतदान केंद्र के घर घर पहुंचे हॉकी खिलाड़ी

प्रभात मंत्र संवाददाता

सिमडेगा : मतदाताओं से मिलकर कहा पिछले चुनाव में आपके मतदान केंद्र में सिमडेगा विधान सभा का सबसे कम प्रतिशत मतदान हुआ था पर इस चुनाव में आप सभी 13 मई को अपना मतदान जरूर करे । जिस मतदान केंद्र में आप अपना मतदान करते है उसी परिसर में हमारा एस्ट्रोटर्फ है जिसपर खेलकर हमारी बेटियां विश्व में हमारे जिला,राज्य और देश का नाम रोशन कर रही है । उसी तरह आप भी 13 मई को अपना शतप्रतिशत मतदान देकर भारत में एक नया इतिहास बनाए । जिला निर्वाचन पदाधिकारी सह उपायुक्त सिमडेगा श्री अजय कुमार सिंह ने बाबा साहब अम्बेडकर जी की प्रतिमा पर माल्यार्पण करने के बाद कहा हम सिमडेगा वासियों से अपील करते है आज बाबा साहब की जयंती पर संकल्प ले और आने वाले लोकसभा के आम चुनाव के लिए 13 मई को अपना शतप्रतिशत मतदान देकर उन्हें सच्ची श्रद्धांजलि अर्पित करे। संविधान रचियता भारत रत्न बाबा साहब डॉक्टर भीमराव अंबेडकर की जयंती के बसर पर आज सिमडेगा के 200से भी अधिक हॉकी खिलाड़ियों ने जिला के अल्बर्ट एक्का स्टेडियम स्थित डॉक्टर भीमराव अंबेडकर की प्रतिमा पर माल्यार्पण एवं पुष्पांजलि देकर श्रद्धांजलि अर्पित किए। तत्पश्चात जिला प्रशासन स्वीप कोषांग और हॉकी सिमडेगा के पदाधिकारियों की अगुवाई में सभी खिलाड़ी एक हाथ में हॉकी स्टिक और दूसरे हाथ में मतदाता जागरूकता से सबंधित पोस्टर ,बैनर लेकर पिछले चुनाव में सिमडेगा विधान सभा अंतर्गत सबसे कम प्रतिशत वाले मतदान केंद्र संख्या 162 के घर घर पहुंचकर उपस्थित मतदादताओ से मिलकर आने वाले लोकसभा आम चुनाव के लिए 13 मई को मतदान करने की अपील किए, एवम हर घर मतदान की तिथि अंकित स्टीकर भी चिपकाते गए। साथ ही वे बीच बीच में स्थानीय भाषा से निर्मित मतदाता जागरूकता गानों में थिरकते भी रहे और मतदाता जागरूकता के लिए नारा भी लगाते रहे। मतदाताओं से यह भी अपील करते रहे कि पिछ्ले चुनाव में आपके मतदान केंद्र में सबसे कम प्रतिशत मतदान हुआ था, इसलिए इस बार अपना वोट जरूर करे। आप जिस मतदान केंद्र में अपना मतदान केंद्र में मतदान करते है उसी परिसर में हमारा एस्ट्रोटर्फ हॉकी स्टेडियम भी है जंहा से खेलकर हमारी बेटियां विश्व में हमारे जिला, राज्य और देश का नाम रोशन कर रही है।

संक्षिप्त खबरें

लालपुर पुलिस ने 11 लाख 45 हजार रुपये नकद बरामद किये, पूछताछ जारी

रांची : लालपुर थाना क्षेत्र में वाहन चेकिंग अभियान के दौरान एक युवक के पास से करीब 11 लाख 45 हजार रुपए कैश बरामद किया गया है। पूछताछ के क्रम में युवक ने बताया कि जब्त पैसा पंडरा बाजार व्यवसाय से संबंधित है। पुलिस सूत्रों के मुताबिक खबर लीखे जाने तक यह पैसा व्यवसायी संजय अग्रवाल नामक व्यक्ति की है। पैसे को जब्त करने के बाद पुलिस ने इस बात की जानकारी आयकर विभाग को दे दी है। जिसके बाद आईटी की टीम लालपुर थाना पहुंच कर युवक से पैसे के मामले में पूछताछ कर रही है। लोकसभा चुनाव को लेकर पुलिस काफी सतर्क हो गई है और वाहन चेकिंग अभियान में तेजी ले आई है। आदर्श आचार संहिता लगे होने के वजह से 50 हजार से अधिक कैश लेकर घूमने के दौरान अगर कोई व्यक्ति पकड़ाता है तो उसे पैसे से सबंधित सारी जानकारी देनी होगी।

कान की समस्याओं का समाधान अब घर बैठे ही हो जाएगा

रांची: झारखंड की रॉंची में पॉल ऑप्टिकल्स ने अपने ऑप्टिकल्स सेगमेंट में हियरिंग ऐड की सर्विस जोड़कर एक और उपलब्धि की शुरुआत की है। अपने दूसरे वर्षगाँठ पर पॉल ऑप्टिकल्स के संचालक संजय पॉल ने अपने तीस वर्षों के अनुभव को साझा किया और बताया कि आँखों की जाँच के साथ साथ कानों की वैज्ञानिक जाँच और सुनने की समस्या का भी समाधान किया जायेगा। पॉल ने कहा कि वर्षगाँठ के अवसर पर अगले तीन महीनों तक वैसे लोग जिन्हें कम सुनाई देती है, उनका अत्याधुनिक मशीन ऱ्फईयरकार्ट ओम्नीऱ्फ से निःशुल्क जाँच किया जाएगा। मोनिका मिश्रा ने बताया कि जन्मजात बहरेपन से जूझ रहे बच्चों को बोलने में भी समस्या होती है, क्योंकि जब तक उन्हें कोई ध्वनि नहीं सुनाई देती है तब तक उसका बोल पाना कठिन होता है. ऐसे बच्चों के लिए ईयरकार्ट कंपनी लिसनिंग ईयर सेंटर के माध्यम से स्पीच थेरेपी की सुविधा भी देती है।

लोअर बाजार पुलिस को मिली सफलता 22 बोतल शराब के साथ दो गिरफ्तार

प्रभात मंत्र संवाददाता

रांची। लोकसभा चुनाव को लेकर रांची जिला के सभी पुलिस सतर्क हैं। इसी क्रम में लगातार अवैध शराब की खेप भी पुलिस जब्त कर रही है। इसी दौरान रविवार को लोअर बाजार थाना क्षेत्र के खादगढा टीओपी स्थित खादगढ़ा बस स्टैंड के पास से दो युवकों को अवैध शराब के साथ गिरफ्तार किया गया है। लोअर बाजार थाना प्रभारी दयानंद ने बताया कि खादगढ़ा टीओपी में पदस्थापित भीम सिंह को दो व्यक्ति पर संदेह हुआ और फिर उससे पूछताछ की गई तो उसके पास से अंग्रेजी ब्रांड के करीब 22 शराब की बोतल पाई गई। पूछताछ के क्रम में पता चला कि यह लोग रांची से बिहार जा रहे थे । इसी दौरान दो युवक को हिरासत में लेकर पूछताछ की गई इन लोगों के पास तीन बैग में करीब 22 बोतलों की शराब जो विभिन्न ब्रांड की थी जब्त किया गया है। वहीं दोनों युवकों को गिरफ्तार कर जेल भेजा गया है। युवकों की पहचान सुभाष कुमार और मुकेश कुमार के रूप में हुआ है । वही खादगढ़ा टीओपी में पद स्थापित सहायक पुलिस अवर निरीक्षक भीम सिंह ने बताया कि दोनों युवकों के चाल ढाल से संदेह हुआ पूछताछ के क्रम में वे लोग बचने का प्रयास कर रहे थे, इसी क्रम में उसका बैग चेक किया गया जिसमें शराब से भरा बोतल मिला। यह लोग खादगढ़ा बस स्टैंड से जय माता टू स्टार नामक एक बस से हसपुरा औरंगाबाद बिहार जाने वाले थे । इस मौके पर खादगढ़ा टीओपी के पुलिस जवान भी शामिल थे।

15 पेटी अंग्रेजी शराब के साथ होटल संचालक गिरफ्तार

रांचीः लोकसभा चुनाव को लेकर रांची जिला पुलिस सभी थाना क्षेत्रों में लगातार छापेमारी अभियान चला रही है। इसी क्रम में चान्हो थाना क्षेत्र के बीजूपाड़ा स्थित संतोष लाइन होटल में छापामारी की गई । पुलिस को सूचना मिली थी कि बिजूपाडा के एक होटल में अवैध शराब की खेप है जिसे चुनाव के दौरान खपाने की तैयारी है। इसी सूचना टर पुलिस ने छापेमारी की। जहां होटल से भारी मात्रा में शराब जब्त किया गया। चान्हो थाना प्रभारी अजिमा अंसारी ने बताया कि सूचना मिली थी इसी दौरान छापेमारी की गई। जहां से 15 पेटी अंग्रेजी शराब बरामद किया गया तथा होटल संचालक संतोष कुमार को गिरफ्तार किया गया ।

झामुमो ने अंबेडकर जयंती पर किया एक दिवसीय धरना प्रदर्शन

प्रभात मंत्र संवाददाता

रांची। बाबा साहेब डॉ भीमराव अम्बेडकर की जयंती के अवसर पर केंद्र सरकार तथा भाजपा के संविधान विरोधी नीतियों के खिलाफ रांची के मोराबादी स्थित बापू वाटिका के सामने संविधान बचाओ देश बचाओ एक दिवसीय धरना कार्यक्रम का आयोजन झामुमो रांची जिलाध्यक्ष मुस्ताक आलम की अध्यक्षता मे संपन्न हुई। मौके पर मुख्य रूप से उपस्थित पार्टी के केंद्रीय महासचिव सह प्रवक्ता सुप्रियो भट्टाचार्य ने कहा बाबा साहेब डॉ0 भीमराव अंबेडकर को हम लोग याद करते हैं क्योंकि भारत का जो अपना संविधान है नियम है, कानून है और उसी के तहत लोकतंत्र है। इस वक्त मे बाबा साहेब को सच्ची श्रद्धांजलि जो है वो इस संविधान में दिए गए अधिकार, बोलने का अधिकार जीने का अधिकार और उसके साथ जो लगातार खिलवाड़ हो रहा है। झामुमो रांची जिलाध्यक्ष मुस्ताक आलम ने कहा आज डॉक्टर भीमराव अंबेडकर के जयंती के अवसर पर हम उनके प्रतिमा पर माल्यार्पण करके यहां इस धारणा में संविधान बचाओ देश बचाओ को लेकर के एकदिवसीय धरना कार्यक्रम में बैठे हुए हैं। इस कार्यक्रम मे मुख्य रूप से केंद्रीय सदस्य समनूर मंसूरी, कुदूस अंसारी, अंतू तिर्की, रांची जिला उपाध्यक्ष जनक नायक, कलाम आजाद, अश्विनी शर्मा, बीरु तिर्की, बीरु साहू, सचिव डॉ हेमलाल मेहता, जिला प्रवक्ता अरविन्द सिंह देवल, लालजी रमण, संजय राय, जिला संयुक्त सचिव आदिल इमाम, सुजित उपाध्याय, महिला मोर्चा रांची जिला अध्यक्ष नयनतारा उरांव, उपाध्यक्ष मंजू महतो, सचिव शांति तिर्की, उपाध्यक्ष राखी देवी, कोषाध्यक्ष उषा उरांव, जीत गुप्ता, शमीम बढ़ेहार, परविंदर नामधारी, अंशु लकड़ा, पुष्पा बरदेवा, युवा मोर्चा जिला अध्यक्ष धर्मेंद्र सिंह, सचिव सोनू मुंडा, उपाध्यक्ष आशुतोष वर्मा, राजेश सिंह, महिला मोर्चा रांची महानगर उपाध्यक्ष सुषमा बरदेवा, अल्पसंख्यक मोर्चा जिलाध्यक्ष फरीद खान, उपाध्याय परवेज आलम, कोषाध्यक्ष एमएमछात्र मोर्चा रांची विश्वविद्यालय अध्यक्ष अमन तिवारी, सचिव असद फेराज टिंकू, उपाध्यक्ष अतिकुर रहमान, संयुक्त सचिव बीरबल प्रजापति, संगठन सैय्यद फिरोज, विजय रविदास, बबलू मिंज, राजेश, सोनू, प्रिंस एवं अन्य कार्यकर्तागण उपस्थित रहे।

एसएसपी चंदन सिन्हा की पत्नी कंचन ने भी चैती छठ का व्रत रखा

प्रभात मंत्र संवाददाता

रांची। चैती छठ के पहले अर्ध्य को लेकर जलाशयों में श्रद्धालुओं का जमावड़ा लगा रहा । आस्था के महापर्व छठ में छठ वृत्तियों समेत श्रद्धालु अस्ताचलगामी सूर्य को अर्घ्य दिया ।

राजभवन के समीप हटानिया तालाब में छठ पर्व को लेकर श्रद्धालुओं की भीड़ देखने लायक थी। इसी तालाब में रांची के एसएसपी चंदन कुमार सिन्हा की पत्नी कंचन ने भी किया चैती छठ व्रत पूरे परिवार और मित्र के साथ छठ घाट पहुंचे और अस्ताचलगामी सूर्य को अर्घ्य दिया।

संविधान निर्माता बाबा साहेब भीमराव आंबेडकर की जयंती मनाई

प्रभात मंत्र संवाददाता

रांची। संविधान निर्माता बाबा भीम राव अंबेडकर के 133 वां जयंती पर पुराने हाई कोर्ट स्थित बाबा अंबेडकर प्रतिमा पर माल्यार्पण करके उनको याद किया गया । बाबा अंबेडकर के बताए गये संविधान के अनुसार इस देश को आगे कैसे बढ़ाएं और सभी लोग संविधान के अनुसार चले यही संकल्प लेते हुए बाबा साहब अंबेडकर की जयंती मनाई गई।

देश के वर्तमान हालात पर आज संविधान की जरूरतों को महसूस किया जा रहा है इसलिए संविधान को बचाने का संकल्प भी लिया गया। सभी ने इस अवसर पर संविधान के प्रस्तावना पाठ भी किया और बाबा अंबेडकर के जीवन के संघर्षों पर प्रकाश भी डाला गया। इस कार्यक्रम में मुख्य रूप से झारखंड मुक्ति मोर्चा के नेता झारखंड फुटपाथ दुकानदार संघ के अध्यक्ष जितेंद्र गुप्ता, झारखंड मुक्ति मोर्चा युवा जिला अध्यक्ष धर्मेंद्र सिंह, सीपीआई नेता अजय सिंह, रातू प्रखंड के अध्यक्ष बेलला अंसारी , अजित नायक,फैयाज सहित कई लोग शामिल हुए ।

बैंक ऑफ इंडिया रांची जोन ने रक्तदान शिविर का आयोजन किया

प्रभात मंत्र संवाददाता

रांची। बैंक ऑफ इंडिया रॉंची अंचल द्वारा भारत रत्न बाबा साहब डॉ. भीमराव आर अंबेडकर की 133वीं जयंती मनाई गई। आंचलिक प्रबंधक संजीव कुमार सिंह, अखिल भारतीय बैंक ऑफ इंडिया एससी/एसटी/ओबीसी एम्पलॉइज एसोसिएशन झारखंड राज्य इकाई के महासचिव अरुण जॉन प्रबाल, उप महासचिव मनीष नारायण, सहायक महासचिव भरत लाल ठाकुर और उपस्थित सभी स्टाफ सदस्यों द्वारा श्रद्धासुमन अर्पित कर उन्हें नमन किया गया।आंचलिक प्रबंधक संजीव कुमार सिंह ने बाबा साहब डॉ बी आर अंबेडकर के संघर्षों को याद करते हुए कहा कि बाबा साहब के विचार आज भी प्रासंगिक है और आने वाले कई हजार वर्षों तक प्रासंगिक रहेंगे। अखिल भारतीय बैंक ऑफ इंडिया एससी/ एसटी/ ओबीसी एम्पलॉइज एसोसिएशन झारखंड के महासचिव अरुण जॉन प्रबाल ने कहा कि इस खास अवसर पर रॉंची अंचल द्वारा रक्तदान शिविर का आयोजन किया जा रहा है। इसी तरह अन्य 4 अंचल धनबाद, बोकारो, जमशेदपुर और हजारीबाग द्वारा आज के दिन रक्तदान शिविर का आयोजन किया गया है। कार्यकारी अध्यक्ष सुनील लकड़ा ने बाबासाहब को याद किया और इस खास अवसर पर रक्तदान करने आए सभी लोगों को अभिनंदन किया। महिला विंग की अध्यक्षा संतोषी केरकेट्टा और एम्पलॉइज एसोसिएशन के उपाध्यक्ष प्रकाश उरांव ने बाबासाहब के संघर्ष को याद किया और उनकी प्रासंगिकता पर अपने विचार रखें। उप महासचिव मनीष नारायण सहित कई लोगों ने विचार रखे।

मंत्री मिथिलेश ठाकुर ने अंबेडकर को किया नमन

प्रभात मंत्र संवाददाता

रांची : बाबा साहेब डॉ भीमराव अंबेडकर के जयंती के अवसर पर रविवार को मंत्री मिथिलेश कुमार ठाकुर ने रांची के डोरंडा स्थित पुराना हाई कोर्ट के समीप डॉ भीमराव अंबेडकर के प्रतिमा पर माल्यार्पण कर नमन किया। इस दौरान झामुमो रांची जिला अध्यक्ष मुस्ताक आलम उपस्थित रहे और माल्यार्पण कर नमन किया। मौके पर मंत्री मिथिलेश कुमार ठाकुर ने कहा बाबा साहेब की जयंती पूरे देश में मनाई जा रही है। इस पावन दिवस पर हमें ये संकल्प लेना है कि जो हमारा संविधान है वो पूरे दुनिया में अनूठा संविधान है। हम सभी हिंदू, मुस्लिम, सिख, ईसाई सभी धर्मों के लोगों को एक समान अधिकार इस संविधान ने दिया है। हमें ये संकल्प लेना है कि इस संविधान को अक्षुण रखना है, समतामूलक समाज की ओर आगे बढ़ना है।

हमारे लोकतंत्र को कमजोर करने में कुछ ताकतें दिन रात लगी हुई है, उन ताकतों को हमे जवाब देना है। झामुमो रांची जिलाध्यक्ष मुस्ताक आलम ने भीमराव अंबेडकर के जयंती के अवसर पर उनको नमन करते हुए कहा कि हम संकल्प लेते हैं कि इस संविधान को बचाने के लिए संविधान विरोधी ताकतों को जवाब देना है और सभी के हक अधिकार की रक्षा करना है।

बाबा साहब ने शोषित समाज को मुख्यधारा से जोड़ने का कार्य किया : ब्रज मोहन

प्रभात मंत्र संवाददाता

रांची : भारत रत्न डॉ. भीमराव अंबेडकर की जयंती के अवसर पर रविवार को आजसू केंद्रीय कार्यालय में पार्टी के पदाधिकारियों और कार्यकर्ताओं द्वारा उनके छायाचित्र पर पुष्पांजलि अर्पित कर श्रद्धांजलि दी गई। मौके पर उपस्थित पार्टी के केंद्रीय महासचिव ब्रज मोहन कुमार ने बाबा साहब की जीवनी पर प्रकाश डाला। उन्होंने कहा कि बाबा साहब ने समाज की कुरीतियों को दूर करने का दृढ़ संकल्प किया एवं निरंतर प्रयास करते हुए एक समरस समाज की कल्पना की। उन्होंने वास्तव में शोषित समाज को मुख्य धारा से जोड़ने और समाज के अंतिम व्यक्ति तक न्याय पहुंचाने का कार्य किया। मौके पर युवा आजसू के प्रदेश संयोजक गौतम सिंह ने कहा कि भारतीय संविधान के निर्माता बाबा साहब भीमराव अंबेडकर ने अपना संपूर्ण जीवन अन्याय व अमानवीय व्यवस्था के खिलाफ संघर्ष को समर्पित किया। उनका सम्पूर्ण जीवन आने वाली कई पीढ़ियों को प्रेरित करता रहेगा। इस दौरान केंद्रीय कार्यालय सचिव आशुतोष गोस्वामी, रांची जिला सह प्रभारी अजीत कुमार, रांची जिला सह प्रभारी अभिषेक झा, रोहित चौधरी, वेदांत कौस्तव, रित्विक राज, रिशु कुमार, मुकेश कुमार, अनमोल प्रजापति, सुमित साहू, नैनित प्रजापति, सचिन साहू, अमरजीत कुमार, अभिषेक सही, प्रियांशु शर्मा समेत अन्य लोग उपस्थित रहे।

पुलिस एसोसिएशन के महामंत्री के आवास पर लोग ईद की बधाई देने पहुंचे

प्रभात मंत्र संवाददाता

रांची। ईद-उल- फितर का खुमार अभी तक लोगों के सिर पर चढ़कर बोल रहा है। सभी के घरों में मेहमानों का आना लगा हुआ है। एक दूसरे को गले लगाकर ईद की बधाईयां दे रहे हैं और मीठी सेवई का मजा भी ले रहे हैं। इसी अवसर पर झारखंड पुलिस एसोसिएशन के महामंत्री मो महाताब आलम के आवास पर ईद के मौके पर मेहमानों का आना लगा रहा। इस मौके पर झारखंड पुलिस एसोसिएशन के प्रांतीय अध्यक्ष योगेंद्र सिंह ,लोअर बाजार थाना प्रभारी दयानंद, इंस्पेक्टर लक्ष्मीकांत , सहायक अवर निरीक्षक जाफरान , रेल थाना प्रभारी रफी अहमद, चंदन सिन्हा एवं झारखंड प्रदेश जमीयतुल कुरैश के प्रदेश अध्यक्ष मुजीब कुरैशी, समाज-सेवक औरंगजैब खान , पत्रकार परवेज कुरैशी, आदिल, सहित कई समाजसेवी और पुलिस पदाधिकारी उपस्थित हुए और ईद की शुभकामनाएं दिये।

कांग्रेस भवन में मनाई गई अंबेडकर जयंती

रांची : प्रदेश कांग्रेस कमेटी के नेताओं ने रविवार को रांची स्थित कांग्रेस भवन में भारत के संविधान निर्माता बाबा साहब डॉ. भीमराव अंबेडकर की जयंती मनाई। इस दौरान कांग्रेस नेताओं ने डॉ. अंबेडकर को सामाजिक नवजागरण का अग्रदूत बताते हुए उनके जीवनी पर व्यापक रूप से प्रकाश डाला। नेताओं ने कहा कि बाबा साहब का जीवन सदियों से शोषित-दलित मानव के सामाजिक, आर्थिक और शैक्षणिक उत्थान के लिए समर्पित था। वे समाज में व्याप्त रूढ़िवादी और विषमता को समूल समाप्त करने के लिए जीवन-पर्यन्त संघर्ष करते रहे।

महावीर मंडल के पदाधिकारी का हुआ स्वागत

प्रभात मंत्र संवाददाता

रांची : नवयुवक संघ हटिया से 6 किलोमीटर अंदर डूंगरी टोली बस्ती में महावीर मंडल के मंत्री दीपक ओझा प्रचार मंत्री मुन्ना शर्मा में बस्ती वालों के बीच पांच तलवार 20 लाठी एक महावीर का झंडा बालाजी मंदिर में उपलब्ध करवाया और मंत्री दीपक ओझा ने यह आश्वासन दिया है कि किसी भी चीज की जरूरत हो तो उनसे संपर्क किया जाए नवयुवक संघ के अध्यक्ष शिवम नायक ने हरसोलश के साथ बस्ती वालों के साथ मिलकर महावीर मंडल के पदाधिकारी का स्वागत किया और ड शुभकामनाएं हम लोगों ने समिति के लोगों को अवगत कराया कि इस बार हमारा मकसद है की हर ग्रामीण क्षेत्र से युवा और महिला बच्चे सभी हर्षो उल्लास के साथ महावीर के झंडे को लहराते हुए तपोवन मंदिर की ओर प्रस्थान करें और अगर किसी भी क्षेत्र में किसी प्रकार की कोई कठिनाई है तो महावीर मंडल के पदाधिकारी या फिर मंत्री दीपक ओझा को अवगत करवाऐ श्री महावीर मंडल उसका निवारण करने का प्रयास करेगाँ

श्री महावीर मंडल का प्रचार वाहन हुआ रवानाः श्री महावीर मंडल की प्रचार वाहन आज दिन शनिवार को महावीर चौक श्री महावीर मंडल के कार्यालय से पुरोहित के द्वारा पूजा अर्चना के पश्चात महावीर झंडा दिखाकर अखाड़े के गंतव्य तक उसे भेजा गया रातू रोड प्यादा टोली पिस्का मोड़ रवि स्टील बाजरा कटहल मोड रातू रोड विभिन्न क्षेत्रों का दौरा करने हेतु और प्रचार प्रसार हेतु रवाना किया गया यह आज इस रूट के लिए रवाना किया गया गाड़ी को महावीर झंडा दिखाकर पूर्व अध्यक्ष श्री महावीर मंडल जय सिंह यादव वर्तमान मंत्री दीपक ओझा प्रचार मंत्री मुन्ना शर्मा एवं श्री रामनवमी श्रृंगार समिति के संयोजक शंकर सिन्हा श्री महावीर मंडल के सदस्य श्री रंजीत कुमार गुप्ता अमित कुमार सम्मिलित हुए प्रचार वाहन में यह सबसे निवेदन किया गया है की भारी से भारी संख्या में महाबली हनुमान के झंडे को लहराते हुए निवारण पूर तपोवन मंदिर की ओर प्रस्थान करेंगे।

चार लोस सीटों के लिए 18 से शुरू होगा नामांकन

प्रभात मंत्र संवाददाता

रांची : राज्य में इस बार लोकसभा की 14 सीटों के लिए चुनाव चार चरणों में होंगे। पहले चरण में चार सिंहभूम, खूंटी, लोहरदगा और पलामू सीटों के लिए नामांकन की प्रक्रिया 18 अप्रैल से शुरू होगी और 13 मई को वोट डालें जाएंगे। राज्य की 14 लोकसभा सीटों में एनडीए, इंडी गठबंधन और अन्य दल अब तक 34 प्रत्याशियों की घोषणा कर चुके हैं। घोषित प्रत्याशी गर्मी की तपिश में पसीना बहा रहे हैं। लगातार प्रत्याशियों ने प्रचार अभियान भी शुरू कर दिया है। झारखंड में पहले चरण में 13 मई को सिंहभूम, खूंटी, लोहरदगा और पलामू लोकसभा सीट के लिए चुनाव होंगे।

इसके लिए 18 अप्रैल को अधिसूचना जारी होगी और उसी तारीख से नामांकन शुरू हो जायेगा। नामांकन दाखिल करने की अंतिम तिथि 25 अप्रैल, नामांकन पत्रों की जांच की तिथि 26 अप्रैल, नामांकन पत्र वापस लेने की अंतिम तिथि 29 अप्रैल और मतदान की तारीख 13 मई है। पहले चरण के लिए एनडीए, इंडी गठबंधन, झापा और सीपीआई ने प्रत्याशियों की घोषणा कर दी है। एनडीए ने झारखंड की सभी 14 लोकसभा सीटों के लिए प्रत्याशियों की घोषणा कर दी है। जबकि, इंडी गठबंधन ने अब तक केवल नौ सीटों पर प्रत्याशियों की घोषणा की है।पांच सीटों पर अब भी प्रत्याशियों की घोषणा बाकी है। सीपीआइ और जेबीकेएस ने भी कुछ सीटों पर प्रत्याशियों की घोषणा की है। अब तक न तो एनडीए ने और न ही इंडी गठबंधन ने झारखंड के लिए स्टार प्रचारकों की घोषणा की है। हालांकि, घोषित प्रत्याशी बिना स्टार प्रचारकों के ही अपने स्तर से जनसंपर्क और छोटी-छोटी सभाएं कर रहे हैं। पार्टी के नेताओं से संपर्क और नाराज कार्यकर्ताओं को मनाने की भी कोशिशें कर रहे हैं। प्रत्याशी गांव-गांव, चौक-चौराहों पर जाकर लोगों से मिल रहे हैं।

दुनिया के सर्वश्रेष्ठ ग्रंथ संविधान को बचाने के लिए देशवासियों को आगे आने की जरूरत : महेंद्र पाठक

प्रभात मंत्र संवाददाता

रांची। भारतीय कम्युनिस्ट पार्टी के राज्य कार्यालय में बाबा भीमराव अंबेडकर के 132 वी जयंती की अवसर पर बाबा साहेब के चित्र पर माल्यार्पण कर शुरुआत की गयी। जिसकी अध्यक्षता राज्य परिषद के सदस्य सह रांची उच्च न्यायालय के अधिवक्ता राजेंद्र रविदास ने किया। कार्यक्रम में मुख्य रूप से भाकपा के प्रदेश सचिव में महेंद्र पाठक जिला सचिव अजय कुमार सिंह, हाई कोर्ट के अधिवक्ता सहगल टोपो , वरीय अधिवक्ता योगेंद्र प्रसाद, इम्तियाज़ खान ने संबोधित किया। सीपीआई के प्रदेश सचिव महेंद्र पाठक ने कहा कि आज बाबा भीमराव अंबेडकर के द्वारा बनाए गए संविधान को देश की गद्दी पर बैठी हुई फासिस्ट सरकार संविधान को बदलने के लिए बेताब है। देश में संविधान, लोकतंत्र दोनों को बचाने के लिए आम जनता को सड़कों पर आना चाहिए। आर एस एस एवं केंद्र की सरकार संविधान को हटाकर मनुस्मृति को लागू करना चाहती है। भारतीय कम्युनिस्ट पार्टी उसे पूरा नहीं होने देगी। अजय कुमार सिंह ने संबोधित करते हुए कहा देश के समता मूलक समाज की स्थापना में और शोषित पीड़ितों की अधिकार दिलाने में बाबा साहेब आंबेडकर के योगदान को नहीं भुलाया जा सकता है, संविधान और लोकतंत्र की रक्षा हम सब की दायित्व है। इस सभा में मुख्य रूप से आरती देवी,अनामिका रानी,किरण कुमारी,इम्तियाज अहमद,सुरेंद्र दीक्षित,मनोज ठाकुर,कृष्ण कुमार वर्मा,नीरज सिंह,मनोज सिंह,योगेंद्र प्रसाद अभिनव राज राजद के राजेश यादव सहित कई लोग शामिल हुए।

प्रभात मंत्र

e-mail : prabhatmantraranchi@gmail.com

झारखण्ड

रांची, सोमवार, 15 अप्रैल 2024 | पेज 4

सरहुल मिलन समारोह का हुआ भव्य आयोजन

नामकुम (प्रभात मंत्र संवाददाता): सरहुल मिलन समारोह टाटीसिल्वे द्वारा ई ई एफ मैदान मे प्रकृति पर्व सरहुल बड़े ही धूमधाम से मनाया गया।कार्यक्रम की शुरुआत पाहन व अतिथियों द्वारा दीप प्रज्वलित के साथ हुआ।इस कार्यक्रम में, पूर्व विधायक राम कुमार पाहन, जिला अध्यक्ष सुरेंद्र महतो,टी ए सी सदस्य जमाल मुंडा,उमेश बड़ाईक,नेत्री आरती कुजूर,उपप्रमुख,जयपाल हजाम,प्रभु दयाल बड़ाइक,रोशन मुंडा,थाना प्रभारी मनोज कुमार,मुकेश महतो,इस समारोह मे आसपास के ग्रामीण पूरे झारखंडी परिधान मे ढोल नगाड़े के साथ नाचते गाते उपस्थित हुए। इस कार्यक्रम को सफल बनाने मे प्रधान अर्जुन पाहन,किस्टो उराव, पूर्व मुखिया सोहन मुंडा, मुखिया नूतन पाहन, कृष्णा पाहन,अनिल लिंडा, हिर्दु उराव,डॉली मुंडा,संदीप तिर्कि,नीता कच्छप, कृष्णा लोहरा,कुलदीप कच्छप, पूर्व मुखिया किरण पाहन,माधुरी देवी, प स स अरविंद लोहरा,रोहित कुमार,राजेंद्र मुंडा,लल्कु तिर्कि,सनील जाय, श्याम पाह न, अजय पाहन, मंटू पाहन ,गिरिधर मिश्रा,अमित मिश्रा,श्री राम सिंह मुंडा राम चरण पाहन इत्यादि का महत्वपूर्ण योगदान रहा। आगत अतिथियों , खोड़हा , पाहन को अंग वस्त्र देकर सम्मानित किया गया। इस कार्यक्रम में आसपास के सैक्डो ग्रामीण उपस्थित थे।

ऑल इंडिया एससी एसटी बीसी ईम्पलाईज काउंसिल ने मनाया आम्बेडकर जंयती

पिपरवार (प्रभात मंत्र संवाददाता): सीसीएल पिपरवार क्षेत्र के न्यु बिजैन गांव मे ऑल इंडिया एससी/एसटी/बीसी एप्लाईज को-ऑर्डिनेशन काउंसिल के द्वारा शनिवार को डॉ. भीमराव अंबेडकर जी की जयंती मानाई गई।इस कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में काउंसिल के सीसीएल उपाधक्ष इकबाल हुसैन और विशिष्ट अतिथि के रूप में पिपरवार सचिव रतनलाल शामिल मौजुद थे।कार्यक्रम का संचालन प्रेम कुमार और धन्यवाद ज्ञापन राहुल राम ने किया।इस कार्यक्रम की शुरुआत अतिथियों के द्वारा द्वीप जलाकर और बाबा साहेब के चित्र पर माला पहनाकर किया गया।इस मौके पर काउंसिल के तरफ से केक काटकर बाबा साहब का जन्मदिन मनाया गया।कार्यक्रम को इकबाल हुसैन, रतन लाल,अर्जुन गंझू, रामचंद्र उरांव,गणेश भुइया, जितेंद्र राम,रमेश मुंडा सहित अन्य अतिथियो ने भी संबोधित किया।कार्यक्रम को संबोधित करते हुए वक्ताओं ने बाबा साहेब के जीवनी पर प्रकाश डाला और उनके दिखाएं मार्ग पर चलने का आह्वान किया गया।कार्यक्रम के दौरान कई स्कूली बच्चो के बीच कॉपी और कलम का वितरण किया गया।इस कार्यक्रम में मुख्य रूप से इकबाल हुसैन,रतन लाल, अर्जुन गंझू,रामचंद्र उरांव,प्रेम कुमार,जितेंद्र राम,गणेश भुइया,मोहम्मद जुल्फान, राहुल राम,मोहम्मद असलम, कुलदीप राम,सचिन पासवान,फुलेश्वर राम,जोधन महतो,दिरपाल टाना भागत, बालेश्वर राम,पिंटू राम, इंद्रजीत उरांव,नरेश राम, अनिल ठाकुर,राहुल राम सहित काफी संख्या में लोग मौजूद थे।

राय अंबेडकर मैदान में सरहुल मेला सह नागपुरी कार्यक्रम का हुआ आयोजन

पिपरवार (प्रभात मंत्र संवाददाता): कोयलांचल क्षेत्र के राय अंबेडकर मैदान में रविवार को सरहुल मेला सह नागपुरी कार्यक्रम का आयोजन किया गया।इस कार्यक्रम में अंबेडकर मैदान राय से गाजे बाजे व ढोल नगाड़े के साथ शोभायात्रा निकाली गई।

यह शोभायात्रा पूरे राय पंचायत का भ्रमण किया।जिसमे रांची से आए हुए खोड़हा टीम के द्वारा नृत्य प्रस्तुत किया गया।दोपहर मे राय आम्बेडकर मैदान मे नागपुरी कार्यक्रम का उद्घाटन राय पंचायत की मुखिया शीला देवी के द्वारा फीता काटकर कर किया गया।इस कार्यक्रम में विशिष्ट अतिथि के रूप में आजसु नेता नागेश्वर महतो,पूर्व उप प्रमुख एतवारा महतो,पूर्व मुखिया सावित्री देवी,पूर्व मुखिया प्रदीप उरांव,उप मुखिया विश्वनाथ महतो,अशोक महतो,अर्जुन महतो,रितेश केसरी,दिनेश महतो,सोहर महतो,तुलसी भुईया सहित अन्य लोग मौजुद थे।नागपुरी कार्यक्रम में बाहर से आए हुए कलाकारों के द्वारा एक से बढ़कर एक गीत संगीत और नृत्य पेश किया गया,जिसे उपस्थित लोगों ने खूब पसंद किया।

कार्यक्रम को देखने के लिए काफी संख्या में लोगों की भीड़ देखी गई।कार्यक्रम को सफल बनाने मे आयोजन समिति के विजय पहान, दुर्गाप्रसाद महतो,रूपेश कुमार महतो,गणेश कुमार महतो,मंगरु मुंडा,भरत कुमार राम,राजेश कुमार महतो,मनोज महतो,संतोष प्रजापति,बालेश्वर महतो, भुनेश्वर महतो,दीपक महतो, हरीश कुमार,रामकुमार भुईया,पारस कुमार महतो, नरेश महतो,सरवन मद्रासी, चंदन महतो,कालेश्वर महतो, दीपक मद्रासी,लोकन महतो, सुरेंद्र,रितेश,हबू महतो,आनंद प्रजापति,दीपक टोप्पो, फूलचंद महतो,संदीप महतो, सोनू महतो,प्रकाश महतो, विजय महतो,रंजीत महतो, संतोष महतो,लोकल महतो, सीटू महतो,मंगरु महतो,बबलू महतो,अमन मुंडा,सुरेश महतो,मोहन महतो,नीरज कुमार मुंडा,विजय महतो सहित अन्य लोगों की सराहनीय भूमिका रही।

पिपरवार कोयलांचल मे मनाया गया संविधान निर्माता डॉ. भीमराव अंबेडकर की जयंती

प्रभात मंत्र संवाददाता

पिपरवार : संविधान के रचयिता एवं भारतरत्न से सम्मानित विधिवेत्ता, राजनीतिज्ञ डॉ. भीमराव अंबेडकर की जयंती रविवार को सीसीएल पिपरवार कोयलांचल क्षेत्र व आसपास के इलाको मे धुमधाम के साथ मनाया गया।बाबा साहेब को याद करते हुए कोयलांचल के लोगो ने उन्हे श्रद्धांजलि दी।बचरा अंबेडकर चौक मे कोल इंडिया एससी एसटी इम्पलाईज एसोसिएशन सिस्टा पिपरवार द्वारा भव्य जयंती समारोह कार्यक्रम का आयोजन किया गया। समारोह की अध्यक्षता कामेश्वर राम और संचालन लखेश्वर लाल एंव धन्यावाद ज्ञापन उमेश मेहता ने किया।मुख्य अतिथि के रूप मे पिपरवार क्षेत्र के कार्मिक एंव प्रशासनिक अधिकारी नागेश गोपालन और विशिष्ट अतिथि मे कार्मिक प्रबधंक शिशिर गर्ग,हेमचन्द महत,डीएवी के प्राचार्य आरबी प्रसाद,महिला कांग्रेस की प्रदेश अध्यक्ष गुंजन सिंह,श्रमिक प्रतिनिधि मुद्रिका प्रसाद,रविन्द्रनाथ सिंह मौजुद थे।कार्यक्रम की शुरूआत अतिथियो ने संयुक्त रूप से दीप प्रज्जवलित कर किया।जिसके बाद बाबा साहेब की प्रतिमा पर माल्यार्पण कर उन्हे नमन करते हुए श्रद्धांजलि दी गई।

कार्यक्रम को संबोधित करते हुए वक्ताओ ने कहा कि बाबा साहेब के संदेश ने देश को एक सूत्र मे बांधने का काम किया है।उनके कार्यो को देश कभी नही भूला सकता है।वर्तमान मे उनके दिखाये मार्ग पर चलकर उनके अधुरे सपनो को साकार करने की जरूरत है।बाबा साहब ने देश को शिक्षित बनने,संगठित होने और संघर्ष करने का आहवान किया था।वर्तमान में उनके अधूरे सपनों को साकार करने और उनके दिखाएं मार्ग पर चलने की जरूरत है।इस मौके पर मोहम्मद जैनुल,टहलु महतो, जीएसपी शर्मा,एके लाल, सुमित कुमार,चमन महतो, बिजली महतो सहित काफी संख्या में लोग मौजूद थे।कार्यक्रम को सफल बनाने मे कामेश्वर राम,बाबुलाल राम, गणेश राम,मुंशी राम,कृष्णा यादव,रामजीत राम,बंसत कुमार,नागेश्वर राम,रमेश राम,नरेश सेठ,गंगा राम, लखेश्वर लाल,अजय कुमार, हिमांशु चाटर,देवनाथ राम, सुरेन्द्र राम,संतोष राम,ललेन्द्र कुमार सहित अन्य लोगो की सराहनीय भुमिका रही।

डीएवी बचरा मे मनायी गई जयंती : डीएवी पब्लिक स्कूल बचरा में संविधान निर्माता डॉक्टर भीमराव अंबेडकर की जयंती मनाई गई।इस अवसर पर विद्यालय के प्राचार्य आरबी प्रसाद ने दीप प्रज्वलित कर एंव बाबा साहब के चित्र पर माल्यार्पण कर श्रद्धा सुमन अर्पित किया।जिसके बाद स्कूल के सभी शिक्षकों ने बाबा साहेब के चित्र पर पुष्प अर्पित कर उन्हें श्रद्धांजलि दी।छात्रा नोरिन जहां ने अंग्रेजी में और छात्र अभांसू द्विवेदी ने हिंदी में भाषण प्रस्तुत किया।प्राचार्य ने बाबा साहब अंबेडकर के जीवन के संघर्ष को याद किया।इस मौके पर स्कूल के सभी शिक्षक मौजूद थे।

डॉ. बाबा साहेब की जयंती धूमधाम से मनाई गई

प्रभात मंत्र संवाददाता

नामकुम : आज टाटीसिलवे डोलबग़ीचा स्थित डॉ भीमराव आंबेडकर की आदमकद पर माला पहनाकर उनकी जयन्ती धूमधाम से मनाया गया । इस मौके मुख्य अतिथि के तौर पर आजसू पार्टी केंद्रीय सचिव सह पूर्व प्रत्याशी पारसनाथ उराँव ने कहा की बाबा साहब भारतीय संविधान के शिल्पकार थे,जो संविधान बनाएं हमे वो संविधान को बचा के रखना है और उनके आदर्शो पर चलना है। कार्यक्रम की अध्यक्षता राजू नायक ने व संचालन जगरनाथ महतो ने किया।इस मौके विशिष्ट अतिथि जिला परिषद सदस्य विपिन टोप्पो,आजसू पार्टी केंद्रीय सदस्य राजू नायक,जगरनाथ महतो,अर्जुन राम ,मानव राम,किसन नायक,राजेश नायक,विजय नायक,शंकर राम,अरुण राम,बंटी नायक,सुनील जॉय,मुखिया कृष्णा पाहन,ग्रामीण जिला अध्यक्ष सुरेंद्र महतो,मनोज चौधरी,रामसाय मुंडा, श्याम नायक, राज किशोर नायकइत्यादि के साथ सैक्डो ग्रामीण उपस्थित थे।कार्यक्रम में खिचड़ी महाभोग प्रसाद का वितरण भी किया गया।

पिपरवार कोयलॉचंल मे श्रद्धा के साथ मनाई जा रही है चैती छठ पूजा

प्रभात मंत्र संवाददाता

पिपरवार : सीसीएल पिपरवार कोयलॉचंल क्षेत्र और आस पास के ग्रामीण इलाको में श्रध्दा एंव भक्ति के साथ चैती छठ पूजा मनाया जा रहा है।रविवार की शाम कोयलॉचंल क्षेत्र के छठ घाटो मे श्रद्धालु भक्तो द्वारा (अस्ताचलगामी) डुबते हुऐ सूर्य को पहला अर्ध्य दिया गया।बचरा सपही नदी तट पर चैती छठ व्रतियो की काफी भीड़ देखी गई।पिपरवार कोयलांचल सहित आस पास के इलाको मे चैती छठ पूजा लोग श्रध्दा एंव भक्तिभाव के साथ मना रहे है।सभी श्रद्धालु भक्त छठ गीत गाते हुए नदी पहुंचे और डुबते हुए सूर्य को अर्ध्य दिया।गर्मी के कारण सपही नदी पुरी तरह से सूख जाने के बाद लोगो ने नदी के बीच मे गडढा कर पानी जमा किया और सूर्य भगवान की पूजा अर्चना कर अर्ध्य दिया।श्रध्दालु भक्तो ने कहा कि देश मे अमन चैन और खुशहाली को लेकर छठी मईया से प्रार्थना की जा रही है।पिपरवार क्षेत्र के बचरा,राय, बेंती,किचटो,पुरानीराय सहित अन्य जगहो पर भक्तिभाव के साथ लोक आस्था का पर्व चैती छठ पूजा मनाया जा रहा है।आज सुबह (उदयगामी) उगते हुए सूर्य को दूसरा अर्ध्य देने के साथ ही चैती छठ पूजा का समापन किया जाएगा।

आदिवासियों के समुचित विकास हेतु सरना धार्मिक-सामाजिक व्यवस्था का संरक्षण व संवर्धन करना सुनिश्चित हो : धर्मगुरु बगरय मुंडा

प्रभात मंत्र संवाददाता

खूंटी : कमडारा के अरहरा में रविवार को सरना धर्म सोतो- समिति का नौवां शाखा स्थापना दिवस सह सरना धर्म प्रार्थना सभा आयोजित किया गया. मधु बारला, लेचा मुंडा व चंदा आइंद की अगुवाई में अनुयायियों के साथ सरना स्थल में भगवान सिडबोंगा की पूजा-पाठ कर सुख, शांति और खुशहाली की कामना की गई और भगवान बिरसा मुंडा की मूर्ति पर माल्यार्पण किया गया. कार्यक्रम में विभिन्न मंडलियों ने सांस्कृतिक कार्यक्रम एवं सरना भजन प्रस्तुत कर भक्तिमय बनाया. इस समारोह में मुख्य अथिति धर्मगुरु बगरय मुंडा और विशिष्ट अथिति धरती आबा बिरसा मुंडा के परपोता सुखराम मुंडा शामिल हुए. इस अवसर पर धर्मगुरु बगरय मुंडा ने अनुयायियों को संबोधित करते हुए कहा कि सिडबोंगा की स्तुति से हमारी आत्मा में भक्ति व श्रद्धा बढ़ती है तथा समाज में प्रेम व भाईचारा की भावना पनपती है. इससे लोभ, लालच व अहंकार जैसे बुराईयां दूर होती है और समाज में सुख, शांति और खुशहाली आती है. उन्होंने आगे कहा कि भगवान के सामने सब बराबर हैं जिससे सबको समान कृपा मिलती है. हमें इसके लिए सदा धर्म के रास्ते पर चलना चाहिए और समाज में प्रेम व भाईचारा के साथ रहना चाहिए. सिडबोंगा की स्तुति के साथ-साथ मनुष्य, जीव-जंतु व सारी सृष्टि का सम्मान करना ही सरना धर्म का मूल सिद्धांत है.इस अवसर पर सुखराम मुंडा ने कहा कि धरती आबा बिरसा मुंडा ने मूल धर्म को संगठित कर जिस समृद्ध समाज की कल्पना की, वह आज भी अधूरी है. वे न केवल धर्म-संस्कृति को बचाने के लिए संघर्ष किया बल्कि जल-जंगल-जमीन की रक्षा के लिए संघर्ष करते रहे. आज हम उसी धर्म-संस्कृति व जल-जंगल-जमीन के संरक्षण व संवर्धन के लिए ही सरना धर्म कोड की मांग कर रहे हैं. अतः सरना कोड के लिए धरती आबा बिरसा मुंडा से प्रेरणा लेकर संघर्ष करना चाहिए.

इस कार्यक्रम में मथुरा कंडीर, लुथडू मुंडा, सुभासिनी पुर्ती, बिरसा तोपनो, जेम्स मुंडा, सुखराम मुंडा, सरवन गोप, मधु बारला, पुना बारला, लेचा बारला, लदुरा बारला, बुका मुंडा, मनोज केरकेट्टा, एतवा पहान, दिनु पहान, बुधवा पहान, चंदा आइंद, एतवा बारला, बुधवा बारला आदि ने विचार व्यक्त किए. इस समारोह में खूंटी, मुरहू, बंदगांव, अड़की, गुमला, कमडारा, तोरपा, तपकारा तथा आस-पास के गांवों के सरना धर्मावलंबी शामिल हुए.

बाबासाहेब डॉ भीमराव अंबेडकर की 133वीं जयंती मनाई गई

सिल्ली (प्रभात मंत्र संवाददाता): अंबेडकर ग्राम विकास समिति सिल्ली के द्वारा बाबा साहब भीमराव अंबेडकर की 133 वीं जयंती पर रैली निकाली गई। यह रैली सिल्ली ग्राम विकास स्कूल से सिल्ली अंबेडकर पार्क तक पहुंची। रैली का नेतृत्व समाज के सभी लोगों ने किया। इससे पहले बाबा सहब के नाम का टोपी वितरित किया गया।रैली में जय भीम,जय भीम,के नारे लगाए गए। अंबेडकर पार्क में मुख्य अतिथि स्थानीय विधायक सुदेश कुमार महतो को माला पहनाकर एवं अंगवस्त्र देकर सम्मानित किया गया। विधायक सुदेश कुमार महतो ने बाबा साहेब भीमराव अंबेडकर के आदमकद प्रतिमा पर माल्यार्पण कर श्रध्दा सुमन अर्पित किया साथ ही आए हुए अतिथियों ने बारी बारी से माल्यार्पण किया। रैली में आए सभी उपस्थित लोगों को बताया गया कि बाबा साहब पहले कानूनमंत्री थे। सबसे ज्यादा पढ़े लिखे थे। जात पात के घोर विरोधी थे। बाबा साहब ने कहा था कि शिक्षा वह शेरनी का दूध है जो पियेगा सो दहाड़ेगा। इसलिए उन्होंने शिक्षा पर सबसे ज्यादा जोर दिया था। इस कार्यक्रम के मंच पर स्कुली बच्चों को सम्मानित किया गया साथ ही पत्रकारों को भी अंगवस्त्र देकर सम्मानित किया गया।इस मौके पर बीडीओ रेणु बाला, प्रमुख जितेन्द्र बड़ाइक,जयपाल सिंह, ब्रजेश प्रसाद,हेमंत, ललन, राजा पुष्पेन्द्र नाथ सिंह देव, मोहम्मद फारुख, समेत समाज के सरकारी गैर सरकारी लोग महिलाएं उपस्थित थे।

लोकसभा आम चुनाव 2024 की तैयारियों की समीक्षा को लेकर जिला निर्वाचन पदाधिकारी द्वारा कर्रा व खूंटी प्रखंड में की गई बैठक

प्रभात मंत्र संवाददाता

खूंटी : जिला निर्वाचन पदाधिकारी सह उपायुक्त, लोकेश मिश्रा की अध्यक्षता में प्रखंड सभागार, कर्रा एवं खूंटी में लोकसभा आम चुनाव, 2024 को लेकर अलग - अलग बैठक का आयोजन किया गया। लोकसभा चुनाव शांतिपूर्ण, स्वच्छ, निष्पक्ष एवं भयमुक्त संपन्न कराने के लिए सभी सक्रियता और सजगता से कार्य करें। मतदान केन्द्रों पर मतदाताओं को कोई असुविधा नहीं हो, इसका ध्यान रखते हुए तत्परता बरतें और तैयारियों में प्रगति लाएं। बैठक में मुख्य रूप से पुलिस अधीक्षक, अमन कुमार, उप विकास आयुक्त, अपर समाहर्ता, अनुमंडल पदाधिकारी, भू अर्जन पदाधिकारी, एसडीपीओ, जिला परिवहन पदाधिकारी एवं जिले के वरीय पदाधिकारी उपस्थित थे। साथ ही संबंधित प्रखंड के प्रखंड विकास पदाधिकारी, अंचल अधिकारी, बाल विकास परियोजना पदाधिकारी, सेक्टर पदाधिकारी, सेक्टर पुलिस पदाधिकारी, थाना प्रभारी एवं संबंधित प्रखंड के अधिकारी एवं कर्मी शामिल हुए। उन्होंने पदाधिकारियों को निदेशित किया कि सभी मतदान केन्द्रों पर न्यूनतम सुविधाएं उपलब्ध कराना की पूर्ण समीक्षा कर लें। चुनाव के कार्यों में किसी प्रकार की लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी। समीक्षा के क्रम में क्लस्टर प्रभारी एवं स्ट्रांग रूम प्रभारी के कार्यों संबंधी निर्देश दिए। साथ ही क्लस्टर मानचित्र और अन्य व्यवस्थाएँ सुनिश्चित करने एवं सभी क्षेत्रों के लिए चिकित्सा व्यवस्था की जानकारी ली गई। इसके साथ ही पुलिस अधीक्षक द्वारा सुरक्षा दृष्टिकोण से भी लिए जा रहे विभिन्न कार्यों की विस्तार से चर्चा की गई। तैयार किए गए रूट चार्ट और रूट मैप के आधार पर संबंधित प्रखंड विकास पदाधिकारी को उचित समन्वय के साथ कार्य करने के निर्देश दिए। इसी क्रम में वाहन की आवश्यकता अनुसार उचित उपलब्धता पर चर्चा की गई। संबंधित बाल विकास परियोजना पदाधिकारी से आवश्यकता के अनुसार व्हीलचेयर मूल्यांकन संबंधित दिशा - निर्देश दिए। समीक्षा बैठक में मतदाता जागरूकता समूह की बैठक करने, मतदान केन्द्रों पर स्वच्छ शौचालय एवं पेयजल पर विशेष ध्यान दिया जाए। उन्होंने आपसी समन्वय से कार्य-योजना तैयार कर समयबद्धता के साथ निर्वाचन कार्य सुनिश्चित कराने का निदेश दिया। उन्होंने कहा कि भारत निर्वाचन आयोग के द्वारा तय की गई जिम्मेवारियों का शत प्रतिशत अनुपालन सुनिश्चित कराएं।

मुरी रेलवे में अंबेडकर जयंती एवं सरहुल महोत्सव धूमधाम से मनाया गया

मुरी (प्रभात मंत्र संवाददाता): मुरी सरहुल बगीचा में रविवार को सरहुल महोत्सव बहुत ही धुमधाम से मनाया गया।पाहन द्वारा विधिवत पुजा अर्चना किया गया। महिलाएं एवं पुरुषों ने पारंपरिक वेशभूषा नगाड़े एवं मांदर के थाप पर थिरकते रहे। रेलवे डॉक्टर जे कच्छप जी के मार्गदर्शन में सरहुल बागान मुरी में आदिवासी रेलवे परिवार के तत्वावधान में सरहुल महोत्सव धूमधाम से मनाया गया। इस कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में स्थानीय विधायक सुदेश महतो जी ने प्रतिनिधि मंडल भेज कर सरहुल की बधाई दी। इस कार्यक्रम के आयोजन में मुख्य भूमिका आर. खेस, निरंजन बाघवार, राजू, विष्णु, कुसुम,ए के भगत, शिबू पहान, सनातन, डी के बड़ाईक, अमित, संदीप के साथ आदिवासी रेलवे परिवार के साथ एससी/एसटी एसोसिएशन, मुरी ए आइ एल आर एस,मेन्स कांग्रेस, मेन्स यूनियन के प्रतिनिधियोन के कर्मठ कार्यकर्तागण मौजूद रहे। सरहुल महोत्सव में अतिथियों के रूप में केंद्रीय सरना समिति, सिल्ली, मोदीडीह, अनगड़ा, उर्सलीन स्कूल की प्रचार्या सरीता बोदरा,सहायक सिस्टर, सिल्ली मुखिया, मोडीडीह मुखिया, सरना पार्थना सभा से महिलाएं शामिल हुए और ढोल मांदर की थाप पर खुब झुमे।कार्यक्रम का संचालन निरंजन बाघवार जी के द्वारा किया गया। अरुण भगत शिबू पहान के द्वारा प्रस्तुत सरहुल गीत से सभी आगन्तुक व स्कूली बच्चे खुब झूमे।सभी अतिथियों को मंच पर अंग वस्त्र देकर सम्मानित किया गया। सर्वप्रथम बाबासाहेब भीमराव अंबेडकर की 133वीं जयंती पर उनके तस्वीर पर माल्यार्पण किया गया। इस मौके पर लालू राम उरांव,भरत मुंडा, निरंजन बाघवार, काशीनाथ मांझी,गोंदुरा उरांव, गौतम कृष्ण साहु, अरविंद कुमार, लक्ष्मण महतो समेत सरना समिति के लोग मौजूद थे।

दाल लोड ट्रक अनियंत्रित होकर पलट गिरी खाई में, चालक की मौत व उपचालक घायल

प्रभात मंत्र संवाददाता

कोडरमा : कोडरमा थाना क्षेत्र अंतर्गत रविवार की सुबह लगभग 9:00 बजे रांची - पटना रोड के नौवा माइल के पास एक दाल लदा ट्रक अनियंत्रित होकर पलट कर खाई में गिर गई जिसमें चालक की मौके पर ही मौत हो गई,जबकि उपचालक घायल हो गए. घटना में मृतक की पहचान सुनील सिंह पिता नंदकिशोर सिंह के रूप में हुई है, वहीं घायल की पहचान राम सेवक सिंह पिता नंदकिशोर सिंह दोनों अपना भाई ग्राम छपरा के रूप में हुई है। मिली जानकारी के अनुसार बताया जाता है कि कोलकाता से ट्रक में दाल लोड करके छपरा जा रहा था। तभी कोडरमा घाटी के नौवा माइल के पास ट्रक अनंत्रित होकर पलट जाने से चालक की मौके पर ही मौत हो गई, जबकि उप चालक को हलकी-फुलकी चोट लगी है. वहीं घटना की सूचना कोडरमा पुलिस को मिलने के बाद कोडरमा थाना प्रभारी सुजीत कुमार व पैंथर तथा दमकल वाहन मौके पर पहुंच कर मृतक को कोडरमा सदर अस्पताल भिजवाया गया। जहां मृतक को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया गया। घटना के बाद मृतक के भाई का रो-रो कर बुरा हाल है।

प्रभात मंत्र प्राईवेट लिमिटेड के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक रेशमा खान द्वारा खबर-एक्सप्रेस प्रा0 लि0 3 व 4, ओपोजिट मॉरिश फूड कोकर इन्डसट्रियल एरिया, कोकर, रांची से मुद्रित कर कार्यालय प्रभात मंत्र राईन मार्केट पहला तल्ला, उर्दू लाइब्रेरी, मेन रोड रांची से प्रकाशित, संपादकीय कार्यालय-2बी दूसरा तल्ला, अनवर अरकेड, विश्वकर्मा मंदिर लेन , मेन रोड, रांची। संपादक : रवींद्र कुमार उपाध्याय*। *पीआरबी एक्ट के तहत समाचारों के चयन के लिए उत्तरदायी। मो0 न0 7004121786, 06513571957

लावा में चड़क पूजा 26 को, पहली बार महिलाएं करेंगी आयोजन

पटमदा(प्रभात मंत्र संवाददाता): पटमदा प्रखंड अंतर्गत लावा गांव में हर वर्ष की भांति इस वर्ष भी बांग्ला 13 वैशाख यानी 26 अप्रैल को शिव चड़क पूजा का आयोजन किया जाएगा। लेकिन इस बार का आयोजन कुछ खास होने वाला है। शनिवार को लावा हरि मंदिर में ग्राम प्रधान बृंदावन दास की अध्यक्षता में आयोजित बैठक के दौरान इसमें कई महत्वपूर्ण निर्णय लिया गया है। ग्राम प्रधान के मुताबिक महिला सशक्तिकरण को बढ़ावा देने के उद्देश्य से पूजा सह वार्षिक मेला का आयोजन महिलाओं द्वारा ही किया जाएगा। इसमें सर्वसम्मति से अध्यक्ष लक्ष्मी कुंभकार व सचिव रेखा कुंभकार का चयन किया गया है। आयोजन को लेकर सारी तैयारी महिलाएं खुद ही करेंगी जिसमें गांव के प्रत्येक परिवार से न्यूनतम 500 रुपए का चंदा कलेक्शन, रात्रि में होने वाले महिला छऊ नृत्य कार्यक्रम का संचालन से लेकर हर तरह की जिम्मेदारी उनको दी गई है जबकि सहयोग के रूप में पूरे गांव के लोग रहेंगे। रात्रि जागरण कार्यक्रम में पश्चिम बंगाल के बांदोवान थाना क्षेत्र के तालपात की महिला छऊ टीम एवं बलरामपुर थाना क्षेत्र के छोटा उरमा गांव की महिला छऊ नृत्य का प्रदर्शन आकर्षण का केंद्र होगा। बैठक में मुख्य रूप से शंकुरी गोराई, गीतारानी दास, सुजाता सिंह, सुमित्रा गोराई, काजल गोराई, सिमती सिंह, लक्ष्मी सिंह व रातुलि सिंह समेत दर्जनों ग्रामीण मौजूद थे।

मारवाड़ी युवा मंच सरायकेला के नए सत्र पदाधिकारियों का हुआ शपथ ग्रहण

सरायकेला(प्रभात मंत्र संवाददाता): अग्रसेन ठाकुरबाड़ी धर्मशाला में मारवाड़ी युवा मंच सरायकेला शाखा के नए सत्र 2024-25 हेतु चुने हुए पदाधिकारियों का शपथ ग्रहण समारोह आयोजित किया गया। जिसमे बतौर मुख्य अतिथि पूर्व राष्ट्रीय अध्यक्ष बलराम सुल्तानिया उपस्थित रहे। नए सत्र के लिए अध्यक्ष नीतीश चौधरी, सचिव अनमोल सेक्सरिया एवं कोषाध्यक्ष अभिषेक सेक्सरिया को विधिवत शपथ ग्रहण कराया गया। साथ ही 25 सदस्यों की कार्यकारिणी समिति की घोषणा की गई। मंच का संचालन राहुल अग्रवाल एवं आकाश अग्रवाल द्वारा किया गया। इस अवसर पर प्रेम चंद्र अग्रवाल, सरायकेला चैंबर ऑफ कॉमर्स के अध्यक्ष, पूर्व अध्यक्ष प्रदीप चौधरी, सरायकेला नगर पंचायत के पूर्व उपाध्यक्ष मनोज चौधरी सहित अन्य वरीय सम्मानित सदस्य एवं मंच के सदस्यगण भी उपस्थित थे।मारवाड़ी युवा मंच सरायकेला शाखा के नव निर्वाचित पदाधिकारी एवं सदस्य इस प्रकार हैं।अध्यक्ष : नीतीश चौधरी कोषाध्यक्ष : अभिषेक सेक्सरिया,सचिव : अनमोल सेक्सरिया, प्रेस प्रभारी दिनेश कुमार अग्रवाल तथा कार्यकारिणी सदस्यों में आनंद अग्रवाल (उपाध्यक्ष), सौरभ अग्रवाल, सुभम अग्रवाल, नितिन अग्रवाल,साकेत सेक्सेरिया. केशव लोहरीवाल, केशव चौधरी एवं ऋतुराज बुधिया एवं अन्य हैं।

वैदिक मंत्रोच्चारण के साथ शुरु हुई मां बासंती दुर्गा की पूजा

खरसावां(प्रभात मंत्र संवाददाता): चैत्र नवरात्रि के सातवें दिन रविवार को खरसावां मां बासंती की पूजा शुरु हुई. पुरोहितों ने वैदिक मंत्रोच्चारण के साथ मां बासंती की पूजा अर्चना की. इस दौरान हवन-पूजन कर मां बासंती दुर्गा की आरती उतारी गयी. सप्तमी पर मां बासंती दुर्गा की पूजा करने के लिये बड़ी संख्या में श्रद्धालु पहुंचे थे. 15 अप्रैल को अष्टमी पूजा का आयोजन होगा. ओड़िया पंचांग के अनुसार 16 अप्रैल को इस वर्ष विश्राम रहेगा. 17 अप्रैल को महानवमी तथा 18 अप्रैल को विजया दशमी की पूजा की जायेगी. विजया दशमी पूजा के पश्चात देर शाम को प्रतिमा विसर्जन किया जायेगा. मां बासंती दुर्गा पूजा के अंतिम दिन 18 अप्रैल को विजय दशमी के दिन ब्राम्हण समाज के युवकों का सामुहिक उपनयन होगा. मौके पर ब्रम्ह कुमारों को उपनयन संस्कार कराते हुए जनेऊ धारण कराया जायेगा. उपनयन संस्कार में सभी रश्मों को निभाया जायेगा. इसे देखने के लिये भी बड़ी संख्या में लोग पहुंचते है. मालूम हो कि खरसावां में ब्रम्हण समाज की ओर से 1903 से बासंती दुर्गा पूजा का आयोजन किया जा रहा है. भक्त सब कुछ भुला कर माता की आराधना में जुटे हुए है. पूजा के दौरान सप्तशती चंडी पाठ का भी आयोजन किया गया।

पोइला बैसाख पर गुड़ चना व शरबत वितरण

राजनगर(प्रभात मंत्र संवाददाता): राजनगर प्रखंड क्षेत्र में पोइला बैसाख के मौके पर काफी उत्साह देखा गया। वहीं हेंसल बाजार में इस मौके पर समाजसेवियों एवं व्यापारियों ने निजी स्तर से गुड़ चना व शरबत का वितरण किया।इस दौरान हेंसल बाजार में आये सभी आमजनों को शरबत पिलाया गया। वहीं अमर मोबाईल सेंटर के मालिक अमरनाथ गोप ने कहा प्रतिवर्ष हमारे यहां पोइला बैसाख पर गुड़ चना व शरबत वितरण किया जाता है।

सड़क किनारे खड़ा हाइवा धू-धू कर जल उठा

गम्हरिया(प्रभात मंत्र संवाददाता): कांड्रा थाना अंतर्गत मंडल होटल से कुछ दूरी पर सड़क किनारे खड़े एक हाइवा में रविवार की सुबह करीब आठ बजे अचानक आग लग गई। किसी को कुछ समझ में आता इससे पहले आग ने हाइवा को पूरी तरह से अपनी चपेट में ले लिया और हाइवा धू-धू कर जल उठा। आग लगने से कुछ देर के लिए सड़क पर अफरा तफरी मच गई। प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार, हाइवा चालक कुछ देर पहले ही वहां गाड़ी खड़ी कर होटल में चाय पीने गया। इसी दौरान अचानक उस हाइवा से धुआं उठने लगा। आसपास के लोगों ने हाइवा को जलते देख कर कांड्रा थाना और आधुनिक पावर एंड नैचुरल रिसोर्सेज कम्पनी के अग्निशमन विभाग को इसकी सूचना दी। सूचना मिलते ही कांड्रा थाना पुलिस और दमकल वाहन मौके पर पहुंची और उंक्त आग पर काबू पाया।

एनएच 33 पर ट्रक ड्राइवर की गोली मारकर हत्या, हत्यारों ने दागी 6 गोलियां

प्रभात मंत्र संवाददाता

जमशेदपुर : उलीडीह थाना क्षेत्र अन्तर्गत वसुंधरा स्टेट के सामने रविवार को हत्यारों ने ट्रक ड्राइवर की हत्या कर दी. ट्रक ड्राइवर का नाम सन्नी कुमार यादव है. वह बारीडीह का रहने वाला है. सन्नी कुमार यादव वसुंधरा स्टेट के पास ट्रक लेकर पहुंचा था. वह ट्रक की मरम्मत कर रहा था. तभी उसकी गोली मारकर हत्या कर दी गई. हत्यारे ने सनी कुमार यादव को अच्छे गोलियां मारी है. ज्यादातर गोलियां चेहरे और सर पर लगी है. हथियारों की संख्या 6 बताई जा रही है. हत्यारे तीन मोटरसाइकिल पर आए थे. बताते हैं कि एक गोली लगने के बाद सन्नी कुमार यादव ने भागने की कोशिश की लेकिन, हत्यारों ने उसे घेर लिया था. घटना की जानकारी मिलने पर भाजपा नेता विकास सिंह मौके पर पहुंचे.उन्होंने मामले की जानकारी एसएसपी किशोर कौशल और उलीडीह थाना पुलिस को दी. इसके बाद उलीडीह थाना पुलिस मौके पर पहुंची. पुलिस मामले की जांच में जुट गई है. बताते हैं की हत्या की घटना को अंजाम देने के बाद हत्यारे फरार हो गए. सन्नी कुमार यादव आशा का मिनी एसोसिएट्स के मालिक शानू वाजपेई की गाड़ी चलाता था. उसने 5 दिन पहले ही यह कंपनी ज्वाइन की थी. वह ट्रक की मरम्मत कराने एनएच पर पहुंचा था. हत्या की यह घटना किसने अंजाम दी है. पुलिस इसका पता लगाने में जुट गई है. घटनास्थल के आसपास के सीसीटीवी फुटेज खंगाले जा रहे हैं. पुलिस का कहना है कि जल्द ही हत्यारों का पता लगा लिया जाएगा।

बोटा नाला पर पुलिया निर्माण कार्य में अनियमितता पर भड़के ग्रामीण

प्रभात मंत्र संवाददाता

पटमदा : अनाबद्ध निधि योजना के तहत बोड़ाम के बोटा पहाड़ी नाला पर पुलिया निर्माण कार्य को ग्रामीणों ने अनियमितता का आरोप लगाते हुए बंद करा दिया है। एनआरईपी विभाग जमशेदपुर की देखरेख में एक करोड रुपए की लागत से बनने वाले पुलिया निर्माण के कार्य में जमीन ढलाई के दौरान 10 एवं 12 एमएम का छड़ लगाए गए हैं, जिसे देख ग्रामीण भड़क गए एवं पंचायत प्रतिनिधियों की देख-रेख में कार्य को बंद करवा दिया गया। इस संबंध में विभाग के कनीय अभियंता से दूरभाष पर संपर्क करने पर उन्होंने कोई जवाब नहीं दिया। बोटा पंचायत के उपमुखिया विनोद सिंह ने बताया कि बोटा पहाड़ी नाला पर ग्रामीणों के आवागमन हेतु पहली बार पुलिया का निर्माण किया जा रहा है, जिसमें घर के छत पर लगाए जाने वाले 10 एवं 12 एमएम का रड लगाया जा रहा है। उन्होंने बताया कि योजना से संबंधित किसी भी प्रकार का सूचनापट्ट कार्य स्थल पर नहीं लगाया गया है जिससे कि प्राक्कलन राशि एवं योजना से संबंधित अन्य जानकारी उल्लेख हो। ग्रामीणों ने योजना से संबंधित एस्टीमेट दिखाने एवं जेई की उपस्थिति में निर्माण कार्य जाने की मांग की है।

शहरबेड़ा दलमा मुख्य प्रवेश द्वार के समीप खुला पनशाला, राहगीरों को मिलेगी राहत

प्रभात मंत्र संवाददाता

चांडिल : शहरबेड़ा दलमा मुख्य प्रवेश द्वार के समीप सार्वजनिक बजरंग बलि मंदिर में रविवार को प्रथम बैशाख के अवसर पर दलमा बाबा बजरंग दल के तत्वाधान में तपती धूप को देखते हुए पनशाला का शुभारम्भ किया गया। जिसका उद्धघाटन आजसू पार्टी के केंद्रीय महासचिव हरेलाल महतो ने पूजा अर्चना कर की। इस दौरान उन्होने कहा आते जाते सभी राहगीरों को जलपान के साथ चना गुड़ की सेवा निरंतर मिलेगा। मौके पर दलमा बाबा बजरंग दल के अध्यक्ष सुभाष चंद्र महतो,साधु चरण महतो, शिब प्रसाद महतो, शांतनु हाजारी, धनंजय महतो, सूरज सिंह, मनोज महतो, मुन्ना महतो, तपन तंतुबाई आदि उपस्थित थे।

दिघी भुला हाइस्कूल में मनाई गई डॉ भीमराव अम्बेडकर की जयंती

प्रभात मंत्र संवाददाता

पटमदा : बोड़ाम प्रखंड के प्लस टू दिघी भुला हाइस्कूल में रविवार को विद्यालय परिवार की ओर से भारत के संविधान निर्माता बाबा साहेब डॉ भीमराव अम्बेडकर की 133 वीं जयंती सादे समारोह में मनाई गई। समारोह में उपस्थित भुला पंचायत के मुखिया मंगल सिंह, प्रधानाध्यापक जितेंद्र कुमार, शिक्षक निवारण महतो, अजीत मुंडा, बिप्लब नंदी, प्रबंधन समिति के सदस्य सुभाष महतो, रेबती गोप व बृंदावन महतो आदि ने डॉ भीम राव अम्बेडकर चित्र पर पुष्प अर्पित करते हुए उन्हें श्रद्धांजलि अर्पित की। मौके पर प्रधानाध्यापक जितेंद्र कुमार ने कहा कि बाबा साहेब डॉ भीमराव अंबेडकर एक विद्वान, वकील, सामाजिक कार्यकर्ता और राजनीतिज्ञ थे।

बोंटा में बाहा मिलन समारोह संपन्न, झामुमो नेता आस्तिक महतो हुए शामिल

प्रभात मंत्र संवाददाता

पटमदा : प्रकृति की उपासना का पर्व सरहुल के मौके पर रविवार को बोड़ाम के बोंटा गांव में बारहा दिशोम माझी परगना महाल की ओर से आयोजित बाहा मिलन समारोह में पहुंचे झामुमो नेता आस्तिक महतो ने उपस्थित आदिवासी समुदाय के लोगों के साथ सरहुल नृत्य किया। इस दौरान उन्होंने मांदर बजाते हुए लोगों को प्रकृति पर्व की बधाई दी। मौके पर आस्तिक महतो ने कहा कि हमारी झारखंडी भाषा-संस्कृति समृद्ध और गौरवशाली है। हमारे राज्य के आदिवासी मूलवासी समुदाय के लोग आज भी अपनी परंपरा व भाषा संस्कृति को बचाकर रखे हैं यह गर्व की बात है। मौके पर परगाना सवर्धन हांसदा, प्रकाश हांसदा, रमेश बास्के, लवकिशोर हांसदा, चैतन मुर्मू , हरिपद किस्कू आदि मौजूद थे।

बिष्टुपुर में जिला प्रशासन एवं पुलिस की कार्रवाई सही : सुधीर कुमार पप्पू

- झारखंड हाई कोर्ट के आदेश पर अतिक्रमण कार्यों के खिलाफ चल रही है कार्रवाई

प्रभात मंत्र संवाददाता

जमशेदपुर : जमशेदपुर के अधिवक्ता सुधीर कुमार पप्पू ने बिष्टुपुर में हुए पुलिस की कार्रवाई का समर्थन किया है।उन्होंने कहा कि व्यापारी वर्ग हमेशा यह भय दिखाता है कि उसके खिलाफ कार्रवाई हुई तो वह व्यापार उद्योग समेट लेगा। यह हमेशा पुलिस प्रशासन का भयादोहन करते हैं।अधिवक्ता सुधीर कुमार पप्पू के अनुसार झारखंड हाई कोर्ट के आदेश पर अतिक्रमण कार्यों के खिलाफ कार्रवाई चल रही है। लेकिन अतिक्रमण को हटाने से व्यापारी वर्ग परहेज करता रहा है और चेंबर ऑफ कॉमर्स की आड़ में मनमानी कर रहा है।कानून का पालन करने में व्यापारियों को क्या दिक्कत है क्या वह देश के कानून संविधान से ऊपर है इस अधिवक्ता के अनुसार यदि कोई व्यक्ति अतिक्रमण करता है तो उसे नोटिस देने का कोई प्रावधान नहीं है। पुलिस प्रशासन अपनी कार्रवाई करती है और जेएनएसी ने सराहनीय कार्य किया है।कानून का पालन करने वाले सभी नागरिक इस मामले में पुलिस प्रशासन के साथ हैं।

लहलहाती आग में चलकर व हुक घोंपकर लटकते हुए आस्था और भक्ति का दिया अनुठा परिचय

प्रभात मंत्र संवाददाता

ईचागढ़ : रविवार को ईचागढ़ प्रखंड क्षेत्र के लाबा गांव में भक्ती, श्रध्दा व विश्वास का अनुठा संगम देखने को मिला। लाबा गांव में बूटन ग्वालीन लहलहाती आग में चलकर भक्ति का परिचय दिया। यहां चड़क पूजा के उपलक्ष्य में लहलहाती आग में चलकर भगवान शिव को खुश करने का रिवाज है । कई बार आग में चलने से भी कहीं नही जलता है। बताया जाता है कि यह भगवान भोलेनाथ का कृपा है, जो हर वर्ष आग में चलकर भक्ति का परिचय देते हैं। वहीं भोक्ताओं ने अपने पीठ पर लोहे का हुक घोंपवाकर करीब 40 फीट उंचा लकड़ी से बने चरखा पर आसमान पर झुलकर भक्ति का प्रदर्शन किया। बताया जाता है कि लोहे के हुक को पीठ पर घोंपकर आसमान पर लटकते हुए घुमाने के बाद भी खुन नहीं बहता है और दो चार दिनों में बीना दवा का घाव भर जाता है। जिसे लोग दैविक करिश्मा के रूप में देखते हैं। रात को छौ नाच सहित कई सांस्कृतिक कार्यक्रम का भी आयोजन किया गया। उन्होंने कहा कि लोहे के हुक का घाव बीना मरहम पट्टी का एक सप्ताह में ठीक हो जाता है। यह बाबा भोलेनाथ के कृपा से ही संभव है,यह हमारी आस्था और विश्वास का फल है। मौके पर आयोजन समिति के सैकड़ों सदस्य व दर्शक उपस्थित थे।

मिलन चौक में सामूहिक आदिवासी सरहुल महोत्सव आयोजित

प्रभात मंत्र संवाददाता

ईचागढ़ : सरायकेला-खरसावां जिला के ईचागढ़ प्रखंड क्षेत्र के मिलन चौक में आदिवासी सारना समिति मिलन चौक के तत्वावधान में सामूहिक आदिवासी सरहुल महोत्सव सह मिलन समारोह का आयोजन किया गया। आदिवासी सरना समिति द्वारा डॉ भीम राव अम्बेडकर जयंती के अवसर पर पहली बार सरहुल महोत्सव का आयोजन किया गया। अम्बेडकर व बिरसा मुंडा के चित्र पर माल्यार्पण कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया गया। पहान लक्ष्मण सिंह मुण्डा द्वारा विधिवत सरहुल पूजा किया गया। समाज के लोगों ने सामुहिक रूप से बुरू बोंगा, सिंह बोंगा ,ग्राम देवता आदि का प्रार्थना किया गया। उपस्थित लोगों के बीच सखुआ फूल व प्रसाद का वितरण किया गया। वहीं उपस्थित अतिथियों को पूजा समिति द्वारा सखुआ फूल देकर स्वागत किया गया। वहीं रांची जिला के चार दलों द्वारा कलाकारों एक से बढ़कर एक सरहुल पांता नृत्य का प्रस्तुती किया गया। सरहुल नृत्य में दर्शक भी जमकर थिरके। मौके पर समाज सेवी इकिर गुंजन मुण्डा,प्रमुख गुरूपद मार्डी, मुण्डा समाज के अध्यक्ष प्रेम साही सिंह मुण्डा,बोध सिंह मुण्डा, राजेन सिंह मुण्डा, अनिल सिंह मुण्डा। श्री दाम सिंह मुण्डा, मुखिया नयन सिंह मुण्डा, दयाल सिंह मुण्डा, शक्ति सिंह ,भूतनाथ सिंह मुण्डा, सुचांद सिंह मुण्डा, छोटे पातर , देवेन्द्र नाथ माझी,अभिराम उरांव, आदि मुख्य रूप से उपस्थित थे।

ज्योतिका टांगरी के कार्यक्रम से प्रोवेनेंस 4.0 का हुआ समापन

प्रभात मंत्र संवाददाता

जमशेदपुर : आरवीएस कॉलेज ऑफ इंजीनियरिंग एंड टेक्नोलॉजी में चल रहे प्रोवेनेंस 4.0 टेक्नो कल्चरल फेस्ट के तीसरे दिन भी अनेकों छात्रों की अलग अलग कलात्मक प्रतिभाएं देखने को मिली। इस तीन दिवसीय टेक्नो कल्चरल फेस्ट के अंतिम दिन भी विभिन्न कॉलेजों जैसे जमशेदपुर महिला विश्वविद्यालय मनिपाल टाटा मेडिकल कॉलेज अरका जैन यूनिवर्सिटी बी ए कॉलेज ऑफ इंजीनियरिंग एंड टेक्नोलॉजी, मैरीलैंड इंस्टीट्यूट ऑफ टेक्नोलॉजी आदि के छात्र-छात्राओं ने भाग लिया। अब तक हुए इवेंट्स और उनके विजेता इस प्रकार हैं; खाना खजाना में नीलम मुर्मु, शिक्षा सिन्हा, रानी कुमारी, बृज द गैप में प्रेरणा कुमारी, कुमारी खुशी सिंह, रश्मि कुमारी, मधु साक्षी कुमारी, इसी प्रकार लड़कों के गली क्रिकेट के मैच में टीम पाईराइट्स को हराकर टीम कमल विजेता बनी। कॉलेज के अध्यक्ष बिंदा सिंह ने सभी विजेताओं को नकद पुरस्कार एवं प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया। तीसरे दिन का मुख्य आकर्षण है ज्योतिका टांगरी के गाने जैसे पल्लो लटके रे म्हारो, मैं नशे में और मुझमें नशा है आदि । मंच पर अध्यक्ष के साथ सचिव भरत सिंह, कोषाध्यक्ष शत्रुघ्न सिंह, कार्यकारी सदस्य शक्ति सिंह कॉलेज के प्राचार्य डॉ राजेश कुमार तिवारी मौजुद थे।

आरवीएस कॉलेज ऑफ इंजीनियरिंग में दो दिवसीय अन्तर्राष्ट्रीय कॉनफरेन्स आज से शुरू

प्रभात मंत्र संवाददाता

जमशेदपुर : आर वी एस कॉलेज ऑफ इंजीनियरिंग एण्ड टेक्नोलॉजी, जमशेदपुर में दो दिवसीय अंतर्राष्ट्रीय कॉनफरेन्स का आयोजन किया जा रहा है। यह कॉनफरेन्स आईईईई, यूएसए के संयुक्त सहयोग से 15 एवं 16 अप्रैल 2024 को कॉलेज के सभागार में आयोजित होगा। इसको लेकर आज एक प्रेस मीट का आयोजन किया गया है। प्रेस मीट में आर वी एस एजुकेशनल ट्रष्ट के चेयरमैन बिन्दा सिंह, सचिव भरत सिंह, कोषाध्यक्ष शत्रुघ्न सिंह, प्राचार्य डॉ राजेश कुमार तिवारी आदि प्रेस प्रतिनिधियों से बात कर रहे थे।कॉलेज के प्राचार्य सह कॉनफरेन्स चेयर प्रो डॉ राजेश कुमार तिवारी ने बताया कि विकसित भारत की बात हम सभी लोग करते हैं। हमारी सरकार भी कल का भारत, विकसित भारत% की बात करते हैं। यहाँ यह निश्चित रूप से विचारनीय है कि आखिर भारत एक विकसित राष्ट्र सही अर्थों में कैसे बन सकता है।

आज आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस, क्लाउड कम्प्यूटिंग, इंटरनेट ऑफ़ थिंग्स, क्वांटम कम्प्यूटिंग. डाटा साइंस, रिन्यूएबल एनर्जी आदि क्षेत्रों में गहन शोध की जरूरत है। इन्ही महत्वपूर्ण विषयों को ध्यान में रखते हुए आईईईई, कैलिफोर्निया, यूएसए के साथ संयुक्त सहयोग से आर वी एस कॉलेज ऑफ इंजीनियरिंग एण्ड टेक्नोलॉजी इस विषय पर दो दिवसीय अंतर्राष्ट्रीय कॉनफरेन्स का आयोजन कर रहा है। उल्लेखनीय है कि झारखण्ड प्रदेश में आईआईटी (आईएसएम) धनबाद एवं आरवीएस कॉलेज ऑफ इंजीनियरिंग एंड टेक्नोलॉजी, जमशेदपुर ही आईईईई इंटरनेशनल कांफ्रेंस का आयोजन करता आ रहा है।इस कॉनफरेन्स में पेपर प्रेजेंटेशन के लिए देश-विदेश से 600 से अधिक प्रतिभागियों ने पेपर जमा किया है। तीन बार स्क्रीनिंग के बाद 120 उत्कृष्ट पेपर का चयन कॉनफरेन्स में प्रस्तुति के लिए किया गया है। दो दिवसीय अंतर्राष्ट्रीय कॉनफरेन्स के मुख्य अतिथि झारखंड यूनिवर्सिटी ऑफ टेक्नोलॉजी, रांची के कुलपति प्रो डॉ डी के सिंह होंगे। दो दिन तक चलने वाले इस कॉनफरेन्स में आठ सत्र का प्रावधान किया गया है। हर सत्र के लिए एक सेशन चेयर होंगे। की नोट स्पीकर के रूप में आईआईटी (आईएसएम) धनबाद के प्रोफेसर डॉ जी साहू, डैफोडिल इंटरनेशनल यूनिवर्सिटी, बांग्लादेश के उपकुलपतिप्रोफेसर डॉ एस एम महबूब उल हक मजूमदार एवं मलेशिया से आ रहे प्रो डॉ अबु वकर अब्दुल हामिद हिस्सा ले रहे हैं। कॉनफरेन्स समापन के पश्चात सभी प्रस्तुत पेपर का प्रकाशन आईईईई एक्सप्लोर में प्रकाशित किया जायगा।

पटमदा में भगवान बिरसा मुंडा के अपमान का आरोप

दो माह के अंदर भव्य मूर्ति स्थापित हो अन्यथा जोरदार आंदोलन होगा : कालीराम सिंह

प्रभात मंत्र संवाददाता

पटमदा : पटमदा प्रखंड के मौजा लावा अंतर्गत बेलटांड़ बिरसा चौक में सांसद निधि से स्वीकृत योजना के तहत भगवान बिरसा मुंडा की छोटी मूर्ति लगाने पर ग्रामीणों ने विरोध जताया है। इसे भगवान बिरसा मुंडा का अपमान बताते हुए अगले दो माह के अंदर पूर्व की भांति विशाल एवं भव्य मूर्ति लगवाने की मांग की गई है। शनिवार को ग्रामीणों का एक प्रतिनिधिमंडल कॉमरेड परेश चंद्र मंडल के नेतृत्व में पटमदा बीडीओ पियूषा शालीना डोना मिंज को एक ज्ञापन सौंपा। ज्ञापन में कहा गया है कि जन सहयोग से (चंदा एकत्रित कर) करीब 40 वर्षों पूर्व भगवान बिरसा मुंडा की भव्य मूर्ति लावा मौजा अंतर्गत बेलटांड़ में स्थापित की गई थी। आंधी-तूफान से क्षतिग्रस्त होने के बाद सांसद विद्युत वरण महतो के सांसद निधि से नई मूर्ति लगवाने एवं परिसर का सौंदर्यीकरण हेतु योजना की स्वीकृति मिली थी। पिछले दिनों शेड निर्माण के साथ ही जो नई मूर्ति लगाई गई है, काफी छोटी एवं भगवान बिरसा मुंडा के साथ मजाक और उनके सम्मान के खिलाफ है। इसलिए उक्त मूर्ति का अनावरण या उद्घाटन किसी भी प्रकार से हमें मान्य नहीं होगा। जब जनसहयोग से विशाल मूर्ति स्थापित की जा सकती है तो सरकारी राशि का उपयोग कर छोटी मूर्ति लगवाने की क्या मजबूरी है।अगर उक्त मूर्ति का अनावरण कार्यक्रम होता है तो यहां के शहीद प्रेमी, देश प्रेमियों का आक्रोश भड़क सकता है और इसका खामियाजा स्थानीय प्रशासन को भुगतना पड़ सकता है। क्योंकि यह सरासर भगवान बिरसा मुंडा का अपमान है। ग्रामीणों ने संबंधित विभाग एवं ठेकेदार के माध्यम से फिर से नई एवं भव्य मूर्ति की स्थापना हेतु आवश्यक कार्रवाई की मांग की है। अन्यथा ग्रामीण आंदोलन को बाध्य होंगे। ज्ञापन सौंपने वालों में मुख्य रूप से परेश चंद्र मंडल, कालीराम सिंह, प्रभाकर महतो, जितुलाल मुर्मू व हेमलाल हेम्ब्रम शामिल थे। जबकि ज्ञापन में दर्जनों ग्रामीणों के हस्ताक्षर हैं।

संपादकीय

सियासी उत्कंठा में उत्पीड़न

सवाल उपचुनावों में फिर हिमाचल के कद और सामर्थ्य से कहीं बड़े हो जाएंगे। हर चुनाव की अमानत में जनता के सरोकार खोटे हो जाते हैं या चलते हुए नेता खोटे सिक्के हो जाते हैं। भाजपा हो या कांग्रेस चुनावों की फेहरिस्त ने नेताओं के बोल छोटे कर दिए। भाव-भंगिमाओं के चुनाव में हिमाचल अब रहता ही कहां है। हम एक चुनावी कबीला कब बन जाते हैं, पता ही नहीं चलता, लेकिन किसी को परिवारवाद, किसी को जातिवाद, किसी को क्षेत्रवाद और किसी को अब आलाकमान की सरकार बनानी है। नेता अब धरती पर कम पार्टियों की छाती पर मूंग दलते अधिक मिलते, लेकिन राजनीति के गुनाहों ने मित्रों की टोलियां बनाकर पलटवार शुरू कर दिए। हिमाचल की सियासत में विरासत का दर्द झलकता है, तो वाईएस परमार, वीरभद्र सिंह, शांता कुमार, प्रेम कुमार धूमल और जयराम ठाकुर का संसार दिखाई देता है। बदल गई है राज्य की संवेदना, सरोकार और दृष्टि। अब छोटे से हिमाचल के कई छोटे टुकड़े भटक रहे हैं, इसलिए कद में सियासत नहीं, पद में विरासत देखी जा रही है। परिदृश्य से कुछ नेताओं की कहानियां बार-बार याद दिलाती हैं कि स्वार्थ सिद्धि के चलते प्रदेश कदमों में नहीं, घुटनों के बल चलने की कोशिश कर रहा है। संभावना अगर अतीत में श्यामा शर्मा के कालखंड में राजनीतिक विदाई को अवसर दे रही थी, तो याद करें वह दौर जब पंडित सालिग राम की पगड़ी पर प्रहार हुआ था। ठाकुर कर्म सिंह बनाम वाईएस परमार या वीरभद्र सिंह बनाम पंडित सुखराम के दौर से निकली राजनीतिक उत्कंठा में उत्पीडन बढ़ता रहा है। उत्पीडन के शिलालेख इतनी बेदर्दी से लिखे जा रहे हैं कि हिमाचल का राजनीतिक इतिहास एक तरह के गुरिल्ला युद्ध में फंस कर रह गया है। अब बात ऊपरी और निचले हिमाचल की नहीं रही, नेताओं के व्यक्तिगत पंथ पर आधारित सियासत चलने लगी है। प्रेम कुमार धूमल सरकार की फांस बने विधायक आज अगर चकनाचूर हुए, तो सुक्खू सरकार के दरपेश फिर इसी तरह के मुकाबले के अवतार इस बार उपचुनाव बने हैं। राख हुए थे महल जहां सिंहासन रखे थे, आज के महाराजा अब कुर्सी के साथ नत्थी हैं। सत्ता के चुंबक ने सारा चरित्र खींच लिया, अब तो मंसूबों के द्वंद्व बिकते हैं। राजनीतिक हत्याओं के अंबार में दो नाम पूरी सियासत की कनपटी पर रखी बंदूक की तरह सदा सचेत करेंगे। भाजपा के डा. राजन सुशांत और कांग्रेस के मेजर विजय सिंह मनकोटिया के इर्द-गिर्द रहा राजनीतिक उफान बताता है कि कितने सिरकटे मजमून आहें भरते हैं। कभी जनता की निगाहों में ये नेता नायक बनकर उभरे, लेकिन सत्ता की राहों ने इन्हें खलनायक बना दिया। ये नेता हमने चुने, तो सत्ता के चुनाव में क्यों फनां हुए। रमेश धवाला भी हादसे का शिकार हुए तो इसलिए कि राजनीति का कर्मकांड अब चढ़ती सीढियों को उल्टा करने में माहिर है। ऐसे में उपचुनावों के फलक महज नतीजे नहीं, भविष्य की राजनीतिक फांस हैं। वर्तमान सत्ता के कुल नौ दोषी हैं, जिनमें छह कांग्रेस के विधायक रहे हैं। इनमें दो बड़े नाम राजेंद्र राणा व सुधीर शर्मा हैं, तो उनके लिए अतीत के एहसास को जीना आसान नहीं। हिमाचल के चुनावों में कई समीकरण और कई उबाल हैं, लेकिन राजनीति का शीर्षासन अगर कहीं हो रहा है, तो धर्मशाला और सुजानपुर के विधानसभा हलके हमेशा याद किए जाएंगे। यह भाजपा की बढ़त से कहीं अधिक दो नेताओं की कुंडली में घुसे शैतान से मुकाबला है। उस फितरत से पुनः जंग है जो इससे पहले ठाकुर कर्म सिंह, पंडित सुखराम, सालिग राम, डा. राजन सुशांत और मेजर विजय सिंह मनकोटिया ने लड़ी थी। यह बाघ-बकरी का मुकाबला नहीं, बल्कि अग्नि और बारूद का युद्ध है। सुलगते मसले बारूदी चुनाव की छाती पर किस तरह युद्ध क्षेत्र को हथियाते हैं, यह आने वाला वक्त ही बताएगा, लेकिन धर्मशाला-सुजानपुर के मैदान पर राजनीति अपने सबसे कठिन मोर्चे पर महाभारत लिख रही है। फिर महाभारत के पात्र कोसे जाएंगे, लेकिन अभिशप्त तो यह धरती ही होगी।

भाजपा हो या कांग्रेस चुनावों की फेहरिस्त ने नेताओं के बोल छोटे कर दिए। भाव-भंगिमाओं के चुनाव में हिमाचल अब रहता ही कहां है। हम एक चुनावी कबीला कब बन जाते हैं, पता ही नहीं चलता, लेकिन किसी को परिवारवाद, किसी को जातिवाद, किसी को क्षेत्रवाद और किसी को अब आलाकमान की सरकार बनानी है। नेता अब धरती पर कम पार्टियों की छाती पर मूंग दलते अधिक मिलते, लेकिन राजनीति के गुनाहों ने मित्रों की टोलियां बनाकर पलटवार शुरू कर दिए। हिमाचल की सियासत में विरासत का दर्द झलकता है, तो वाईएस परमार, वीरभद्र सिंह, शांता कुमार, प्रेम कुमार धूमल और जयराम ठाकुर का संसार दिखाई देता है। बदल गई है राज्य की संवेदना, सरोकार और दृष्टि। अब छोटे से हिमाचल के कई छोटे टुकड़े भटक रहे हैं, इसलिए कद में सियासत नहीं, पद में विरासत देखी जा रही है। परिदृश्य से कुछ नेताओं की कहानियां बार-बार याद दिलाती हैं कि स्वार्थ सिद्धि के चलते प्रदेश कदमों में नहीं, घुटनों के बल चलने की कोशिश कर रहा है।

भारत के लक्ष्य के तहत आम आदमी की खुशहाली बढ़ाने की जरूरत के मद्देनजर अभी से प्रशासनिक स्तर पर रणनीति बनाई जाना शुरू हो गई

विकसित भारत की दरकार है खुशहाली

डा. जयंतीलाल भंडारी

देश के आम आदमी के जीवन स्तर में वृद्धि, गरीबी में कमी, रोजगार के मौके बढ़ाने जैसे विभिन्न मुद्दों पर अधिक प्रयासों से ही देश खुशहाली के उस स्तर पर पहुंच सकता है, जोकि विकसित भारत की महत्वपूर्ण दरकार है। इस परिप्रेक्ष्य में हाल ही में 21 मार्च को प्रकाशित विश्व खुशहाली रिपोर्ट 2024 को भी ध्यान में रखा जाना जरूरी है, जिसमें 143 देशों में भारत को 126वां स्थान दिया गया है। गौरतलब है कि विश्व खुशहाली रिपोर्ट 2024 के तहत सामाजिक सहयोग, आय, स्वास्थ्य, स्वतंत्रता, उदारता और भ्रष्टाचार मुक्त वातावरण जैसे कारकों के आधार पर विश्व भर के देशों का आकलन कर रैंकिंग तैयार की गई है।

यद्यपि जून 2024 में गठित होने वाली नई सरकार के मूर्त रूप लेने में दो माह बाकी हैं, लेकिन 2047 में विकसित भारत के लक्ष्य के तहत आम आदमी की खुशहाली बढ़ाने की जरूरत के मद्देनजर अभी से प्रशासनिक स्तर पर रणनीति बनाई जाना शुरू हो गई है। देश के आम आदमी के जीवन स्तर में वृद्धि, गरीबी में कमी, रोजगार के मौके बढ़ाने जैसे विभिन्न मुद्दों पर अधिक प्रयासों से ही देश खुशहाली के उस स्तर पर पहुंच सकता है, जोकि विकसित भारत की महत्वपूर्ण दरकार है। इस परिप्रेक्ष्य में हाल ही में 21 मार्च को प्रकाशित विश्व खुशहाली रिपोर्ट 2024 को भी ध्यान में रखा जाना जरूरी है, जिसमें 143 देशों में भारत को 126वां स्थान दिया गया है। गौरतलब है कि विश्व खुशहाली रिपोर्ट 2024 के तहत सामाजिक सहयोग, आय, स्वास्थ्य, स्वतंत्रता, उदारता और भ्रष्टाचार मुक्त वातावरण जैसे कारकों के आधार पर विश्व भर के देशों का आकलन कर रैंकिंग तैयार की गई है। पिछले वर्ष भी इस रैंकिंग में भारत 126वें स्थान पर था। इस रैंकिंग में फिनलैंड दुनिया का सबसे खुशहाल देश है। नॉर्डिक देश खुशहाली सूची में शीर्ष पर बने हुए हैं। इनमें डेनमार्क और आइसलैंड ने क्रमशः दूसरा और तीसरा स्थान हासिल किया है। स्वीडन चौथे नंबर पर है। यद्यपि इस वैश्विक खुशहाली रिपोर्ट के प्रकाशित होने के बाद दुनिया के कोने-कोने से लोग इसे अतार्किक और अविश्वसीय बनाते हुए टिप्पणियां कर रहे हैं। कहा जा रहा है कि यूरोपीय विद्वानों के द्वारा निर्धारित विभिन्न मापदण्डों पर आधारित खुशहाली की रैंकिंग देने वाली यह सूची भ्रमित करने वाली है। इस रैंकिंग पर भरोसा नहीं होता है। इस खुशहाली की रैंकिंग में भारत से चार पायदान ऊपर 122वें पर स्थित पाकिस्तान दुनियाभर में महंगाई, ऋणग्रस्तता, धार्मिक आजादी व लोकतांत्रिक चुनौती से ग्रस्त ऐसे देश के रूप में चर्चित है जिस देश की सत्ता में सांप्रदायिक कट्टरपंथी जमात अग्रिम पंक्ति में है। कदम-कदम पर धार्मिक पाबंदियों वाला कुवैत दुनिया का 13वां सबसे खुशहाल देश है। इतना ही नहीं, फिलिस्तीन के साथ निर्मित युद्ध से जिस देश के हजारों लोगों के चेहरों पर निराशाएं दी हैं, उस इजराइल को दुनिया का पांचवां सबसे खुशहाल देश बताया गया है। इतना ही नहीं, युद्ध से पीड़ित क्षतिग्रस्त, हजारों मौतों का सामना कर रहा रूस 72वें, फिलस्तीन 103वें तथा यूक्रेन 105वें क्रम पर है। ये देश पीड़ाओं, निराशाओं व युद्ध के बावजूद भारत से अधिक खुशहाली की रैंकिंग

दर्शा रहे हैं। इस विश्व खुशहाली रिपोर्ट में बेमेल गणनाएं की गई हैं। इस सूची के तहत दुनिया की सबसे अधिक आबादी रखने वाले भारत और भारत की आबादी से एक फीसदी से भी बहुत कम आबादी रखने वाले देशों की जनसंख्या चुनौतियों व समस्याओं के मद्देनजर तुलनाएं करते हुए भी खुशहाली की गणना की गई है। प्रश्न यह है कि भारत जैसे दुनिया की बड़ी आबादी के साथ दुनिया के सातवें सबसे बड़े भूभाग रखने वाले भारत की तुलना दुनिया के छोटे-छोटे कम आबादी व कम चुनौतियां रखने वाले देशों से कैसे की जा सकती है? खुशहाली को महज आर्थिक प्रगति और संसाधनों की अधिकता के मद्देनजर देखा जाना उपयुक्त नहीं है। जिन कई देशों को दुनिया के अधिक खुशहाल देश बताया गया है, वहां आबादी बहुत कम है, चुनौतियां भी बहुत कम हैं तथा धार्मिक विद्वेष भी नहीं हैं। ऐसे कई छोटे देशों की सरकारों को किसी समस्या को सुलझाने में ज्यादा समय नहीं लगता है। ऐसे देशों की तुलना बड़ी-बड़ी समस्याओं का सामना कर रहे विशाल देशों से कैसे की जा सकती है? इस वैश्विक खुशहाली सूची में भारत के संबंध में कुछ ऐसे विश्व स्तर पर चमकीले परिदृश्य को ध्यान में नहीं रखा गया है जिनके लिए अंतरराष्ट्रीय मुद्रा कोष, विश्व बैंक सहित दुनिया के कई आर्थिक-सामाजिक संगठन अपने शोध पत्रों के आधार पर भारत में नए प्रयासों की सराहना करते हुए दिखाई दे रहे हैं। भारत में मानव विकास के तहत गरीबी में कमी लाने के प्रयास को भारी सफलता मिली है। पिछले एक दशक में भारत में 25 करोड़ लोग गरीबी से बाहर आए हैं। पूरी दुनिया में रेखांकित हो रहा है कि भारत आम आदमी को डिजिटल दुनिया से जोडने वाला दुनिया का प्रमुखतम देश है। भारत में प्रधानमंत्री गरीब कल्याण अन्न योजना के तहत 80 करोड़ से अधिक लोगों को मुफ्त अनाज मिल रहा है। भारत में सरकार के द्वारा गरीबों व किसानों के बैंक खातों में सीधे 32 लाख करोड़ से अधिक धनराशि भेजकर उनका सशक्तिकरण किया गया है। चाहे खुशहाली की सूची में विभिन्न देशों की रैंकिंग अनुचित और अन्यायपूर्ण ढंग से की गई है, लेकिन हमें भारत में आम आदमी के आर्थिक कल्याण, आम आदमी की आमदनी बढ़ाने तथा खुशहाली के विभिन्न पैमानों पर बहुत आगे बढने के लिए अभी मीलों चलना है। हमें भारत में खुशहाली बढ़ाने व आय असमानता के बड़े अंतर को कम करने के लिए बड़े प्रयास करने हैं। 21 मार्च को प्रकाशित न्यूयार्क यूनिवर्सिटी रिपोर्ट के मुताबिक वर्ष 2022-23 में भारत की कुल आय का 22.6 फीसदी हिस्सा सबसे अमीर एक फीसदी लोगों के पास गया। वर्ष 2022-23 में देश की सबसे अमीर एक फीसदी आबादी के पास राष्ट्रीय संपत्ति का 39.5 फीसदी हिस्सा था, जबकि सबसे गरीब 50 फीसदी आबादी के पास केवल 6.5 फीसदी हिस्सा था। यह परिदृश्य बताता है कि भारत में असमानता बढ़ी है। स्टडी में कहा गया है कि भारत में संपत्ति टैक्स सिस्टम प्रतिगामी है, जिसका अर्थ है कि अमीर लोग अपनी संपत्ति के अनुपात में कम टैक्स दे रहे हैं। शिक्षा, स्वास्थ्य और अन्य सार्वजनिक बुनियादी ढांचे में बड़े निवेशों को फंड करने के लिए टैक्स शेड्यूल में बदलाव करके आय और धन दोनों को टैक्स योग्य बनाया जाना होगा। हमें देश में मानव विकास के विभिन्न पैमानों पर तेजी से आगे बढने पर ध्यान देना होगा। हाल ही में संयुक्त राष्ट्र द्वारा जारी मानव विकास सूचकांक (एचडीआई) रिपोर्ट 2022 में भारत 193 में से 134वें स्थान पर है। यद्यपि भारत की रैंकिंग में पिछले वर्ष की एचडीआई-2021 रिपोर्ट के मुकाबले एक पायदान का सुधार हुआ है। भारत पिछले 34 वर्षों से 131 से 135वें स्थान पर झूल रहा है। एचडीआई का तात्पर्य मानव विकास के तीन बुनियादी आयामों- लंबा और स्वस्थ जीवन, शिक्षा तक पहुंच और सभ्य जीवन स्तर में औसत उपलब्धियों के आकलन से है। उल्लेखनीय है कि संयुक्त राष्ट्र ने नए मानव विकास सूचकांक में भारत की औसत बढ़त को दुनिया में सर्वश्रेष्ठ कहा है। पिछले एक वर्ष में भारतीयों की औसत आमदनी में 6.3 फीसदी की बढ़ोतरी हुई है। भारत में जीवन प्रत्याशा में शानदार वृद्धि हुई है। एक वर्ष पहले भारत में जीवन प्रत्याशा का औसत 62.2 था जो अब बढक़र 67.7 हो गया है। भारत ने लैंगिक असमानता को कम करने में भी प्रगति प्रदर्शित की है।

दृष्टि कोण

परिवारवाद की जकड़न में फसता लोकतंत्र

भारत एक मजबूत लोकतांत्रिक देश है। यह सभी जानते हैं कि भारत में जनता के लिए जनता का ही शासन है। जनता के शासन का सीधा तात्पर्य यही है कि जनता अपने बीच के किसी व्यक्ति को नायक बनाकर अपना प्रतिनिधि बनाती है। लोकतंत्र में जनता की पसंद और नापसन्द को ही महत्वपूर्ण माना जाता है, लेकिन आज हमारे देश में राजनीतिक दल अपने ही परिवार के कुछ लोगों को जबरदस्ती आगे करके नायक बनाने का खेल खेल रहीं हैं। यह खेल निश्चित रूप से लोकतंत्र को कमजोर करने वाला कहा जा सकता है। इस श्रेणी में एक या दो दल नहीं, कमोवेश हर राजनीतिक दल आज परिवारवाद की राह का अनुसरण करने के लिए अग्रसर हो रहा है। सवाल यह आता है कि आज नेता का बेटा या बेटी को ही विरासत सौंपने का चलन क्यों बढ़ रहा है, जबकि सारे राजनीतिक दल विशेषकर विपक्षी राजनीतिक दल लोकतंत्र को बचाने का नाराज बुलंद करने का सब्जबाग़ दिखा रहे हैं। अभी कुछ दिन पूर्व दिल्ली के रामलीला मैदान में विपक्षी राजनीतिक दलों ने लोकतंत्र बचाने के नाम पर एक रैली की, जिसमें परिवार को राजनीतिक विरासत सौपने की ही राजनीति दिखाई दी। इसका तात्पर्य यही हो सकता है कि अब विपक्षी दल लोकतंत्र के बजाय परिवारवाद को ज्यादा महत्वपूर्ण मान रहे हैं। लोकसभा चुनाव में सत्ता चाह की रास्ते तलाश करने वाला विपक्ष आज पूरी तरह से परिवारवाद की राजनीति को ही चरितार्थ करने की ओर अग्रसर होता दिखाई दे रहा है। दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविन्द केजरीवाल की गिरफ़्तारी के पश्चात विपक्षी राजनीतिक दलों की राजनीति परिवार को आगे लाने की क़वायद करने वाली ही लग रही है। पहले कांग्रेस, समाज़वादी पार्टी, राष्ट्रवादी कांग्रेस पार्टी, शिवसेना उद्धव ठाकरे और राष्ट्रीय जनता दल केवल अपने परिवार को ही आगे करके राजनीति करते रहे और आज भी कर रहे हैं, लेकिन अब इस दिशा में आम आदमी पार्टी और झारखण्ड मुक्ति मोर्चा भी शामिल हो गयी है। मुख्यमंत्री केजरीवाल की पत्नी सुनीता केजरीवाल ने भी अब सक्रिय राजनीति में कदम रख दिया है। हालांकि वे जनता की सहानुभूति पाने के लिए अरविन्द केजरीवाल के राजनीतिक अस्तित्व को फिर से स्थापित करने का प्रयास करेंगी, लेकिन केजरीवाल पर लगे भ्रष्टाचार के आरोपों पर विपक्ष की ओर से कोई भी बोलने के लिए तैयार नहीं है। जिस भ्रष्टाचार को समाप्त करने के लिए आज से एक दशक पूर्व दिल्ली के

रामलीला मैदान से पटकथा लिखी गई, आज वही रामलीला मैदान भ्रष्टाचार के आरोप लगने पर केजरीवाल को बचाने का गवाह बना। लोकतंत्र बचाने के नाम पर की गयी इस रैली को किसी आभासी प्रहसन से कम नहीं कहा जा सकता। अगर केजरीवाल ने कुछ किया नहीं होता तो उसे न्यायालय से आरोप मुक्त करके छोड़ दिया जाता। पहले प्रवर्तन निदेशालय की हिरासत के बाद अब केजरीवाल न्यायिक हिरासत में दिल्ली की तिहाड़ जेल में हैं। ऐसे में यह भी स्पष्ट हो जाता है कि दिल्ली के मुख्यमंत्री केजरीवाल के पास अपने बचाव के लिए ठोस प्रमाण नहीं हैं। यह बात सही है कि एक समय दिल्ली की जनता भ्रष्टाचार और वर्तमान राजनीतिक कार्य प्रणाली से बहुत त्रस्त हो गई थी, ऐसी स्थिति में जनता को केजरीवाल में एक नायक दिखाई दिया, जो जननायक बनने की श्रेणी में आ सकता था, लेकिन ज़ब उन पर और उनके मंत्रियों पर भ्रष्टाचार के आरोप लगने लगे, तब इस पटकथा की इबारत बदली हुई सी लगने लगी। अब आप पार्टी के नेता और राज्यसभा के सांसद संजय सिंह दो लाख के निजी मुचलके पर जेल से सशर्त बाहर आए तो उनका स्वागत ऐसे किया गया, जैसे वे आरोप मुक्त हो गए हों। आम आदमी पार्टी के इस प्रकार के चरित्र को देखकर यही कहा जा सकता है कि जो पार्टी राजनीति में बदलाव लाने का सपना दिखाकर मैदान में आई थी, आज वह भी समय के अनुसार बदल गई है। खैर यहां परिवारवाद की बात हो रही है। आप नेता संजय सिंह जेल से छूटने के बाद अरविन्द केजरीवाल की पत्नी सुनीता केजरीवाल से मिलने पहुंचे। यह वाकया निश्चित ही यह संकेत दे रहा है कि अब संभवतः सुनीता केजरीवाल दिल्ली में आम आदमी पार्टी के सपनों को पूरा करने वाली हैं। यह बात एक दम प्रामाणिक रूप से कही जा सकती है कि भारतीय लोकतंत्र के लिए सबसे बड़ा खतरा परिवारवाद है।

कुछ अलग

इलैक्टोरल बॉण्ड

चुनावी बॉण्ड असंवैधानिक करार कर उनसे राजनीतिक दलों को चुनाव फण्डिंग न किए जाने के सुप्रीमकोर्ट के आदेश के बाद यह संज्ञान में रहना चाहिए कि कम से कम मान्य चुनावी प्रक्रियाओं के संदर्भ में चुनावी बॉण्ड से मिला धन शुचिता वाला धन न होकर काले धन के समतुल्य ही था। दुखद यह रहा कि जब प्रजातांत्रिक चुनावों में काले धन का वर्चस्व हर बीतते चुनावों के साथ बढ़ता ही जा रहा था, चुनावी बॉण्ड की गुमनामी धनराशि भी उसी रूप में इसमें मददगार भी हो रही थी। जब ये एन चुनावों के पहले जारी होते थे, तब तो खासकर इनसे पाए करोड़ों रुपयों से राजनीतिक दलों को चुनाव लडने में आसानी होती थी। लगभग पांच साल देरी से आए इस निर्णय से पहले चुनावों में गैर-बराबरी जारी थी। इससे कई दलीय उम्मीदवारों की हार-जीत पर असर भी पड़ा होगा। जब चुनावी फण्डिंग की चुनावी बॉण्ड योजना आई थी, तो संसदीय परम्परा के विशेषज्ञ सुभाष कश्यप का विचार था कि राजनीतिक दल चुनावों में कालेधन का भारी उपयोग करते हैं। राजनीतिक दलों को इन बॉण्डों को देने वालों का नाम जाहिर करना बाध्यकारी नहीं है, अतः पारदर्शिता का अभाव तो रहेगा ही। जिनका गैर-कानूनी काम किया गया है वे भी तो नेताओं के कहने पर उनके दलों को बॉण्ड दे सकते हैं। फर्जी कम्पनियों के माध्यम से राजनीतिक बॉण्ड खरीदकर राजनीतिक आकाओं के दलों को उपकृत करने की संभावनाओं से भी इन्कार नहीं किया जा सकता। ऐसा धन राजनीतिक इस्तेमाल के लिए शुचिता वाला धन कैसे हुआ? अक्टूबर 2023 में पूर्व मुख्य चुनाव आयुक्त एसवाई कुरैशी का बयान था कि इलैक्टोरल बॉण्ड के पहले जो कुछ पारदर्शिता थी वह भी खत्म हो गई। पहले राजनीतिक दलों को बीस हजार रुपए और उससे ज्यादा धन देने वालों की सूची चुनाव आयोग के पास होती थी। वह उनको सार्वजनिक भी करता था, परन्तु इलैक्टोरल बॉण्ड जारी होने के बाद यह अनिवार्यता और पारदर्शिता भी नहीं रही। समाचारों में ही था कि नवम्बर 2023 में जिन पांच राज्यों में विधानसभा चुनाव हुए थे, वहां जब्त राशि पिछले विधानसभा चुनावों के मुकाबले सात गुणा ज्यादा थी। यदि सालों के अंतराल के बाद 31 अक्टूबर 2023 से चुनावी बॉण्ड की वैधता पर पुनः शुरू हुई सुनवाई पूरी होने के बाद भी उच्चतम न्यायालय की पांच न्यायाधीशों की संवैधानिक पीठ ने अपना निर्णय 2 नवम्बर 2023 को सुरक्षित न रखा होता तो शायद नवम्बर 2023 के विधानसभा चुनावों के पहले चुनावी बॉण्ड जारी भी न होते। स्टेट बैंक ऑफ इंडिया की 29 शाखाओं से 29वीं बार 6 नवम्बर से 20 नवम्बर 2023 के दौरान चुनावी बॉण्डों की बिक्री, खरीददारी हुई थी। पांच राज्यों के विधानसभा चुनावों में जो दो नवम्बर के काफी बाद हुए थे, कुछ राजनीतिक दलों को चुनावी बॉण्ड का फायदा मिल ही गया। पहली बार चुनावी बॉण्ड मार्च 2018 में बिके थे। इसके बाद वे विभिन्न सालों में विभिन्न अवधियों में बिकते रहे। अप्रैल 2021 में भी गैर-सरकारी संस्था एडीआर (एसोसियेशन फॉर डेमोक्रेटिक रिफाम्र्स) ने सुप्रीमकोर्ट में दायर याचिका में तब कुछ राज्यों में होने वाले विधानसभा के चुनावों के पूरे होने तक इलैक्टोरल बॉण्ड की बिक्रियों पर रोक लगाने की मांग की थी, किन्तु बेंच ने उसे खारिज कर दिया। केन्द्र ने एक अप्रैल 2021 से 10 अप्रैल 2021 तक बॉण्ड जारी भी किए थे। अदालत ने टिप्पणी भी की थी कि यह दलील मानना मुश्किल है कि मतदाताओं को राजनीतिक चंदों का स्त्रोत जानने का अधिकार नहीं है। बहरहाल कोर्ट के फैसले का स्वागत है।

देश दुनीया से

राजनीति में बदल रहे नैतिकता के मायने

आज की राजनीति को देखकर ऐसा लगने लगा है कि नैतिकता की राजनीति दूसरा तो अवश्य करें, पर ज़ब स्वयं को नैतिकता की कसौटी पर परखने की बारी आए तब नैतिकता के मायनों को बदल दिया जाता है। भारतीय राजनीति में राजनेताओं पर आरोप लगने पर कई लोगों ने अपने पद को त्याग दिया था, दिल्ली के शराब घोटाले के मामले में मुख्यमंत्री अरविन्द केजरीवाल ने भारतीय राजनीति को अलग राह पर ले जाने का उदाहरण पेश किया है, हालांकि इस उदाहरण को आदर्श वादिता के रूप में स्वीकार नहीं किया जा सकता, क्योंकि केजरीवाल भ्रष्टाचार के आरोप में गिरफ्तार किए गए हैं।

भारतीय राजनीति में ऐसे कई उदाहरण दिए जा सकते हैं, जो आज भी नैतिकता के आदर्श हैं। लेकिन आज की राजनीति को देखकर ऐसा लगने लगा है कि नैतिकता की राजनीति दूसरा तो अवश्य करें, पर ज़ब स्वयं को नैतिकता की कसौटी पर परखने की बारी आए तब नैतिकता के मायनों को बदल दिया जाता है। भारतीय राजनीति में राजनेताओं पर आरोप लगने पर कई लोगों ने अपने पद को त्याग दिया था, दिल्ली के शराब घोटाले के मामले में मुख्यमंत्री अरविन्द केजरीवाल ने भारतीय राजनीति को अलग राह पर ले जाने का उदाहरण पेश किया है, हालांकि इस उदाहरण को आदर्श वादिता के रूप में स्वीकार नहीं किया जा सकता, क्योंकि केजरीवाल भ्रष्टाचार के आरोप में गिरफ्तार किए गए हैं। यह एक मुख्यमंत्री पद पर रहने वाले व्यक्ति के लिए शोभनीय नहीं हैं। केजरीवाल स्वयं कहते थे कि वे राजनीति में भ्रष्टाचार को समाप्त करने के लिए आए हैं, लेकिन अब ज़ब उन पर ही सवाल उठ रहे हैं, तब उनसे भ्रष्टाचार मुक्त राजनीति की आशा करना बेमानी ही कही जाएगी। यहाँ सवाल यह भी उठ रहा है कि दिल्ली के शराब घोटाले में अभी तक जिन पर आरोप लग रहे हैं, उनको जमानत लेने का पर्याप्त आधार नहीं मिल रहा, इसका आशय यह भी है कि सरकार की ओर से कोई न कोई गलत आचरण किया गया होगा, अन्यथा एक मुख्यमंत्री को ऐसे ही गिरफ्तार नहीं किया जाता। प्रवर्तन निदेशालय की ओर से भी यही कहा जा रहा है, उसके पास इस बात के पर्याप्त सबूत हैं कि आम आदमी पार्टी के नेताओं के संकेत पर पैसों का लेनदेन हुआ। दिल्ली में शराब घोटाले के मामले में मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल को जिस प्रकार से प्रवर्तन निदेशालय ने गिरफ्तार किया है, उस पर विपक्ष की ओर से सत्ता पक्ष पर कई प्रकार के सवाल उठाए जा रहे हैं। सवाल उठाना विपक्ष की राजनीतिक मजबूरी हो सकती है, लेकिन इन सवालों की परिधि में प्रवर्तन निदेशालय की ओर से जो आरोप लगाए जा रहे हैं, उस पर विपक्ष कुछ भी बोलने की हिम्मत नहीं जुटा पा रहा है। इससे इस बात को भी बल मिलता है कि दाल में कुछ काला अवश्य है। प्रवर्तन निदेशालय ने यह साफ तौर पर संकेत दिया है कि केजरीवाल शराब घोटाले का मुख्य आरोपी है। अब यह जांच के बाद ही पता चलेगा कि मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल पर लगाए जा रहे आरोप किस हद तक सही हैं या फिर केजरीवाल अपने आपको निर्दोष साबित कर पाते हैं या नहीं। अगर प्रवर्तन निदेशालय की ओर से लगाए गए आरोपी प्रमाणित होते हैं तो यह स्पष्ट कहा जा सकता है कि मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल ने एक संवैधानिक पद के प्रभाव का दुरुपयोग किया है। हम यह भली भांति जानते हैं कि अरविंद केजरीवाल अण्णा हजारे के भ्रष्टाचार विरोधी आंदोलन की उपज हैं। उस समय अरविंद केजरीवाल ने अपने आपको ऐसा प्रचारित किया कि एक वे ही भारतीय राजनीति के उच्चतम आदर्श हैं। लेकिन उनके आचरण पर स्वयं अण्णा हजारे ने सवाल उठाए थे, हालांकि अण्णा हजारे के सवालों को केजरीवाल ने दरकिनार कर दिया। इसका तात्पर्य यही है कि अन्ना हजारे राजनीति में जिस प्रकार का पारदर्शी व्यवहार चाहते थे, वैसा दिखाई नहीं दे रहा था। अब

अरविंद केजरीवाल की गिरफ्तारी पर भी समाजसेवी अण्णा हजारे की ओर से साफ सुथरी टिप्पणी आई है, जिसमें अण्णा हजारे ने शराब पर नीति बनाने से रोका था। अण्णा हजारे ने केजरीवाल की गिरफ्तारी को उनके कर्मों का परिणाम बताया। आज दिल्ली का शराब घोटाला यही चरितार्थ करते हुए लग रहा है कि शराब किसी भी संस्था या व्यक्ति को बर्बाद कर देती है। यह बात केजरीवाल पर लागू होती है या नहीं, यह तो समय बताएगा, लेकिन जब आग लगती है तब ही धुंआ उठता है और इस धुंए का कालिमा किस किस के शक्ल को बिगाड़ने का काम करेगी, यह समय के गर्भ में है। केजरीवाल की सरकार पर सवाल उठना तो उसी समय प्रारंभ हो गए थे, जब उनका पहला मंत्री जेल में गया। उसके बाद तो जैसे लाइन ही लग गई। राजनीतिक शुचिता लाने का दम दिखाने वाले आम आदमी पार्टी के नेताओं पर इस प्रकार के आरोप लगने केवल राजनीतिक विद्वेष नहीं हो सकता। अगर यह कार्यवाही राजनीतिक होती तो स्वाभाविक रूप से इन सभी को जमानत भी मिल जाती। जमानत नहीं मिलने से यह आशंका प्रबल हो जाती है कि भ्रष्टाचार हुआ है। आम आदमी पार्टी के नेता भी केवल अरविंद केजरीवाल की गिरफ्तारी का ही विरोध कर रहे हैं, कोई भी यह नहीं कह रहा कि दिल्ली में शराब घोटाला नहीं हुआ या फिर गोवा के चुनाव में आम आदमी पार्टी ने भ्रष्टाचार का पैसा नहीं लगाया।

आप का नजरीया

सियासी आबंटन की सरहदें

हिमाचल में सत्ता संग्राम की सीढियों पर सामाजिक विवेचन की अद्भुत पहल भी देखी जा रही है। यहां मतदाता अपनी जातियों के आधार पर समूह और वर्ग पर केंद्रित सियासी काफिले बना रहे हैं। आश्चर्य यह कि हम विधानसभा क्षेत्रों में नए राजनीतिक आबंटन की सरहद पर खड़े हैं। शुरुआत कांगड़ा से हुई, तो कांग्रेस के सामने कई समूह बोलियां लगा रहे हैं। भाजपा के मापतौल पहले ही अपने अंकगणित को पूरा कर चुके हैं, लेकिन कांग्रेस के घर में जातिवाद की खिड़कियां आपस में झगड़ रही हैं। विधानसभा के धर्मशाला सीट पर कई जातियां और वर्ग कांग्रेस के सोच पर मंडरा रहे हैं। पहली बैठक गद्दी समुदाय की तरफ से हुई, तो कांग्रेस बनाम भाजपा के बीच यह वर्ग अपने सियासी वजूद की वेदना के साथ सामने खड़ा हो गया। अब ओबीसी समाज ने कांग्रेस की दीवारों पर हक जताते हुए पोस्टर चस्पां करके कई नाम उकेरे हैं। सत्ता से सामाजिक दायरों तक मापतौल का एक पैमाना चुनाव हो सकता है, लेकिन क्या हिमाचल अब इस रूप में पहचाना जाएगा। बेशक किसी भी समुदाय, जाति या गोत्र में पैदा होकर कोई व्यक्ति विभिन्न क्षेत्रों में अव्वल हो सकता है, लेकिन सत्ता का बंटवारा अब बहस का विषय है। स्वयं राहुल गांधी ने कांग्रेस के आधार को पिछड़ों, दलितों, वंचितों और अल्पसंख्यकों की शुमारी में आगे बढ़ाने का संकल्प लिया है, तो इस तर्क पर हिमाचल में पार्टी के टिकट आबंटन पर असर पड़ सकता है। पहले भी कांगड़ा संसदीय क्षेत्र से चंद्र कुमार कांग्रेस की टिकट पर सांसद बन कर सामाजिक न्याय के प्रतीक रहे हैं। गद्दी समुदाय से किशन कपूर लोकसभा से हाल ही में निवृत्त हुए हैं। जातीय समीकरणों के आधार पर ही अगर टिकटें सुनिश्चित होतीं, तो प्रदेश को जीएस बाली जैसा नेता नहीं मिलता। यह भ्रम फैलाया जा रहा है कि नेता को जाति, वर्ग या समुदाय बनाता है। नगरोटा बगवां की लगभग आधी आबादी ओबीएस वर्ग से संबंध रखती है, लेकिन जीतने वाले के लिए जातियां दोयम साबित हो रही हैं। समाज वहां अगर सही नेतृत्व ढूंढते हुए जाति भूल रहा है, तो उसे सलाम। आश्चर्य यह कि हिमाचल में नेतृत्व के लिए सत्ता पक्ष ने दो ही जातियां आज तक उपयोगी मानी। सरकारों का इतिहास बताता है कि हिमाचल में सबसे अधिक बार राजपूत मुख्यमंत्री ही बने, जबकि दो बार ब्राह्मण वर्ग के शांता कुमार इस पद पर रहे। नेता तो अन्य जातियों, वर्गों और समुदाय में भी शक्तिशाली व पारंगत हुए, लेकिन इस राज्य की कमान उन्हें अब तक नहीं मिली। ओबीसी तथा गद्दी समुदाय से कई दिग्गज नेता हुए, लेकिन उनके मंत्रालय भी प्रभावशाली साबित नहीं हुए। राजनीति का बदलता परिदृश्य हिमाचली समाज की पेशकश में नेताओं का फिर से मुआयना कर रहा है। सर्वमान्य होने से पहले जो नेता जातियों या वर्गों की वर्दी पहनकर उछलकूद कर रहे हैं, उन्हें पहचाना जाए या जिन्होंने सीढियां चढ़ते हुए यह साबित किया कि वे इस तरह की तफतीश से ऊपर हैं। गाहे-बगाहे हम चुनावों की परिपाटी में समाज के बीच अनावश्यक बंटवारे को देख लेते हैं। समाज को अब साधने और हांकने के लिए राजनीति नित नए बहाने ढूंढ रही है और इसकी विडंबना से हम ऐसे जनप्रतिनिधियों के पल्ले पड़ गए हैं, जो या तो परिवारवाद या जातिवाद की उपज हैं।

भाजपा प्रत्याशी कालीचरण सिंह ने अपने समर्थकों के साथ कान्हाचट्टी प्रखंड क्षेत्र में चलाया जनसंपर्क अभियान

क्षेत्र की जनता की एक-एक आवाज दिल्ली की संसद में अब गूंजेगा : कालीचरण सिंह

प्रभात मंत्र संवाददाता

चतरा : चतरा संसदीय क्षेत्र से भाजपा के प्रत्याशी कालीचरण सिंह अपने समर्थकों के साथ का कान्हाचट्टी प्रखंड क्षेत्र के दर्जनों गांव का आज दौरा किया। भाजपा कार्यकर्ताओं सहीत आम लोगों में काफी उत्साह देखा गया। जगह जगह पर प्रत्याशी कालीचरण सिंह का महिलाएं,युवा,किसान, भाजपा कार्यकर्ता, बुजुर्ग सहित समाज के सभी वर्गों ने माला पहनाकर उनका भव्य स्वागत किया।इस मौके पर उन्होंने कान्हाचट्टी प्रखंड क्षेत्र के प्रसिद्ध मंदिरों में पूजा अर्चना की।प्रत्याशी कालीचरण सिंह ने चतरा संसदीय क्षेत्र की जनता के लिए के उज्जवल भविष्य की कामना भी की। प्रखंड क्षेत्र के प्रसिद्ध मां वनखंडी मंदिर,कादे गांव के शिव मंदिर,बकचुंबा मंदिर में उन्होंने पूजा अर्चना की। भाजपा प्रत्याशी कालीचरण सिंह ने विभिन्न चौराहों पर जनता को संबोधित करते हुए कहा कि क्षेत्र जनता की सेवा के लिए सदैव एक पैर पर खड़ा रहूंगा। उन्होंने कहा कि भाजपा शीर्ष नेतृत्व ने एक सामान्य कार्यकर्ता को लोकसभा का टिकट दिया है और इस क्षेत्र की जनता की का पूर्ण आशीर्वाद मिल रहा है। अपने चुनाव प्रचार में उत्साह से लबरेज भाजपा प्रत्याशी कालीचरण सिंह ने कहा कि चतरा में शिक्षा को सर्वोच्च स्तर तक पहुंचाने की जिम्मेवारी जनता के अपार स्नेह से मिला है। उन्होंने कहा कि लोगों को रोजगार और तकनीकी शिक्षा के लिए मेडिकल, इंजीनियरिंग सहित कई अन्य शैक्षणिक संस्थानों को खोलने का प्रयास किया जाएगा। प्रखंड क्षेत्र के अति सुदूरवर्ती क्षेत्रों और बिहार राज्य की सीमा से सटे गांवों में सभी मूलभूत सुविधाएं उपलब्ध कराया जाएगा।पूरे दिन उन्होंने प्रखंड क्षेत्र की जनता से रूबरू होते रहे।एक दिवसीय दौरे पर भाजपा प्रत्याशी कालीचरण सिंह को अपार जन समर्थन भी मिल रहा है। इस दौरान चतरा के पूर्व विधायक जनार्दन पासवान, जिप उपाध्यक्ष बिरजू तिवारी, जिला अध्यक्ष रामदेव सिंह भोक्ता, जिला महामंत्री मृत्युंजय सिंह, विनय सिंह, इटखोरी चुनाव प्रभारी गोविंद राम दांगी, तुलेश्वर प्रसाद दांगी, धर्मनाथ ठाकुर, प्रकाश कुमार वर्मा, अनुज सिंह, प्रभु नाथ सिंह, सतीश सिंह, जितेंद्र सिंह, महेश दांगी, विनय सिन्हा, राजपुर पंचायत के मुखिया छोटू सिंह, तिलेश्वर राम,अरुण सिंह, महेंद्र सिंह, कादे पंचायत की मुखिया चंचला कुमारी, कौशल्या देवी, बद्री दांगी सहित सैंकड़ों कार्यकर्ताओं ने शिरकत की।

रामनवमी अखाड़ा के अध्यक्ष एवं साउंड ऑपरेटर के साथ थाना प्रभारी ने किया बैठक दिए निर्देश

प्रभात मंत्र संवाददाता

गिद्धौर : थाना परिसर में रविवार को डीजे साउंड ऑपरेटर एवं रामनवमी जुलूस अखाड़ा के अध्यक्षों के साथ थाना प्रभारी अमित कुमार गुप्ता ने बैठक किया। जहां अंचल अधिकारी राकेश सहाय भी उपस्थित थे। उपस्थित सभी लोगों के साथ रामनवमी में जुलूस एवं झांकी प्रस्तुत करने को लेकर बात विचार किया गया। एवं झांकी प्रस्तुत करने वाले अखाड़ों से रूट चार्ट व झांकी की जानकारियां थाना प्रभारी ने जुटाए। साथ ही साथ साउंड संचालकों को बैठक में निर्धारित साउंड बॉक्स लगाने का निर्देश दिया। निर्देश के पालन नहीं किए जाने पर साउंड संचालकों के साथ-साथ अखाड़ा के समितियां के विरुद्ध कार्रवाई करने की भी बात कही है। जबकि जुलूस में किसी भी स्थिति में भड़काऊ गाना व अश्लील गाना नहीं बजाने की बात थाना प्रभारी में कही। बैठक में रामनवमी महापर्व को शांतिपूर्ण श्रद्धा पूर्ण बनाने की अपील की गई।बैठक में महासमिति अध्यक्ष सांसद प्रतिनिधि संतोष कुमार, यशवंत दांगी, मुकेश कुमार, सत्यदेव उपाध्याय,यदुनंदन पांडेय सहित थे।

धूमधाम से मनाई गई बाबा साहब अंबेडकर की जयंती

सिमरिया(प्रभात मंत्र संवाददाता): प्रखण्ड के पुंडरा में अंबेडकर युवा समिति द्वारा बाबा साहब भीमराव अंबेडकर की 133वीं जयंती धूमधाम से मनाई गई। समारोह की शुरुआत दीप प्रज्वलित कर किया गया। वहीं मंच संचालन शिवनाथ राम ने किया। उन्होंने ने अम्बेडकर की जीवनी पर संक्षिप्त परिचय देते हुए कहा कि उनके आदर्शों को अपनाने और चलने की जरूरत है। समारोह में प्रेमलता चंद्रा ने भी मौजूद लोगों को संबोधित करते हुए कहा कि हमें बाबा भीम राव अम्बेडकर की तीन बातों पर अमल करने की जरूरत है। शिक्षित बनो, संगठित हो, संघर्ष करो का नारा याद कर अपनाने की जरूरत है। समारोह के अंत में भव्य शोभा यात्रा निकाली गई। जहां मुख्य रूप से मनोज चंद्रा, अम्बेडकर युवा समिति के अध्यक्ष पवन कुमार, सचिव अंकित कुमार, कोषाध्यक्ष अभिजीत कुमार, अजीत कुमार, पंकज कुमार सहित सैकड़ों लोग मौजूद थे।

आशा और गर्ल्स नॉट ब्राइट का अनुमंडल स्तरीय फुटबॉल मैच खेला गया

सिमरिया(प्रभात मंत्र संवाददाता): प्रखण्ड मुख्यालय के ईलेवन स्टार मैदान में आशा और गर्ल्स नॉट ब्राइट के संयुक्त तत्वाधान में अनुमंडल स्तरीय फुटबॉल मैच का आयोजन किया गया। फुटबॉल मैच के आयोजन में अनुराधा किशोरी समूह लूतीडीह और झांसी किशोरी समूह देल्हो के किशोरियों के बीच फुटबॉल मैच खेला गया। जहां अनुराधा किशोरी समूह लुतीडीह की किशोरियों ने 1-0 से झांसी किशोरी समूह देल्हो के किशोरियों को पराजित कर जीत अपने नाम कर लिया। यह कार्यक्रम बाल विवाह के खिलाफ किशोरी नेतृत्व को मजबूत करने के लिए किया गया था। जिसमें विभिन्न स्टेकहोल्डर ने भाग लेकर किशोरियों का मनोबल बढ़ाया। मौके पर लोक प्रेरणा केंद्र के सचिव मौसमी बाखला, प्रतिमा कुमारी, रानी कुमारी, कविता कुमारी के अलावे दर्जनों खिलाड़ी किशोरियां शामिल है।

चैती छठ डूबते हुए सूर्य को श्रद्धालुओं ने किया अर्घ्य अर्पित

प्रभात मंत्र संवाददाता

गिद्धौर : प्रखंड़ में आस्था का महापर्व चैती छठ पर्व को लेकर श्रद्धालुओं में देखा गया उत्साह एवं जबरदस्त भीड़। चैती छठ का डूबते हुए सूरज को आज रविवार संध्या दिया गया। चैती छठ को लेकर गिद्धौर के जाने-माने प्रसिद्ध रामसागर में लोगों की सैकड़ो में भीड़ देखी गई। चैती छठ पर्व में श्रद्धालु गाजे बाजे के साथ दंडवत देते राम सागर छठ घाट पहुंचे।जहां छठ घाट समिति सदस्यों ने छठ व्रतियों को नारियल व माला पहनाकर स्वागत किया। छठ घाट पर पंडित के द्वारा विधिवत स्वस्तिवाचन के साथ पूजा अर्चना किया गया। और सूर्य को अर्घ्य अर्पित किया गया। श्रद्धालुओं ने रामसागर छठ घाट में काफी मेहनत कर साज सज्जा भी किया है जो मनभावन है। सैकड़ो के भीड़ में श्रद्धालु उपस्थित हैं।

चतरा प्रेस क्लब के नवनिर्वाचित पदाधिकारियों व कार्यकारणी सदस्यों को किया गया सम्मानित

प्रभात मंत्र संवाददाता

चतरा : जिला मुख्यालय के गंदौरी मंदिर स्थित जलछाजन परिसर में सम्मान समारोह कार्यक्रम का आयोजन किया गया। जहां जिला ताइक्कांडो संघ, टेबल टेनिस, खेल संघ, टेबल सोकर संघ, पतंजलि योगपीठ, क्रीड़ा भारती चतरा इकाई और तलवारबाजी संघ के संयुक्त तत्वावधान में आयोजित सम्मान समारोह कार्यक्रम की अध्यक्षता डीएवी पब्लिक स्कूल के प्राचार्य एजाज अहमद व संचालन ताइक्कांडो संघ के विकास केसरी ने की। चतरा प्रेस क्लब के नवनिर्वाचित पदाधिकारी एवं कार्यकारिणी सदस्यों को संघ की ओर से सम्मानित किया गया। कार्यक्रम में उपस्थित डीएवी स्कूल के प्राचार्य एजाज अहमद, ताईक्काडो संघ के विकास केसरी, खेल संघ के अध्यक्ष व समाजसेवी पूर्व मुखिया विवेक सिंह, समाजसेवी मो जसीम, फजलू रहमान, टेबल सॉकर संघ के सूरज कुमार, पतंजलि योगपीठ के शिक्षिका रीना दुबे, मदन साहू, क्रीड़ा भारती की संगीता मिश्रा, सुनीता कुमारी, तलवारबाजी संघ के युगल कुमार और देवानंद सहित अन्य वक्ताओं ने कहा कि पत्रकार लोकतंत्र के चौथा स्तंभ होते हैं। विपरीत परिस्थिति में भी ये समाज को आईना दिखाने का काम करते हैं। सशक्त लोकतंत्र पत्रकारों के बिना अधूरा है। उन्होंने कहा कि नवनिर्वाचित कमेटी चतरा को एक नई दिशा देने का कार्य करेगी। तायक्काडों संघ के सचिव विकास केसरी ने कहा कि चतरा का गौरवमयी इतिहास रहा है। पत्रकारों के योगदान को भुलाया नहीं जा सकता है। चतरा प्रेस क्लब के नवनिर्वाचित अध्यक्ष सुनील कश्यप, उपाध्यक्ष अजीत सिंहा, सचिव जितेंद्र तिवारी, संयुक्त सचिव धर्मेंद्र गुप्ता, कोषाध्यक्ष घनश्याम बंटी समेत कार्यकारिणी सदस्य नवीन पांडे, संतोष केसरी, अजय चौरसिया, रणधीर सिंह, अजीत पांडे, शैलेश कुमार, कुलदीप दास, श्रीकांत राणा, अमित सिंह समेत अन्य को बुके देकर व माला पहना कर स्वागत किया गया।

बाबा भीम राव अंबेडकर का प्रतिमा अनावरण स्थगित

प्रतापपुर(प्रभात मंत्र संवाददाता): प्रखंड मुख्यालय के समीप बने गोलंबर में रविवार को भारत रत्न बाबा भीम राव अंबेडकर जयंती के अवसर पर बाबा साहब के प्रतिमा का अनावरण किया जाना था। लेकिन जिला प्रशासन के द्वारा निरस्त कर दिया गया। जिसको लेकर ग्रामीणों ने धरना पदर्शन कर दिया। ग्रामीणों के कहना है, की यह गोलंबर बहुत पहले से बना हुआ है, और हमलोग लगातार प्रतिमा का अनावरण की मांग कर रहे थे। जिसके बाद जिला प्रशासन के द्वारा निर्देश मिल गया था। और हमलोग सब तैयारिया कर लिए थे, और आज बाबा साहब का प्रतिमा का स्थापना कर देना था। लेकिन जिला प्रशासन के द्वारा ही निरस्त कर दिया गया। जिसके लेकर ग्रामीणों ने जमकर बवाल काटा। किसी तरह शांत करने के लिए मौके पर पुलिस मौजूद थी।

बारेसांड़ बाजार के प्रांगण में नवान्हपारायण यज्ञ का आज सातवें दिन

आचार्य रमेश कुमार सिंह के द्वारा प्रतिदिन सुनाई जा रही है भगवान की कथा

प्रभात मंत्र संवाददाता

गारु : प्रखंड के बारेसांड़ थाना क्षेत्र अंतर्गत बारेसांड़ बाजार के प्रांगण में रामनवमी पुजा के शुभ अवसर पर बड़े ही धूमधाम के साथ नवान्हपारायण यज्ञ का आयोजन किया जा रहा है।यज्ञ पूजा समिति के अध्यक्ष रंजन कुमार यादव ने बताया कि रामनवमी पूजा के शुभ अवसर पर नवान्हपारायण यज्ञ किया जा रहा है जिसमें मानस मणी दीप संस्थान के आचार्य रमेश कुमार सिंह के द्वारा प्रवचन सुनाया जा रहा है जो उनके मुख से निकला हुआ शब्द श्रोताओं कि मन मोह ले रही है। आगे उन्होंने कहा कि अति व्यस्त आधुनिक जीवन में समय निकालकर व्यक्ति को भगवान की कथा सुननी चाहिए। भगवान की प्रवचन सुनने से मनुष्य में विरक्ति आती है। व्यक्ति को शांति मिलती है। व्यक्ति को परमानंद मिलता है। प्रवचन सुनने से मनुष्य का पाप से उद्धार हो जाता है। उसे उपाधि मिलती है महान बनता है। भवसागर से पार उतर जाता है। इसलिए हमें कथा प्रवचन में समय देना चाहिए। शनिवार को पांचवां दिन था आचार्य श्री सिंह ने रामायण से कथा सुनाते हुए सिता स्वयंवर की झांकी दिखाकर सभी भक्तों को आनंदित कर दिया।वहीं रविवार को छठवें दिन श्रीराम जानकी कि विवाह में शामिल होने के लिए सभी लोगों को न्योता दिया गया।

चंदवा में मनाई गई बाबा साहब भीमराव अंबेडकर की 133 वीं जयंती

प्रभात मंत्र संवाददाता

लातेहार : चंदवा प्रखंड क्षेत्र में रविवार को संविधान निर्माता बाबा साहब भीमराव अंबेडकर की 133 वीं जयंती धूमधाम से मनाई गई। कुसुमटोली स्थित कृषि फार्म के प्रांगण में बहुजन चेतना मंच के द्वारा जयंती समारोह का आयोजन किया गया था। कार्यक्रम की अध्यक्षता शिक्षक बिगन राम ने की जबकि कार्यक्रम का संचालन शिक्षक सतेन्द्र राम कर रहे थे। कार्यक्रम में सर्वप्रथम पहुंचे लोगों ने बाबा साहब के चित्र पर माल्यार्पण कर व केक काटकर उनको याद किया।बहुजन चेतना मंच के जितेंद्र सिंह ने कहा कि बाबा साहब भारत देश के संविधान के शिल्पकार थे उन्होंने ही संविधान को गढ़ने का काम किया और देश के सभी नागरिकों को चाहे वह अमीर हो या गरीब, ऊंची जाति का हो या नीचि जाती का सभी को मान सम्मान के साथ जीने रहने और वृत्ति करने का काम किया। कार्यक्रम में बतौर मुख्य अतिथि राज्य प्रशासनिक अंचला अधिकारी के पद से सेवानिवृत्त हुए लालगंगाधर भगत ने लोगों को संबोधित करते हुए कहा की देश के सभी नागरिकों को बाबा साहब के विचार और सिद्धांत को आत्मसात करनी चाहिए। बाबा साहेब जब नीची जाति के लोगों को पढ़ने लिखने का अधिकार नहीं था उस समय में वे देश में सबसे ज्यादा शिक्षा की डिग्री प्राप्त की थी। उन्हें देश-विदेश के नौ भाषाओं की जानकारी थी। कार्यक्रम को कॉग्रेस प्रखंड अध्यक्ष असगर खान, मजदूर संघ के सतेंद्र प्रसाद यादव, शिक्षक संजय पासवान, सर्जन उरांव आदि लोगों ने भी संबोधित किया। वहीं अखिल भारतीय किसान सभा ने भी बाबा साहेब के चित्र पर माल्यार्पण कर उन्हें नमन किया। प्रमोद साहू ने बाबा साहेब के बताए मार्ग पर चलने की बात कही। मौके पर श्रीराम शर्मा, प्रमोद साहू, मो अल्लाउद्दीन, ओम साहू, संजय यादव, पूर्व मुखिया विकास कुमार भगत,रूपेश उरांव, बीरेन्द्र राम, गौतम कुमार, जितेंद्र सिंह, रविशंकर जाटव, अनिता देवी, पंचायत चंदवा पूर्व मुखिया पुष्पा देवी, मंजू सिंह, सरीता बेक, हरिकुमार भगत समेत सैकड़ों लोग मौजूद थे।

पेट में था दर्द, अचानक हो गई मौत

लातेहार(प्रभात मंत्र संवाददाता): जिला मुख्यालय स्थित सदर अस्पताल में बिना अल्ट्रासाउंड जांच किए ही बच्ची का इलाज कर दिया गया। जिसके कारण 10 वर्षीय बच्ची अंजलि कुमारी की मौत हो गई।आपको बतादें कि बच्ची को हल्का पेट में दर्द था जिसे लेकर परिजन शुक्रवार को सदर अस्पताल पहुंचे थे जहां पर डॉक्टर कलडुलना को दिखाने के बाद डॉक्टर ने अल्ट्रासाउंड जांच करने की बात कही। अल्ट्रासाउंड की व्यवस्था सदर अस्पताल में होने के बावजूद भी बच्ची का अल्ट्रासाउंड समय पर नहीं हो पाया और बिना अल्ट्रासाउंड जांच देखें ही डॉक्टर के द्वारा बच्ची का इलाज कर दिया गया। जिसके कारण बच्ची की मौत हो गई। इधर परिजनों ने बच्ची का मौत का कारण डॉक्टर का लापरवाही बताया है। मृतका बच्ची के पिता सत्य धर्मेंद्र सिंह ने बताया कि सुबह में बच्ची का पेट दर्द ज्यादा बढ़ गया था जिसको लेकर हमलोग तकरीबन 3ः00 बजे सदर अस्पताल पहुंचे जहां ओडी पर बैठे डॉक्टर कलडुलना ने बच्ची कि स्थिति को देखते हुए अल्ट्रासाउंड करने की बात कही। बच्ची को आईसीयू में भर्ती कर दिया गया था। अल्ट्रासाउंड के लिए हम लोग इधर से उधर भटकते रहे मगर डॉक्टर की सुविधा नहीं होने के कारण मेरी बच्ची का अल्ट्रासाउंड नहीं हो पाया और बिना अल्ट्रासाउंड हुए ही डॉक्टर ने बच्ची का इलाज कर दिया जिसके कारण बच्ची की मौत हो गई अगर समय में बच्ची का अल्ट्रासाउंड हो जाता तो शायद मेरी बच्ची की जान बच सकती थी लेकिन डॉक्टर की एक लापरवाही के कारण आज मेरी बेटी की जान चली गई आगे उन्होंने जिले के उपायुक्त से न्याय की गुहार लगाई है।

नव निर्मित आदिशक्ति महावीर मंदिर में प्राण प्रतिष्ठा कार्यक्रम का आयोजन

प्रभात मंत्र संवाददाता

बरवाडीह : बरवाडीह बस स्टैंड स्थित अंबेडकर चौक में रविवार को नवनिर्मित आदिशक्ति महावीर मंदिर के प्राण प्रतिष्ठा को लेकर तीन दिवसीय कार्यक्रम की शुरुआत कलश यात्रा से की गई। जिसमें मुख्य रूप से सम्मानित विधायक रामचंद्र सिंह, जिप सदस्य संतोषी शेखर समेत सैकड़ो की संख्या में महिला पुरुष श्रद्धांलुओं ने शिरकत की। वहीं कलश यात्रा की शुरुआत पुजारी सुरेंद्र मिश्रा के द्वारा मुख्य जजमान को विशेष पूजा अर्चना कराने के बाद श्रद्धांलुओं के बीच कलश वितरण कर कलश यात्रा को गाजेबाजे के साथ रवाना किया गया। जहाँ कलश यात्रा मुख्य मार्ग से नगर भ्रमण करते हुए आदर्श नगर के धड़धडी नदी में पूजा अर्चना कर कलश में जल लेते हुए भगवान के जयकारे के नारे के साथ नगर भर्मण कर कलश यात्रा मंदिर परिसर पहुंची। जहाँ कलश पुजन के बाद कलश को स्थापित किया गया। बताया गया कि सोमवार को मंदिर में स्थापित होने वाली माँ दुर्गा और भगवान महावीर की प्रतिमा की पूजा अर्चना और नगर भ्रमण के बाद प्रतिमा की स्थापना की जाएगी जिसे लेकर मंदिर समिति द्वारा तैयारी पूरी कर ली गई है। इस दौरान मंदिर समिति के नरेश चौरसिया, बब्लू कुमार, कमल किशोर सिंह, मनोज जयसवाल, अनिल सिंह, शिवानंद तिवारी, रवींद्र राम, विजय बहादुर सिंह, विधायक प्रतिनिधि प्रेम कुमार सिंह, दिलीप अग्रवाल, कन्हाई प्रसाद, सुनील सिंह, रवि शेखर, सोनू सिंह, सेठू सिंह, अमृत सिंह, अवधेश मेहरा, समेत काफ़ी सख्या में श्रद्धालू मौजूद रहे।

सविधान निर्माता बाबा साहेब भीम राव अंबेडकर की 133 वीं जयंती समारोह हर्षोल्लास व धूमधाम से हुआ संपन्न

प्रभात मंत्र संवाददाता

बारियातु : प्रखण्ड मुख्यालय स्थिति कांडरका नदी के समीप जतरा टाड़ परिसर मे भारतीय सविधान निर्माता बाबा साहेब भीम राव अम्बेडकर की 133वीं जयंती धूमधाम से मनाया गया. इस अवसर पर परियोंजना उच्च विद्यालय बारियातु से लेकर समारोह स्थल तक शोभायात्रा निकली गई। तत्पशचात सभी लोगो ने डां भीम राव अम्बेडकर की प्रतिमा पर माल्यार्पण व पुष्प अर्पित की करके अपनी श्रधा व्यक्त किया। इसके बाद मुख्य अतिथि प्रखण्ड विकास पदाधिकारी सह अंचला नन्द कुमार राम विशिष्ट अतिथि थाना प्रभारी राजादिलवार प्रखंड प्रमुख उर्मिला देवी बिससूत्री अध्यक्ष राजेंद्र गंझु जीप सदस्य रमेश राम व समारोह समिति अध्यक्ष केलाश राम ने फिता जोरकर व द्वीप प्रज्वलित करके समारोह का शुभारंभ किया मुख्य अतिथि, विशिष्ट अतिथि के साथ जन प्रतिनिधि, लवकुश यादव, लालशीषनाथ मुखिया सहादेव पूर्व मुखिया धनेश्वर उराव, राजीव भगत, सुरेश उरांव, केदार गंझु, पंसस सदस्य जनप्रतिनिधिव समाज सेवी, व बुद्धि जीवी को अंगवस्त्र देकर सम्मानित किया गया.इस अवसर पर वक्ताओं ने बाबा साहेब के संधर्ष शील, उन्नत, व प्रेरणामयी जीवन पर प्रकाश डाला ,अंचलाधिकारी नंदकुमार राम ने सभी लोगों को बाबा साहेब के प्रेरक पुस्तकों को पढकर प्रेरणा लेंने व अपने तथा अपने समाज का विकाश करने की बात कही .वही थाना प्रभारी राजा दिलावार ने शिक्षा के माध्यम से अपने आप को मजबुत करने की बात कही। इस दोरान अंचलाधिकारी व थाना प्रभारी दोनों ने बाबा साहेब के जीवन के प्रेरक पहलुओं को मंच पर रखा.समाज के कई विसंगतियों का रेखांकित किया। कार्यक्रम को सफल आयोजन मे मंच संचालक सकेन्द्र राम, राजु रामवृक्ष लोहरा, अजय बैठा, भीम प्रजापति, संजय राम, शंकर पासवान, सहित डॉ अम्बेडकर जन जागृति चेतना मंच के सभी सदस्यों ने महत्वपूर्ण योगदान दिया।

बालूमाथ में मानाई गई डॉ. भीमराव अंबेडकर की जयंती

बालूमाथ(प्रभात मंत्र संवाददाता): बालूमाथ प्रखण्ड में डॉ भीमराव अंबेडकर की 133 वी जयन्ती बड़े ही धूमधाम के साथ मनाई गई कार्यक्रम की अध्यक्षता गोपाल राम ने किया। बालूमाथ प्रखण्ड मुख्यालय स्थित हरिजन टोला में आयोजित कार्यक्रम में जयंती के अवसर पर केक काटा गया। आयोजित कार्यक्रम में आए अतिथियों द्वारा सबसे पहले डॉ भीमराव अंबेडकर के चित्र पर माल्यर्पण किया गया।और उन्हें नमन किया गया। वही उनकी जीवनी पर प्रकाश डालते हुए गोपाल राम ने कहा कि डॉ भीमराव अंबेडकर गरीब दलित और पिछड़े समाज के मसीहा थे।वही चेतना मंच के प्रखण्ड अध्यक्ष मनोज यादव ने कहा की दबे कुचले लोगो की आवाज थे तथा एक समाज सुधारक थे उन्होंने सामाजिक भेदभाव के विरुद्ध अभियान चलाया था। इसके अलावा कार्यक्रम को सुरेश राम बालकेश्वर राम ने भी संबोधित किया। ज्ञात हो कि डॉ भीमराव अंबेडकर जयंती के शुभ अवसर पर आज संस्कृतिक कार्यक्रम का आयोजन किया गया है ।जिसमे सभी अंबेडकरवादियों को कार्यक्रम में भाग लेने का अपील किया गया है। इस मौके पर मीडिया प्रभारी राम कुमार भुईयां, मुखिया नरेश लोहरा, बालकेश्वर राम, दीपक यादव, ब्रह्देव राम, प्रीतलाल यादव, बाबूलाल राम, तुलसी राम, दिलीप रजक, राजू गंझू, संजय राम, गोविंद दास, हरेन्द्र रवि, संतोष राम, बीरेन्द्र राम, अशोक राम, राजू दास सहित कई लोग उपस्थित थे।

बड़कागांव में मां बसंती दुर्गा पूजा को लेकर निकाली गई कलश यात्रा

प्रभात मंत्र संवाददाता

बड़कागांव : बड़कागांव के बसंती दुर्गा मंदिर में माता दुर्गा की षष्टी रूप माता कात्यानी की पूजा के मौके पर बसंती दुर्गा पूजा समिति के नेतृत्व मे कलश यात्रा सह शोभा यात्रा निकाली गई। इसमें महिलाएं, युवतियां एवं बच्चे कलश लेकर शामिल हुए। इसमें रामनवमी महासमिति के अध्यक्ष विवेक कुमार सोनी भी शामिल हुए। कलश यात्रा की शुरुआत दुर्गा मंदिर से शुरू किया गया जो डेली मार्केट कोरियाडीह, गोविंदडीह, गौरव बाजार, लोहार टोला, दुसाध मोहल्ला, अंबेडकर मोहल्ला, बरगद मोहल्ला, मुस्लिम मोहल्ला, रेंज ऑफिस, बड़कागांव मुख्य चौक, थाना रोड

होते हुए छवनियां नदी पहुंचा। जहां माता गंगा की स्तुति कर कलश यात्रियों ने जल भरकर पुन ־ दुर्गा मंदिर पहुंचे एवं माता कात्यानी की पूजा अर्चना की गई। रामनवमी महासमिति के अध्यक्ष विवेक कुमार सोनी, के नेतृत्व में कलश यात्रा में शामिल सैकड़ो लोगों को दही गुड़ का शरबत पिलाया गया। वहीं चैती दुर्गा मंदिर परिसर में भी बसंती दुर्गा पूजा समिति द्वारा भी चना एवं शरबत दिया गया। मौके पर कलश यात्रा में रामनवमी महासमिति के अध्यक्ष विवेक कुमार सोनी, रामसेवक सोनी, समाजसेवी दिनेश सिंहा, मुखिया संघ अध्यक्ष रंजीत कुमार, मुखिया तकरीमुल्लाह खान, बसंती दुर्गा पूजा समिति के अध्यक्ष अरविंद कुमार वर्मा, सचिव मनोज सोनी, कोषाध्यक्ष महेश सोनी, उपाध्यक्ष कृष्णा प्रसाद, राजू सोनी, मीडिया प्रभारी संजय सागर, पूजा प्रभारी राजू साव, शंभू सोनी, संयोजक सरोज सोनी, मनोरंजन मंत्री शंभू चौरसिया, सांवरमल अग्रवाल, बृजेश वर्मा, लखनलाल विश्वकर्मा, रवि सोनी, अर्जुन सोनी, दीपक वर्मा, प्रकाश सोनी, सरोज सोनी, चंदन कुमार सोनी, रामू सोनी,आदि शामिल थे।

छठ व्रतियों ने अस्तचलगामी सूर्य को दिया अर्घ्य, आज होगा समापन

प्रभात मंत्र संवाददाता

बड़कागांव : प्रखंड के तमाम गांव में चैती छठ पूजा श्रद्धा के साथ की जा रही है। रविवार को तमाम छठ घाट में अस्तचलगामी सूर्य को व्रतियों ने अर्घ्य दिया। इस बार पंकरी बरवाडीह गांव में चैती छठ पूजा विशेष रूप से देखा जा रहा है। ग्रामिण युवकों की टोली ने छठ माता के प्रति आस्था व श्रद्धा के साथ गांव के विभिन्न टोले मुहल्ले सहित छठघाट की साफ -सफाई की व नदी में पानी के लिए गड्ढे कर पानी जमाव किया। जिससे छठव्रतियों को किसी प्रकार कोई कष्ट न हो पाए। साथ ही लाइट व सांउड की व्यवस्था छठघाट में करवाया गया।

इसमें एसबीआई सीएसपी इंचार्ज राजु कुमार राणा की मुख्य भूमिका रही। वहीं मुख्य रूप से वार्ड सदस्य संतोष कुमार, दिनेश कुमार उर्फ दिपु साव, अशोक राम, प्रभु राम, रोहित साव, रीझन साव, महेश साव, गेन्दो साव, कृष्णा कुमार साव, जग्गू राम सहित दर्जनों लोग शामिल थे।

डॉ भीमराव अंबेडर हर भारतीयों का प्रेरणास्त्रोत हैं : सिकन्दर प्रसाद कुशवाहा

बरही : बरही प्रखंड अंतर्गत शिवपुर गडलाही में संचालित रेन्बो स्कूल बरही में डॉ भीमराव अंबेडकर की 134वीं जयंती मनाई गई। इस अवसर पर विद्यालय के निदेशक सिकन्दर प्रसाद कुशवाहा सहित सभी शिक्षकों ने डॉ भीमराव अंबेडकर को पुष्पांजलि देकर नमन किया। साथ ही साथ डॉ भीमराव अंबेडकर के महान कार्यों का अभिवादन किया। इस दौरान विद्यालय के निदेशक सिकन्दर प्रसाद कुशवाहा सहित सभी शिक्षकों ने डॉ भीमराव अंबेडकर जी के जीवन से सम्बन्धित अपने अपने विचार प्रस्तुत किए। विद्यालय के निदेशक सिकन्दर प्रसाद कुशवाहा ने कहा कि वे अर्थशास्त्री, कानूनविद और राजनेता थे। उन्होंने सिर्फ सामाजिक न्याय व सामाजिक असमानता के खिलाफ ही लड़ाई नहीं लड़ी बल्कि उन्होंने महिला सशक्तिकरण महिलाओं को बराबरी का अधिकार, मौलिक दायित्व की भी बात की। उन्होंने बताया कि अपने प्रगतिशील विचारों के चलते वे आज करोड़ों भारतीयों के प्रेरणास्त्रोत हैं। उन्होने अंबेडकर जयंती की शुभकामनाएं दी और सभी से उनके पदचिन्हों पर चलने का अनुरोध किया। मौके पर शिक्षकों में गौरी शंकर, प्रवीण कुमार, विद्यापति यादव, ऊषा यादव, पंकज कुमार, सुधा यादव, रिंकी कुमारी, शिवानी जायसवाल, विक्रम कुमार, रिफ्फत प्रवीण, अंशु कुमारी, प्रीति कुमारी, कुमारी स्वेता, रानी कुमारी एवं सतीश कुमार उपस्थित रहे।

भाजपा के चुनावी कार्यालय का हुआ उद्घाटन

हजारीबाग । झंझरिया पुल स्थित भाजपा का विधानसभा क्षेत्रीय बीजेपी कार्यालय का उद्घाटन किया गया। यह उद्घाटन भाजपा विधायक सह लोकसभा उम्मीदवार मनीष जायसवाल और भाजपा नेता प्रदीप प्रसाद के द्वारा संयुक्त रूप से किया गया। वही कार्यालय उद्घाटन कार्यक्रम में आजसू सुप्रीमो सुदेश महतो भी शामिल हुए। कार्यालय उद्घाटन को लेकर बीजेपी उम्मीदवार मनीष जायसवाल ने बताया कि मैं एक नेता नहीं बल्कि जन सेवक के रूप में पिछले 10 वर्षों से जनता के बीच रहा हूं और भाजपा ने फिर हजारीबाग लोकसभा क्षेत्र के लिए मौका दिया है तो मैं जनता के बीच जन सेवक के रूप में ही कार्य करूंगा। आगे उन्होंने कहा कि भाजपा ने लोकसभा चुनाव के लिए भरोसा जताया है। जिस पर हम सभी कार्यकर्ताओं को खरा उतरना पड़ेगा। साथ ही उन्होंने कहा है कि हमें ओवर कॉन्फिडेंस नहीं बल्कि जमीनी स्तर पर मतदाताओं से मिलने की जरूरत है। वही इस कार्यक्रम के दौरान सैकड़ो की संख्या में भाजपा कार्यकर्ता मौजूद रहे।

टीएसएस केंद्रीय अध्यक्ष ने बाबा साहब को किया नमन

प्रभात मंत्र संवाददाता

बरही : बरही प्रखंड के बाराटांड़ में बाबा साहेब अंबेडकर की जयंती के शुभ अवसर पर तिलेश्वर साहू सेना के केंद्रीय अध्यक्ष अरूण साहू ने बाबा भीमराव की प्रतिमा पर माल्यार्पण किया और भीमराव अम्बेडकर के पदचिन्हों पर चलने का संकल्प लिया। मौके पर अरुण साहू ने कहा की बाबा साहब भीमराव अंबेडकर ने ना सिर्फ देश के संविधान को बनाया बल्कि समरसता के उस भाव को भी आगे बढ़ाया है, जो भारतीय संस्कृति का अभिन्न हिस्सा है। अंबेडकर ऐसे महापुरुष थे जिन्होंने देश की अखंडता एवं एकता के लिए सतत प्रयास किया, उन्होंने ऐसे संविधान का निर्माण किया जिसमें से सभी वर्गो को समानता का भाव मिले। मौके पर भीम आर्मी के प्रखंड अध्यक्ष लक्ष्मण राम, तोखन रविदास, गुड्डू दास, विजय दास, अनिल दास, रवि दास, सिकेंद्र रविदास, मनोज रविदास, उमेश दास, जैकी रविदास, विकास दास, बिट्टू रविदास, तिलेश्वर साहू सेना के बरही प्रखंड अध्यक्ष संतोष रजवार, बरही प्रखंड उपाध्यक्ष सह मुखिया प्रतिनिधि छोटन ठाकुर, बरही प्रखंड उपाध्यक्ष प्रकाश दास, बरही प्रखंड प्रवक्ता छोटी राम, बरही मीडिया प्रभारी बबलू साहू, बरही प्रखंड युवा अध्यक्ष सन्नी गुप्ता समेत भारी संख्या में लोग मौजूद थे।

पुलिस ने बालू लदा हाईवे को जप्त किया, मामला दर्ज

प्रभात मंत्र संवाददाता

बड़कागांव : अवैध बालू कारोबार के रोकथाम को लेकर बड़कागांव पुलिस के द्वारा सघन छापेमारी जारी है। बीती रात रविवार 2:30 बजे बड़कागांव थाना प्रभारी मुकेश कुमार सिंह के नेतृत्व में पुलिस ने छापेमारी कर लिखलाही घाटी के पास से बालू लदा एक हाईवा (12 श्व - 7103) को जप्त कर थाना लाया गया। पुलिस को आता देख ड्राइवर घने जंगल की ओर भाग गया। मामले को लेकर थाना प्रभारी ने कहा कि वाहन मालिक और चालक के खिलाफ मामला दर्ज किया गया है। बताते चलें कि अवैध बालू कारोबार को लेकर बड़कागांव पुलिस द्वारा 4 दिन पहले तीन अवैध बालू लदा ट्रैक्टर को जप्त कर कार्रवाई किया गया था।

समाजिक सुधार की दिशा में कथावाचकों की आवाज : वीणा मिश्रा

प्रभात मंत्र संवाददाता

बड़कागाँव : सांढ़-छपेरवा गांव के यज्ञ में कथावाचक वीणा मिश्रा ने कहा कि आज समाज में इतनी कुरीतियां बढ़ गई है की हर व्यक्ति दुखी है। इसका कारण है की हम दूसरो की बुराइयों को देखते है पर अपनी कमी हमे नजर नहीं आती। यदि आप चाहते है की हमारा समाज सुखी हो, राज्य सुखी हो और देश सुखी हो तो, इसकी सुरुवात हमे सबसे पहले अपने घर और अपने आप से करना चाहिए। जब हमारा घर सुखी होगा तभी हम समाज को सुखी कर पाएंगे, और जब समाज सुखी होगा तभी हम राज्य और देश के लिए कुछ कर पाएंगे। आज हमारे देश भारत में पश्चिमी सभ्यता इतनी तेजी से बढ़ रही है की भारत की छवि को धूमिल कर रही है। हमारा भारत देश ही ऐसा देश है की जहां की धरती पर राम और कृष्ण का अवतार हुआ। इसी धरती पर

भगवान राम ने मर्यादित जीवन जीकर लोगो को मर्यादा में रहना सिखाया। अधर्मियो का नास करके धर्म की स्थापना की। भाई के संग भाई के प्रेम का ऐसा उदाहरण दिया की राम भगवान बन गए। कृष्ण भी अर्जुन को गीता का ज्ञान देकर उसे सही मार्गदर्शन दिया। समाज और देश का भला करने के लिए हमे अपने संस्कारों को बचाना होगा। सनातन धर्म को अपनाना होगा। दिन दुखियो के लिए तत्पर रहना होगा। धर्म के साथ जीवन जीना होगा, प्रभु राम के पद चिन्हों पर चलना होगा तभी हम सुंदर राष्ट्र की कल्पना कर सकते है। मानवता पूर्ण जीवन ही सुखी जीवन का आधार है। कथावाचक में सुंदर झांकियां प्रस्तुत करवाया गया। जिसमें मर्यादा पुरुष श्री राम, लक्ष्मण, माता सीता, बजरंगी हनुमान के साथ-साथ, शिव शंकर भगवान, पार्वती की झांकियां में शिव विवाह की झांकियां प्रस्तुति कर श्रद्धालुओं का मन मोहा। मौके पर मुखिया सुलेखा कुमारी, पंचायत समिति सदस्य उपेंद्र कुमार, यज्ञ समिति अध्यक्ष हरिशंकर प्रसाद, सचिव पुरन महतो, कोषाध्यक्ष कृतियानंद महतो सहित सैंकड़ों श्रद्धालु उपस्थित थे।

आजसू के ग्राम प्रभारी सम्मेलन में सुदेश ने भरी हुंकार

हजारीबाग : आजसू पार्टी का लोकसभा स्तरीय ग्राम प्रभारी सम्मलेन शनिवार को स्थानीय शिवम् बैंक्वेट, हरनगंज, हज़ारीबाग में आयोजित किया गया।कार्यक्रम की अध्यक्षता जिला अध्यक्ष सह केन्द्रीय प्रवक्ता विकास राणा ने तथा मंच संचालन रामगढ़ जिला अध्यक्ष दिलीप दांगी ने किया।कार्यक्रम में बतौर मुख्य अतिथि आजसू पार्टी के केन्द्रीय अध्यक्ष सुदेश कुमार महतो एवं विशिष्ट अतिथि गिरिडीह सांसद चन्द्रप्रकाश चौधरी शामिल हुए।उनके साथ आजसू पार्टी के मुख्य प्रवक्ता डॉ देवशरण भगत, गोड्डा लोकसभा प्रभारी खालिद खलील, केन्द्रीय सचिव अशोक नाग, रांची जिला प्रभारी जितेन्द्र सिंह, केन्द्रीय महासचिव सह बड़कागांव विधानसभा प्रभारी रोशनलाल चौधरी, माण्डू विधानसभा प्रभारी तिवारी महतो, केन्द्रीय प्रवक्ता सह हज़ारीबाग लोकसभा प्रभारी विकास राणा,विजय साहू, परमेश्वर महतो, रामगढ़ जिला अध्यक्ष दिलीप दांगी शामिल हुए।विशेष आमंत्रित अतिथि के रूप में राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन प्रत्याशी मनीष जायसवाल शामिल हुए, उनके साथ भाजपा के लोकसभा प्रभारी शशि भूषण भगत, भाजपा के लोकसभा संयोजक टुन्नू गोप, रामगढ़ जिला अध्यक्ष प्रवील मेहता एवं अर्जुन साव शामिल हुए।

बड़कागांव में धूमधाम से मनाई गई भीमराव अंबेडकर की जयंती

प्रभात मंत्र संवाददाता

बड़कागांव : भारत रत्न डॉक्टर भीमराव अंबेडकर की जयंती बड़कागांव प्रखंड में धूमधाम से मनाई गई। बड़कागांव काली मंदिर स्थित बाबा साहेब की आदमकद प्रतिमा पर प्रमुख फुलवा देवी ने अपने सहयोगियों के साथ माल्यार्पण कर श्रद्धांजलि दिया। इस दौरान फुलवा देवी ने कहा कि हमें डॉक्टर भीमराव अंबेडकर की बताए हुए मार्ग पर चलना है। बड़कागांव के अलावा सोनबरसा, जुगरा, चंदौल, बादम, बाबूपारा गांव के अलावा कई गांवो में अंबेडकर जयंती धूमधाम से मनाई गई।

खेरौन महोत्सव के कथा मंच में शामिल हुए भाजपा सांसद प्रत्याशी मनीष जायसवाल

प्रभात मंत्र संवाददाता

बरही : बरही प्रखंड अंतर्गत केदारुत पंचायत के ग्राम खेरौन में श्री श्री 1008 श्री शतचंडी महायज्ञ सह खेरौन महोत्सव के आयोजित बीते रात कथा व संध्या आरती में हजारीबाग भाजपा सांसद प्रत्याशी मनीष जायसवाल शामिल हुवे। खेरौन महोत्सव के सह महायज्ञ समिति के अध्यक्ष अवधेश सिंह के द्वारा मनीष जयसवाल को फूल माला एवं अंग वस्त्र पहनाकर सम्मानित किया। मौके पर मनीष जायसवाल ने कथा वाचिका कृष्णा लाडली प्रिया जी को माला पहनाकर कर स्वागत किया और उन्हें नमन किया। वही यज्ञ मंडप में मत्था टेक कर क्षेत्र में सुख समृद्धि की मंगल कामना किया। मौके पर उन्होंने कहा कि यज्ञ एवं भक्ति प्रवचन कार्यक्रमों से क्षेत्र का वातावरण शुद्ध होता है। साथ ही सकारात्मक ऊर्जा की उत्पत्ति होता है। मौके पर खेरौन महोत्सव के आचार्य अमित उपाध्याय वाराणसी, अध्यक्ष अवधेश कुमार सिंह, सचिव अवधेश सिंह, उपाअध्यक्ष वीरेन्द्र कुमार साहू, कोषाध्यक्ष कलू सिंह, भाजपा जिला उपाध्यक्ष रमेश ठाकुर,हजारीबाग जिला महामंत्री सुनील साहू, रंजीत चंद्रवंशी,भोला सिंह, शंभू सिंह, पूर्व अध्यक्ष अशोक सिंह, सत्येंद्र सिंह, प्रदुमन सिंह, गोपाल साव, लोकेश सिंह, रामधीन यादव, शैलेंद्र सिंह, प्रकाश सिंह, प्रदीप सिंह, अवध सिंह, विजय सिंह, दिनेश सिंह, मनोज सिंह, वीरेंद्र सिंह, भीम सिंह, सुरेंद्र सिंह, बीरबल सिंह, रंजीत सिंह, पवन सिंह, कालेश्वर साहू, दिलीप साहु, राकेश सिंह, पप्पू सिंह, मनोज सिंह, विनोद सिंह, विनय सिंह, प्रकाश सिंह, डॉक्टर सत्येंद्र सिंह, उपेंद्र सिंह, आरपी सिंह सहित कई श्रद्धालुओं मौजूद रहे।

पुंदौल अंजुमन का किया गया पुनर्गठन

प्रभात मंत्र संवाददाता

बड़कागांव : प्रखंड के चंदौल पंचायत अंतर्गत ग्राम पुंदौल में अंजुमन कमिटी पुंदौल के पुनर्गठन के लिए एक बैठक का आयोजन किया गया। बैठक में अंजुमन के सभी सदस्यों ने भाग लिया। सदस्यों ने सर्वसमिति से निर्विरोध सदर मुहम्मद मुस्तकिम, सेक्रेटरी मुहम्मद मंसूर एवं खजांची मुहम्मद शमीम का चयन किया। नव निर्वाचित सदर, सेक्रेटरी एवं खजांची को माला पनाकर इस्तेकबाल किया गया। मौके पर निर्वाचित पदाधिकारीयों ने कहा की हम सभी अंजुमन के कार्यो को ईमानदारी एवम निष्ठापूर्वक आप सभी लोगों के सहयोग से केरेंगे । मौके पर मुख्य रूप से शिक्षक मुहम्मद असलम, उपमुखिया मुहम्मद शमशेर अंसारी, मुहम्मद कलाम, मुहम्मद नौशाद, मोहम्मद अलाउद्दीन, मोहमद इरफान सहित सैकड़ों लोग उपस्थित थे।

ओबीसी कांग्रेस जनों ने मनाया बाबा साहेब की जयंती

प्रभात मंत्र संवाददाता

बरही : बरही प्रखंड अंतर्गत केदारुत पंचायत के ग्राम खेरौन में श्री श्री 1008 श्री शतचंडी महायज्ञ सह खेरौन महोत्सव के आयोजित बीते रात कथा व संध्या आरती में हजारीबाग भाजपा सांसद प्रत्याशी मनीष जायसवाल शामिल हुवे। खेरौन महोत्सव के सह महायज्ञ समिति के अध्यक्ष अवधेश सिंह के द्वारा मनीष जयसवाल को फूल माला एवं अंग वस्त्र पहनाकर सम्मानित किया। मौके पर मनीष जायसवाल ने कथा वाचिका कृष्णा लाडली प्रिया जी को माला पहनाकर कर स्वागत किया और उन्हें नमन किया। वही यज्ञ मंडप में मत्था टेक कर क्षेत्र में सुख समृद्धि की मंगल कामना किया। मौके पर उन्होंने कहा कि यज्ञ एवं भक्ति प्रवचन कार्यक्रमों से क्षेत्र का वातावरण शुद्ध होता है। साथ ही सकारात्मक ऊर्जा की उत्पत्ति होता है। मौके पर खेरौन महोत्सव के आचार्य अमित उपाध्याय वाराणसी, अध्यक्ष अवधेश कुमार सिंह, सचिव अवधेश सिंह, उपाअध्यक्ष वीरेन्द्र कुमार साहू, कोषाध्यक्ष कलू सिंह, भाजपा जिला उपाध्यक्ष रमेश ठाकुर,हजारीबाग जिला महामंत्री सुनील साहू, रंजीत चंद्रवंशी,भोला सिंह, शंभू सिंह, पूर्व अध्यक्ष अशोक सिंह, सत्येंद्र सिंह, प्रदुमन सिंह, गोपाल साव, लोकेश सिंह, रामधीन यादव, शैलेंद्र सिंह, प्रकाश सिंह, प्रदीप सिंह, अवध सिंह, विजय सिंह, दिनेश सिंह, मनोज सिंह, वीरेंद्र सिंह, भीम सिंह, सुरेंद्र सिंह, बीरबल सिंह, रंजीत सिंह, पवन सिंह, कालेश्वर साहू, दिलीप साहु, राकेश सिंह, पप्पू सिंह, मनोज सिंह, विनोद सिंह, विनय सिंह, प्रकाश सिंह, डॉक्टर सत्येंद्र सिंह, उपेंद्र सिंह, आरपी सिंह सहित कई श्रद्धालुओं मौजूद रहे।

सनराइज पब्लिक उच्च विद्यालय ने मनाई वर्षगाँठ

दारु। प्रखंड क्षेत्र के हरली पंचायत के पेटो मे स्तिथ सनराइज पब्लिक+2 उच्च विद्यालय में चौथी वार्षिक दिवस मनाया गया। इस अवसर पर विद्यालय परिसर मे एक भव्य सांस्कृतिक कार्यक्रम आयोजित किया गया। इस कार्यक्रम का विधिवत शुभारम्भ विद्यालय प्रबंधक आशीष राउत निर्देशक सीमा सिंह प्रधानाध्यापिका सीता कुमारी ने संयुक्तरूप से दीप् प्रजवलित् कर व फीता काटकर किया। विद्यालय के प्रबंधक आशीष राउत ने उपस्थित पत्रकार अतिथियों को मोमेंटो देकर और उनका स्वागत किया ।विद्यालय की छात्राओ ने स्वागत गीत पर शानदार डांस प्रस्तुत कर उपस्थित अभिभावकों का स्वागत किया। इसके साथ ही विद्यालय के छात्र छात्रावों ने एक से बढ़कर एक कार्यक्रम प्रस्तुत कर उपस्थित अतिथियों और अभिभावकों का मन मोह लिया। इस कार्यक्रम में मौजूद अभिभावकों ने विद्यालय की वार्षिक स्थापना दिवस पर विद्यालय प्रबंधन और स्कूली बच्चों. को बधाई देते हुए विद्यालय के उज्जवल भविष्य की कामना किया । प्रबंधक आशीष राउत ने विद्यालय के नित नये बढ़ते कदम की जानकारी दी।

बाबासाहब ने सामजिक भेदभाव के विरुद्ध अभियान चलाया था : विकास राणा

प्रभात मंत्र संवाददाता

हजारीबाग। आजसू पार्टी के जिला अध्यक्ष सह केन्द्रीय प्रवक्ता विकास राणा के नेतृत्व में आजसू पार्टी कार्यकर्ताओं ने डॉ बाबासाहब भीम राव अम्बेडकर की जयन्ती के अवसर पर जिला परिषद् चौक, हज़ारीबाग स्थित उनकी प्रतिमा पर फूलमाला चढ़ाकर श्रद्धासुमन अर्पित किया ! केन्द्रीय प्रवक्ता सह जिला अध्यक्ष विकास राणा ने कहा कि डॉ? बाबासाहब भीम राव आम्बेडकर लोकप्रिय, भारतीय बहुज्ञ, विधिवेत्ता, अर्थशास्त्री, राजनीतिज्ञ और समाज सुधारक थे। उन्होंने दलित बौद्ध आंदोलन को प्रेरित किया और अछूतों (दलितों) से सामाजिक भेदभाव के विरुद्ध अभियान चलाया था। श्रमिकों, किसानों और महिलाओं के अधिकारों का समर्थन भी किया था। वे स्वतंत्र भारत के प्रथम विधि एवं

न्याय मन्त्री, भारतीय संविधान के जनक एवं भारत गणराज्य के निर्माताओं में से एक थे। कार्यक्रम में मुख्य रूप से केन्द्रीय समिति सदस्य आनन्द सिंह, जिला कोषाध्यक्ष अजय कुमार, अधिवक्ता संघ के प्रमोद कुमार वर्मा, नगर अध्यक्ष आफ़ताब आलम, नगर सचिव अविनाश कुमार, कटकमदाग प्रखण्ड अध्यक्ष अवध किशोर साव, विशाल कुमार प्रजापति, दिनेश प्रजापति, रुपेश राणा सहित अन्य लोग शामिल थे !

बरही के उपमुखिया ने संघ का किया गठन

प्रभात मंत्र संवाददाता

बरही : बरही प्रखंड के कोनरा पंचायत भवन में उप मुखिया की एक बैठक हुई। जिसमें सभी पंचायत के उपमुखिया शामिल हुए।बैठक की अध्यक्षता धनवार पंचायत के दामोदर वर्मा ने किया। बैठक में डॉ भीमराव अंबेडर की जयंती पर बाबा साहेब की तस्वीर पर पुष्प अर्पित कर उपमुखिया संघ का गठन की प्रक्रिया शुरू की गई। इसमें खोड़ाहर पंचायत के रोहित यादव उपमुखिया संघ के अध्यक्ष बने। वहीं सचिव करसो पंचायत के बालेश्वर यादव, कोषाध्यक्ष बरही पश्चिमी के अजीत निषाद को मनोनित गया। वहीं उपाध्यक्ष पद के लिए अगले बार की बैठक में निर्णय लेने का प्रस्ताव लिया गया।वहीं सर्वसम्मति से संघ के कोष में निर्धारित राशि जमा करने की बात की गई।साथ ही हर माह के 5 तारीख को बैठक की तिथि रखी गई एवं संघ को मजबूती, क्षेत्र में हो रहे मनमानी एवं आम जनों के साथ हो रहे लापरवाही पर नकेल कसने एवं अन्य विषयों पर चर्चा हुई. मौके पर बलराज यादव डपोक पंचायत, दामोदर वर्मा धनवार पंचायत, विनोद यादव पंचमाधव पंचायत प्रतिनिधि, अशोक राणा बेंदगी पंचायत , संतोष कुमार प्रजापति करियातपुर पंचायत प्रतिनिधि व अन्य उपस्थित रहे।

प्रदीप प्रसाद एवं रामनवमी महासमिति के संयुक्त रूप से भव्य नगर शोभायात्रा आज

प्रभात मंत्र संवाददाता

हजारीबाग। मर्यादा पुरुषोत्तम भगवान श्री राम के जन्म उत्सव रामनवमी को लेकर हर तरफ भक्ति भाव का माहौल देखने को मिल रहा है विभिन्न संस्थाओं के द्वारा विभिन्न प्रकार का कार्यक्रम आयोजित किया जा रहा है इसी बीच हजारीबाग शहर के समाज सेवी सह भाजपा नेता प्रदीप प्रसाद एवं रामनवमी महासमिति के अध्यक्ष जीतू यादव के संयुक्त रूप से 15 अप्रैल को बुढ़वा महादेव से संध्या 3־00 भव्य रामनवमी शोभायात्रा निकली जाएगी। जो कि शहर का भ्रमण करते हुए एक निर्धारित स्थल पहुंचकर समाप्त होगी, शोभायात्रा में विशेष प्रस्तुति राष्ट्रीय स्तर के कलाकार उज्जैन सहित के अन्य राज्यों से हजारीबाग की पावन धरा पर पहुंचेंगे वहीं स्थानीय कलाकारों के द्वारा भव्य शोभा यात्रा में झांकी प्रस्तुत की

जाएगी। भव्य शोभा यात्रा अलौकिक अद्भुत और सुंदरता से परिपूर्ण होगा। प्रदीप प्रसाद के द्वारा ऐसी शोभायात्रा पहली बार आयोजित की जा रही है शहर के समस्त राम भक्तों को इस शोभायात्रा में आमंत्रित किया गया है। आपको बता दे कि प्रदीप प्रसाद राजनीतिक क्षेत्र के साथ धार्मिक और सामाजिक कार्यो में भी अपनी पूरी सहभागिता सुनिश्चित करते हैं उनके टीम के द्वारा हर जरूरतमंद लोगों को रक्त उपलब्ध कराया जाता है। प्रदीप प्रसाद ने कहा कि ऐसी कार्यक्रम हमारे द्वारा पहली बार आयोजित की जा रही है। इस कार्यक्रम में महासमिति के अध्यक्ष जीतू यादव जी का भी विशेष सहयोग मिल रहा है। इस भव्य कार्यक्रम में समस्त राम भक्त सादर आमंत्रित हैं, शोभायात्रा 15 अप्रैल को बुढ़वा महादेव से निकली जाएगी, जो शहर के विभिन्न चौक चौराहों से गुजरते हुए एक निर्धारित स्थल पर समाप्त होगी, इस भव्य शोभा यात्रा में राष्ट्रीय स्तर के कलाकारों के साथ स्थानीय कलाकार अपनी मनमोहक प्रस्तुति से लोगों को भक्ति मय करेंगे, पुनः आप सभी से विनम्र अनुरोध करता हूं कि आप सभी इस भव्य आयोजन में अवश्य शामिल हो इस कार्यक्रम को ऐतिहासिक बनाएं।

भाजपा भुरकुंडा मंडल द्वारा बाबा साहेब भीमराव अंबेडकर की जयंती बहुत ही धूमधाम से मनाई गई

भुरकुंडा(प्रभात मंत्र संवाददाता): भारतीय जनता पार्टी भुरकुंडा मंडल अध्यक्ष सतीश मोहन मिश्रा के नेतृत्व में बाबा साहेब भीमराव अंबेडकर की जयंती बहुत ही धूमधाम से मनाई गई। भुरकुंडा मंडल अध्यक्ष सतीश मोहन मिश्रा ने कहा बाबा साहब किसी जाती धर्म के लिए नहीं थे विश्व कल्याण के प्रणेता थे आज उनके आदर्शों को भारत ही नहीं विश्व उनके आदर्शों को अपनाता है भुरकुंडा ट्रेकर स्टेंड के समीप बाबा साहेब के प्रतिमा पर माल्यार्पण कर अपनी श्रद्धा सुमन सभी ने अर्पण किया कार्यक्रम को सफल बनाने में योगेश दांगी सत्येंद्र नारायण सिंह अमरेश सिंह जुगल नायक जगतार सिंह महेंद्र सिंह अशोक सोनी ज्योति सिंह आकाश साहू बाबूलाल नायक अखिलेश टोपो संतन सिंह राजन पांडे देव कुमार सिंह ज्योति बाला गीता श्रीवास्तव अनिता राय अजय पासवान सुभाष दास कमलेश सिन्हा प्रकाश नायक राजेंद्र राम उमेश राम राजेश राय भुरकुंडा मंडल अध्यक्ष सतीश मोहन मिश्रा आदि उपस्थित थे।

मांडू प्रखंड के विभागीय कर्मचारी मनरेगा सहित जल विभाग में हावी है

कुजू(प्रभात मंत्र संवाददाता): रामगढ़ जिले के मांडू प्रखंड अंतर्गत पीएचडी विभाग और मनरेगा में एक पिचवदी कर्मचारी हावी है सूत्रों के हवाले से बताया जाता है कि मांडू प्रखंड के 36 पंचायत में लगभग पंचायत में मनरेगा और पीएचडी के कार्यों में कथा कथित एक कोर्डिनेटर हर पंचायत में मुखिया से मिली मिली भगत कर खुद ठेकेदार बन कर ठेकेदारी का काम लेकर करोड़ों का मालिक बन बैठा है। सूत्र यह भी बतलाते हैं कि जो लोग उन्हें काम देने से इनकार करते हैं उनके पंचायत के कार्यों में बाधा उत्पन करने का भी काम करता है सूत्रों की मानें तो इस संबंध में रामगढ़ जिले के विकास आयुक्त को भी इस प्रकार की शिकायतें लगातार दिया जा रहा है लेकिन अभी तक कोई उचित कार्रवाई नहीं किया गया है। इस संबंध में प्रखंड विकास पदाधिकारी से पूछे जाने पर उन्होंने बताया कि अगर ऐसी बात है तो उचित कार्रवाई की जाएगी। और मनरेगा से उसका वेंडर रजिस्ट्रेशन भी कैंसिल करवाया जाएगा।

मांडू चट्टी स्थित मुखिया कार्यालय में डॉ भीमराव अंबेडकर की 133वीं जयंती मनाई गई

रामगढ़(प्रभात मंत्र संवाददाता): ग्राम गोविंदपुर पंचायत मांडू चट्टी स्थित मुखिया के कार्यालय में चट्टी पंचायत के मुखिया अनीता देवी के उपस्थिति में डॉक्टर भीमराव अंबेडकर का 133 वां जयंती समारोह बहुत ही धूमधाम के साथ केक काट करके मनाया गया। इस समारोह में समाजसेवी छोटेलाल भुईयां नवरन कुमार अर्जुन राम सितान भुईयां योगेश्वर महतो मोहम्मद जसीम जली भुईयां योगेश्वर भुईयां दैमान भुईयां नयन कुमार छोटू कुमार लालमोहन भैया देवंती देवी वार्ड सदस्य यदि सैकड़ों लोग उपस्थित थे सभी ने जयंती मनाने के दरमियान डॉक्टर बी आर अंबेडकर के बताए हुए मिशन जीवनी पर चलने का संकल्प लिया।

अखिल भारतीय मारवाड़ी युवा मंच ने माल्यार्पण एवं लड्डू वितरण कर बाबा साहब को दी श्रद्धांजलि

रामगढ़(प्रभात मंत्र संवाददाता): डॉ. भीमराव अम्बेडकर की 133 वीं जयंती के उपलक्ष्य पर थाना चौक स्थित अम्बेडकर पार्क में बाबासाहेब की प्रतिमा पर अखिल भारतीय मारवाड़ी युवा मंच रामगढ़ कैंट शाखा द्वारा माल्यार्पण एवं लड्डू वितरण कर उन्हें श्रद्धांजलि दी गई,मौके पर शाखा के अध्यक्ष आशीष अग्रवाल, सचिव धीरज बंसल, कोषाध्यक्ष श्रीजय मेवाड़, कार्यक्रम संयोजक संतोष गोयनका, राहुल अग्रवाल, नीतीश अग्रवाल, आशुतोष बेरलीया, पंकज अग्रवाल, राहुल जैन एवं मंच के अन्य सदस्य उपस्थित रहे। मौके पर मौजूद अनुसूचित जाति उत्थान परिषद गणेश नायक, सागर नायक एवं प्रवक्ता विनोद नायक को भी मंच ने सम्मानित किया, युवा मंच अध्यक्ष ने बताया भीमराव अंबेडकर महान व्यक्ति थे उन्होंने अपना पूरा जीवन समाज उत्थान में लगा दिया। उन्होंने हमेशा समानता की बात की फिर चाहे वह मानवों के बीच समानता की बात हो या फिर कानून के समक्ष समानता की।

पीवीयूएनएल विस्थापितों के साथ कर रहीं है निरंतर छल : मोर्चा

पतरातु(प्रभात मंत्र संवाददाता): पीवीयूएनएल के द्वारा 4000 मेगावाट का पावर प्लांट पतरातु में स्थापित किया जा रहा है। साथ ही बहुमंजिला टाउनशिप बनाया जा रहा है। पाइपलाइन रेलवे लाइन बिछाया जा रहा है। इसके अलावा जिनकी जमीन पर ऐश डाइक बनाया जाना है अर्थात जिन विस्थापित-प्रभावितों की जमीन पर सारा काम किया जा रहा है अथवा किया जाना है। उन्हीं के साथ निरंतर छल और विश्वासघात हो रहा है। पीवीयूएनएल के कुछ अधिकारियों के द्वारा एजेंसियों से मिलकर सूचना प्रकाशित किए बिना बिल्कुल ही मनमाने व गुपचुप तरीके से स्थाई प्रकृति के कामों में विस्थापित-प्रभावितों को दरकिनार कर नियुक्तियां की जा रही है। इसी के विरोध में प्रेस को जारी करते हुए रविवार को विस्थापित-प्रभावित संघर्ष मोर्चा के आदित्य नारायण प्रसाद,राजाराम प्रसाद,किशोर कुमार महतो,कपिल मुंडा और भरत साव ने प्रेस-कॉन्फ्रेंस किया। आगे उन्होंने कहा कि पूर्व पीटीपीएस की पुनरावृति करते हुए हमें ठगा जा रहा है।

रामगढ़ में हनुमंत प्राण प्रतिष्ठा का प्रथम वार्षिक उत्सव आज मनाया जायेगा

रामगढ़(प्रभात मंत्र संवाददाता): श्री श्री प्राचीन महावीर मंदिर कोयरी टोला हनुमंत मूर्ति प्राण प्रतिष्ठा के लिये तीन दिवसीय भव्य धार्मिक अनुष्ठान कार्यक्रम के निमित्त वार्षिक उत्सव आज दिन सोमवार को धूम धाम से मनाया जायेगा, आज सर्वप्रथम यज्ञ मंडप पूजन, हनुमंत पूजन,हवन, अटूट भंडारा ,संध्या आरती के साथ संपन्न होगा इसके साथ दिनांक 16/04/24 दिन मंगलवार को महावीरी ध्वजारोहण संध्या महाआरती एवं दिनांक 17/04/24 दिन बुधवार को रामनवमी पूजन 11 बजे शाम को जुलूस नगर भ्रमण, प्रसाद वितरण का कार्यक्रम धूमधाम से मनाने का निर्णय लिया गया है।वार्षिक उत्सव कार्यक्रम के निमित्त पुरोहित यज्ञचार्य श्री गोवर्धन पांडेय, आदित्य पांडेय,श्री कांत पांडेय के देखरेख में होगा। मुख्य यजमान सर्वश्री सोनी देवी व ब्रजेश्वर महतो, सहायक यजमान दीपमाला देवी व विनोद कुमार, रतनी देवी व जगत महतो, रेखा देवी व कुलदीप कुमार, अंजनी देवी और प्रद्युमन महतो, फुलवा देवी व चंद्रदेव महतो, अनुरती देवी व सुरेश महतो, रुबी देवी व मिथिलेश कुमार, पूनम देवी व सुमित कुमार उपस्थित रहेंगे।वार्षिक उत्सव समारोह को सफल बनाने के लिए श्री प्राचीन महावीर मंदिर के उत्सव आयोजन समिति का गठन किया गया है जिसे सफल करने के लिए अध्यक्ष विनोद कुमार, सचिव विवेक कुमार,धीरज कुमार, संरक्षक अजीत कुमार ,गौतम कुमार ,हीरा कुमार ,पप्पू कुमार, अरविंद कुमार ,बिट्टू कुमार, सानू कुमार, विकास कुमार, सिकंदर कुमार, महेंद्र कुमार,आयुष कुमार , रणधीर कुमार ,बबलू कुमार, अमित कुमार, प्रद्युमन कुमार ,संजय कुमार,रवि कुमार ,नेमीचंद साव तुलसी साव, रमेश साव,धीरज साव, प्रवीण कुमार, सुरेश ,राजू कुमार, राजदेव कुमार ,कैलाश कुमार ,किरण कुमार, महेंद्र साव, तुलसी साव,गुरुचरण साव, रवि साव,सुबोध कुमार, दीपू कुमार आदि।

कांग्रेस प्रत्याशी जयप्रकाश भाई पटेल का जगह-जगह हुआ भव्य स्वागत

पतरातू(प्रभात मंत्र संवाददाता): प्रखंड के भुरकुंडा में आयोजित सरहुल मेला एवं महोत्सव में शामिल होने जाने के क्रम में पतरातू प्रखंड कांग्रेस पार्टी के द्वारा हजारीबाग लोकसभा क्षेत्र के कांग्रेस प्रत्याशी जयप्रकाश भाई पटेल का बंजारी मंदिर , बरकाकाना चौक , घुटुवा थाना चौक सहित चैनगड्डा चौक में जगह-जगह जिला अध्यक्ष मुन्ना पासवान एवं पतरातू प्रखंड अध्यक्ष सुजीत कुमार पटेल के नेतृत्व में भव्य स्वागत किया । स्वागत करने वालों में मुख्य रूप से महिला जिला अध्यक्ष मंजू जोशी ,अनु विश्वकर्मा , मीना राय ,जिला परिषद सदस्य सह कांग्रेस नेत्री प्रीति दीवान , मुखिया मोकीम आलम , पंसस फरीद अंसारी , मुखिया प्रतिनिधि तुलेश्वर उरांव ,पार्षद प्रतिनिधि जीतराम , बंटी अंसारी , डा. अकबर अली राकेश कु. सिंह ,अनु विश्वकर्मा ,कमलेश राम ,अनिल सिंह ,संजय सिंह ,शम्स खान , मो. शाफीक बाबु ,मदन दांगी रामा ठाकुर, राजेश बेदिया , मंटू बेदिया ,मो.अताउल्लाह , मो.इमामुल ,फारूक इस्लाम ,जलील ,राजेश महतो , , शिबु महतो ,कोलेश्वर महतो ,आरिफ खान ,महेश यादव ,पवन महतो ,भीम महतो , ब्रह्मदेव महतो सहित सैकड़ो उपस्थित थे।

प्राकृतिक का पर्व सरहुल हर्षोल्लास के साथ मनाया गया

प्रभात मंत्र संवाददाता

भुरकुंडा : कोयलांचल भरकुंडा में शनिवार को प्रकृति का महापर्व सरहुल धूमधाम से मनाया गया। इसे लेकर रिवर साईड इंदुवा, चीप हाउस, बिरसा नगर, तीन नंबर झोपड़ी, करमाली टोला पटेलनगर, न्यू बेरेक, महुआ टोला, देवरिया, चिकोर, मतकमा, कुरसे आदि से जुलूस निकला। मांदर की थाप पर थिरकते हुए प्रकृति के उपासक भुरकुंडा थाना मैदान पहुंचे। यहां आयोजित मिलन समारोह में मुख्य अतिथि विधायक अंबा प्रसाद ने लोगों को त्योहार की बधाई देते हुए कहा कि सरहुल हमें प्रकृति से प्रेम करना सिखाता है।वहीं विशिष्ट अतिथि भारतीय जनतंत्र मोर्चा की केंद्रीय महासचिव निशि पांडेय ने शुभकामनाएं देते हुए कहा कि झारखंड अपनी सभ्यता, संस्कृति और सरहुल जैसे त्योहार की वजह से पूरे देश में जाना जाता है। इससे पूर्व रिवर साईड स्थित केंद्रीय सरना स्थल में मिलन समारोह का आयोजन हुआ। इसमें केंद्रीय मिलन सरहुल पूजा समिति ने जुलूसों का परंपरागत तरीके सेस्वागत किया। समारोह में दर्शन गंझू, भुनेश्वर लोहरा, मनोज कुमार, जगतार सिंह, राजकिशोर पांडेय, चमनलाल, अमित कुमार, जयंत तुरी, प्रेम विश्वकर्मा आदि उपस्थित थे। इसे सफल बनाने में समिति के अध्यक्ष बालेश्वर करमाली, कार्यकारी अध्यक्ष रितिका भोगता, सचिव संतोष उरांव, सह सचिव विनोद बेदिया, अरविंद करमाली, कुंदन करमाली, कोषाध्यक्ष-देवशरण मुंडा, संरक्षक राजन करमाली, पात्रिक मिंज, मिथिलेश टुड्डू, श्यामसुंदर करमाली, राजकुमार गौंडआदि ने योगदान दिया।

अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद् रामगढ़ नगर इकाई द्वारा डॉ. भीम राव अंबेडकर के जयंती मनाई गई

प्रभात मंत्र संवाददाता

रामगढ़ : अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद् रामगढ़ नगर इकाई द्वारा डॉ. भीम राव अंबेडकर के जयंती के शुभ अवसर पर अम्बेडकर पार्क रामगढ़ पर 133वां जयंती माल्यार्पण कर के मनाया गया।नगर अध्यक्ष डॉ. आशीष कुमार ने कहा की आम्बेडकर विपुल प्रतिभा के छात्र थे। उन्होंने कोलंबिया विश्वविद्यालय और लंदन स्कूल ऑफ़ इकोनॉमिक्स दोनों ही विश्वविद्यालयों से अर्थशास्त्र में डॉक्टरेट की उपाधियाँ प्राप्त कीं तथा विधि, अर्थशास्त्र और राजनीति विज्ञान में शोध कार्य भी किये थे।व्यावसायिक जीवन के आरम्भिक भाग में ये अर्थशास्त्र के प्रोफेसर रहे एवं वकालत भी की तथा बाद का जीवन राजनीतिक गतिविधियों में अधिक बीता। नगर सह मंत्री राहुल रजक ने कहा की आम्बेडकर भारत की स्वतन्त्रता के लिए प्रचार और चर्चाओं में शामिल हो गए और पत्रिकाओं को प्रकाशित करने, राजनीतिक अधिकारों की वकालत करने और दलितों के लिए सामाजिक स्वतंत्रता की वकालत की और भारत के निर्माण में उनका महत्वपूर्ण योगदान रहा। बाबा साहेब ने सामाजिक दृष्टि से तीन शब्दों में निहित किया है स्वत्रंता, समता एवं भातृत्व किया है। इस कार्यक्रम में मुख्य रूप नगर अध्यक्ष डॉ. आशीष कुमार, नगर सह मंत्री राहुल रजक, प्रांत कार्यकारणी सदस्य सह रामगढ़ कॉलेज अध्यक्ष नितेश मोदी, कोष प्रमुख खुशी कुमारी, कोचिंग प्रमुख पंकज कुमार, आकाश कुमार, आदित्य सिंह, अभिषेक कुशवाह,जिला संगठन मंत्री विक्रम राठौर आदि कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

कुशवाहा विकास समिति सह कुशवाहा भवन के सत्र 2024 26 के चुनाव के लिए नामांकन पत्र जमा किया गया

प्रभात मंत्र संवाददाता

रामगढ़ : कुशवाहा विकास समिति सह कुशवाहा भवन के सत्र-2024-2026, के चुनाव हेतु कुशवाहा धर्मशाला परिसर में समिति के सदस्यों पदाधिकारी एवं संरक्षक सदस्यों की बैठक हुई , जिसमें सर्वसम्मति से लिये गये निर्णय निम्नलिखित इस प्रकार हैं।नामांकन की तिथि 8 अप्रैल से 14 अप्रैल 2024 तक , स्कुटनी की तिथि 15 अप्रैल से 16 अप्रैल 2024 तक , नाम वापसी कि तिथि 17 अप्रैल से 18 अप्रैल 2024 तक।मतदान कि तिथि 5 मई ,समय सुबह 10ः00 बजे से शाम 5ः00 बजे तक का समय रखा गया है।अध्यक्ष,सचिव एवं कोषाध्यक्ष पद के उम्मीदवारों के लिए नामांकन शुल्क मात्र ?500/ रखी गई हैं, साथ ही एक प्रस्तावक तथा एक समर्थक अपने आधार कार्ड के साथ संलग्न कर संरक्षक सदस्य के समक्ष प्रस्तुत करेंगे।किन्ही को आजीवन सदस्यता ग्रहण करनी है,तो आप 13 अप्रैल 2024 को संध्या 5ः00 बजे तक ही सदस्यता ग्रहण कर सकते हैं,इसके बाद चुनाव के बाद ही आप सदस्यता ग्रहण कर पाएंगे।इस चुनाव में कुशवाहा विकास समिति के केवल आजीवन सदस्य ही भाग ले सकते हैं। संरक्षक समिति के घनश्याम महतो, बलराम प्रसाद कुशवाहा, तुलसी प्रसाद कुशवाहा, उमेश चंद्र एवं रविकांत कुशवाहा को चुनाव प्रभारी बनाया गया, चुनाव संपन्न कराने में संरक्षक सदस्यों के है अलावे भोलानंद प्रसाद, राजकुमार कुशवाहा व जानकी महतो भी सहयोग करेंगे। नामांकन पत्र भरने वालों में अध्यक्ष पद के लिए तीन लोगों ने शिवचंद प्रसाद, रमेश प्रसाद कुशवाहा , जगरनाथ महतो, वही सचिव पद के लिए दो लोगों ने टीकम कुमार , विक्की कुमार कोषाध्यक्ष के लिए दो लोगों ने भीम कुमार कुशवाहा, अनिल कुमार ने रविवार को अपना अपना नामांकन पत्र दाखिल किया।

डॉ आंबेडकर में अन्याय से लड़ने का जुनून था : डॉ शाहनवाज खान

प्रभात मंत्र संवाददाता

रामगढ़ : बुद्धिजीवी मंच, बरकाकाना क्षेत्र के द्वारा भारतीय संविधान निर्माता 'भारत रत्न' डॉ भीमराव अम्बेडकर के जन्म दिवस के अवसर पर रविवार को सी आई सी बस्ती मेन रोड बरकाकाना स्थित मुंडा ढाबा के हॉल में अम्बेडकर जयंती समारोह आयोजित किया गया। समारोह की अध्यक्षता अध्यक्ष प्रदीप करमाली ने किया और संचालन सचिव डॉ शाहनवाज खान ने किया। समारोह को महावीर राम, प्रदीप चक्रवर्ती, उमेश महतो, पंचदेव करमाली, महादेव ठाकुर, सुशील कुमार, नेपाल विश्वकर्म, मो सलीम, मोहित मुंडा, सोनी महतो, मदन दांगी आदि ने संबोधित किया। समारोह में मंच के अध्यक्ष प्रदीप करमाली ने कहा कि डॉ अंबेडकर सामाजिक समरसता एवं समानता का प्रतिबिंब थे। उन्होंने कहा कि 'भारत रत्न' डॉ भीमराव अंबेडकर जी का विराट जीवन सामाजिक समरसता, कर्तव्यनिष्ठा एवं समानता का प्रतिबिंब है। उन्होंने राष्ट्र को एक सूत्र में पिरोने के लिए हमें एक ऐसा संविधान दिया जिससे सभी वर्गों का कल्याण सम्भव हो। समारोह को संबोधित करते हुए मंच सचिव डॉ शाहनवाज खान ने कहा कि डॉ आंबेडकर में अन्याय से लड़ने का जुनून था।बाबासाहेब ने कमजोर एवं गरीब वर्ग के लिए आजीवन संघर्ष किया। उन्होंने समावेशी और समतावादी समाज के निर्माण को लेकर जो विचार देश को दिया, वह आज भी प्रासंगिक है और भविष्य की पीढ़ियों को प्रेरित करते रहें।बुद्धिजीवी मंच एक मई को अपनी पहली वर्षगांठ मनाए गा। उसके लिए रविवार से ही सदस्यता अभियान शुरू किया गया है जिसकी समाप्ति 24 अप्रैल को होगी। इसके तहत नए सदस्य भर्ती और पुराने सदस्यों का नवीकरण का कार्य किया जाएगा। वर्षगांठ समारोह में बेहतर कार्य करने वाले सदस्यों/ पदाधिकारियों को सम्मानित किया जाएगा। इस कार्यक्रम में मुख्य रूप से देवकी बेदीया, दिनेश करमाली, विनेश दांगी, काजल कुमारी, फुलवा देवी, नमिता देवी, सरिता देवी, आरती कुमारी, रेशमा देवी, जयंती देवी, भीम महतो, भागीरथ महतो, शिवशंकर बेदिया, गुड्डू कुमार, रवि सिंह, दशरथ बेदिया, पवन महतो, मंटू बेदिया, अमन बेदिया, अनिल मुंडा, विनोद, महतो, विनोद मुंडा आदि उपस्थित थे।

झारखंड मुक्ति मोर्चा जिला समिति रामगढ़ के द्वारा एक दिवसीय सभा का आयोजन किया गया

प्रभात मंत्र संवाददाता

रामगढ़ : झारखंड मुक्ति मोर्चा जिला समिति रामगढ़ के द्वारा एक दिवसीय सभा का आयोजन के अध्यक्षता जिला अध्यक्ष बिनोद किस्कु एवं जिला सचिव बिनोद कुमार महतो के संचालन सुभाष चौक मेन रोड रामगढ़ के प्रांगण मे एक दिवसीय सभा किया गया।जिसमें बाबा भीमराव अम्बेडकर के जयंती के अवसर पर उनको श्रद्धांजलि दिए।देशहित में भारतीय संविधान के निर्माता बाबा साहब भीमराव अम्बेडकर जी भारतीय जनमानस के रक्षा के लिए एक सशक्त संविधान बनाए।भारत देश के आजादी के बाद देशहित मे बाबा भीमराव जी की सोच एवं बुद्धिमता से संविधान निर्माण कर एक मिशाल कायम किए।लेकिन आज के वर्तमान मे केंद्रीय के भाजपा सरकार द्वारा चापलूस उद्योगपतियों एवं अपने पार्टी का आजीवन शासन करने के प्रयास के तहत भारतीय संविधान को तोड़ मरोड़कर लोकतंत्र की हत्या करने का प्रयास शुरू कर दिए हैं।इसी संविधान के रक्षा के लिए भाजपा केंद्र सरकार को आगामी लोकसभा चुनाव मे उखाड़ कर देश से खदेड़ने का काम किया जायेगा।मौके पर केंद्रीय सदस्य राजकुमार महतो ,जिला उपाध्यक्ष चित्रगुप्त महतो ,केंद्रीय सदस्य बरतु कुरमाली ,जिला प्रवक्ता दिलीप शर्मा , योगेन्द्र यादव , अरूण बनर्जी, मुमताज़ मंसूरी, रंजीत बेसरा , मुमताज़ अंसारी , जग्गु करमाली , इमाममुल अंसारी , सतीश मुर्मू , गोपाल सरकार , राजनाथ महतो , फकरूदिन अंसारी , खुदीराम महतो , बबलू यादव ,सुशांत भारती , मिथुन मुंडा , कमलेश पाण्डेय , सोहेल अंसारी , नंदु कुमार , सुभम कुमार आदि सम्मानित कार्यकर्ता साथी गण उपस्थित हुए।

सयाल में बाबा साहेब डॉ भीमराव अंबेडकर की 133वीं जयंती मनाई गई

प्रभात मंत्र संवाददाता

उरीमारी : सयाल उत्तरी पंचायत के अंबेडकर भवन परिसर स्थित रविवार को भारत रत्न बाबा साहेब डॉ भीमराव अंबेडकर की 133 वीं जयंती मनाई गयी। वहीं सर्वप्रथम बाबा साहेब डॉ भीमराव अंबेडकर की आदमकद प्रतिमा पर मुख्य अतिथि बरकासयाल क्षेत्र के महाप्रबंधक अजय कुमार सिंह व विशिष्ट अतिथि कामरेड रमेंद्र कुमार, विंध्याचल बेदिया झारखंड मुक्ति मोर्चा के केंद्रीय सचिव संजीव बेदिया,बिरसा पीओ डी शिवादास, हेंदेगिर पीओ रामेश्वर मुंडा,बिरसा खान प्रबंधक राजेश प्रियदर्शी ने माल्यार्पण किया। एवं सयाल आंबेडकर समिति के सभी सदस्यों ने एक एक कर बाबा साहब के प्रतिमा पर माल्यार्पण किया। इसके उपरांत सयाल आंबेडकर समिति के द्वारा आए हुए सभी अतिथियों को अंग वस्त्र देकर सम्मानित किया गया। इसके उपरांत मुख्य अतिथि व विशिष्ट अतिथि ने भी आंबेडकर समिति सयाल के सभी सदस्यों को पेन देकर सम्मानित किया। इसदौरान मुख्य अतिथि अजय सिंह ने कहा कि बाबा साहब डॉ भीमराव आंबेडकर भारतीय संविधान के सृजनकर्ता थे। हम उनके बताए मार्ग पर चलकर ही उन्हें सच्ची श्रद्धांजलि दे सकते हैं। वहीं इस मौके पर आंबेडकर समिति के अध्यक्ष सह मुखिया प्रतिनिधि एवं झामुमो नेता सतेन्द्र यादव, सुरक्षा पदाधिकारी एन के सिंह, खजांची राम,सचिव कृष्णा साव, ओमप्रकाश सिंह,वीरेंद्र पासवान, संजय शर्मा, अर्जुन सिंह,विनोद कुमार, दीपनारायण राम, प्रभु पासवान, शंकर, राजेन्द्र चौहान, डॉक्टर आर भगत, सीताराम किस्कू, गणेश राम, उप मुखिया विमलेश कुमार, वार्ड सदस्य मंजूलता कुमारी, सीता देवी, संगीता देवी, गीता कुमारी, पूनम देवी, ज्ञानती देवी, कांति कुमारी, सुनील कुमार राम, सूचित राम, बजरंग राम, बर्जेश पासवान,शंकर सिंह, बिनोद मिश्रा, रितेश राम, अमरनाथ पासवान, फुलू प्रसाद आदि लोग मौजूद थे।

डॉ भीमराव अंबेडकर निर्भय कांति वीर थे सुधीर मंगलेश

प्रभात मंत्र संवाददाता

रामगढ़ : दुलमी प्रखंड के बुधबाजार सिरू में डॉ भीम राव आंबेडकर जयंती पर उनके चित्र पर माल्यार्पण कर पुष्प व श्रांद्धजली अर्पित किया। मौके पर मुख्य रूप से उपस्थित दुलमी प्रखंड बीस सूत्री अध्यक्ष सुधीर मंगलेश ने कहा की डॉ भीमराव अंबेडकर निर्भय कांति वीर थे एवं राष्ट्र और समाज के विषय में हम लोगों भाग्यशाली हैं हमारे हजारों वर्षों का इतिहास संस्कृति और मानव सभ्यता की विरासत है बीते वर्षों का प्रत्येक पल हमारे लिए प्रेरणा का स्रोत प्रभावित करता है भारत की भूमि पर भारत माता की कोख से अनेक महापुरुषों ने जन्म लिया डॉ बाबासाहेब अंबेडकर का उनमें एक महत्वपूर्ण स्थान है महान विचारक कर्मयोगी मन से वचन से कृति से निरंतर संघर्ष डॉक्टर साहब गन्ना रुकमा पुरुषों में होती है जिनके व्यक्तित्व कृतित्व नैना केवल इतिहास में अपना स्थान बनाया बल्कि उस काल की घटना चक्र को भी एक निश्चित दिशा दी डॉक्टर बाबासाहेब ने अछूता और निम्न वर्गों के मानव को क्षमता के लिए समाज में एक चिंगारी प्रकट की बाबासाहेब आंबेडकर भारत के खंड खंड में व्याप्त कुरीतियों से उन्हें दलित समाज को ऊपर उठाया था परंतु किसी बदले की भावना से नहीं उन्होंने दूसरों को मार काट कर बड़ा होने की बात कभी नहीं की डॉक्टर बाबासाहेब एक ऐसे व्यक्ति थे जो वंचितों के लिए लड़ते थे वह दलितों के अधिकार के लिए लड़ते थे उन्होंने सामान के लिए जीते थे दलितों के बीच बैठकर उन्हें कड़वी से कड़वी कठोर से कठोर बात कोई कह सकता था ऐसे डॉक्टर बाबा साहेब जिन्होंने भीमराव अंबेडकर के बारे में अध्ययन क्या होगा उन्हें इस बातों का ज्ञान होगा बाबासाहेब नामस्मरण होती है समाज में चेतना की अनुभूति होती है समस्त विश्व महान मानव थे एक बात तो समझना चाहिए कि अगर जीवन के प्रति करनी है तो डॉक्टर भीमराव अंबेडकर जी ने जो रास्ता बताया उस पर चलना पड़ेगा और उनके विचारों को अपने जीवन में उतारना पड़ेगा और उनके बताए रास्ते पर चलने की जरूरत है हम सभी को,मौके पर विकास कुमार उत्तम कुमार नटवरलाल करमाली छोटन कुमार अजय कुमार सपूत कुमार राम प्रसाद महतो रोहित प्रजापति शुभम कुमार आदि।

डॉक्टर भीमराव अंबेडकर के जयंती के शुभ अवसर पर नि:शुल्क नेत्र जांच शिविर का आयोजन

प्रभात मंत्र संवाददाता

भुरकुंडा : ग्राम पंचायत बलकुदरा में डॉक्टर भीमराव अंबेडकर के जयंती के शुभ अवसर पर प्रसाद आई हॉस्पिटल थाना चौक रामगढ़ के द्वारा निशुल्क नेत्र जांच शिविर का आयोजन किया गया। इस शिविर में लगभग 50 ग्रामीणों के द्वारा निशुल्क नेत्र जांच के अलावे निशुल्क दवाई के लाभ भी लिए । जांच शिविर का आयोजन कराने में पंचायत के मुखिया विजय मुंडा जी का महत्वपूर्ण योगदान रहा । जांच शिविर में प्रसाद आई हॉस्पिटल के कार्यक्रम संयोजक चंदन सिंह, सविता बेदिया ,श्वेता ,भागीरथ एवं मोनिका के द्वारा जांच किया गया। कार्यक्रम संयोजक चंदन सिंह के द्वारा ग्रामीण एवं जनप्रतिनिधियों से आग्रह किया है कि हमारे आई हॉस्पिटल में आंख से संबंधित सभी बीमारियों का ईलाज आईसी आईसी आई लोंबार्ड सहित आयुष्मान कार्ड के द्वारा भी इलाज किया जाता है एवं हेल्थ इंश्योरेंस पॉलिसी कर्ड धारी के लिए कैशलेस सर्जन की सुविधा भी है इसका लाभ जरूर ले। आगे विजय मुंडा के द्वारा आपने पंचायत के ग्रामीणों को भरोसा दिया है कि हर तरह के बिमारियों के ईलाज के लिए समय-समय पर इसी प्रकार के शिविर का आयोजन कराते रहेगें। आज के शिविर योगदान दिये। राजु कुमार मुंडा, प. स.सदस्य उकेश यादव, मनोज यादव, बादल कुमार इत्यादि।

डॉ भीमराव अंबेडकर की 133वीं जयंती दिवस माले कार्यालय रामगढ़ में मनाया गया : भाकपा माले

प्रभात मंत्र संवाददाता

रामगढ़ : भाकपा-माले रामगढ़ कार्यालय में डॉक्टर भीमराव अंबेडकर के चित्र पर भाकपा - माले के जिला सचिव भुनेश्वर बेदिया, हीरा गोप, देवकीनंदन बेदिया, नरेश बडाईक , सरयू बेदिया, अमल कुमार, बिजेंद्र प्रसाद, महादेव मांझी, जयवीर हंसदा, करमा मांझी, देवानंद गोप, हीरालाल महतो, महादेव राम अन्य साथियों ने माल्यार्पण कर डॉक्टर भीमराव अंबेडकर अमर रहें,भारत की संविधान का रक्षा करो, भाजपा हटाओ-देश बचाओ, लोकतंत्र बचाओ, मनुस्मृति का नाश हो आदि नारे लगाए गए। उसके बाद एक बैठक डॉ भीमराव अंबेडकर के जीवन पर चर्चा की गई, उन्होंने संविधान लिखने के उपरांत संविधान सभा में कहा था कि संविधान तो बहुत अच्छा है लेकिन सबसे बड़ी बात है कि संविधान किस और कैसे आदमी के हाथ में है। आगे बैठक में तय किया गया कि 21 अप्रैल 2024 को झारखण्ड स्तरीय इंडिया गठबंधन के उलगुलान रैली व सभा कार्यक्रम के आयोजन में भाकपा-माले रामगढ़ जिला से दो हजार जनता भागीदारी निभाईगी। हिटलर की तरह नरेंद्र मोदी झूठ बोल कर देश की जनता को लगातार धोखा दे रही है। 2024 के लोकसभा चुनाव में भाजपा को उखाड़ फेंकने का संकल्प लिया गया।

पतरातु व आस पास क्षेत्रों में मनाया गया डॉक्टर भीमराव अंबेडकर जयंती

प्रभात मंत्र संवाददाता

पतरातू : पतरातू और आसपास के क्षेत्रों में रविवार को भारत रत्न डॉक्टर भीमराव अंबेडकर की जयंती मनाई गई।सांकुल में पंचायत सचिवालय के समीप डॉ भीमराव अंबेडकर की प्रतिमा पर गोकुल राम एवं सैकड़ो महिला पुरुष और बच्चे ने पुष्पांजलि अर्पित कर श्रद्धांजलि दिए। श्रद्धांजलि देने के बाद एक समारोह का आयोजन किया गया।समारोह में पंचायत मुखिया सुमन भारती पंचायत समिति सदस्य अंजू कुमारी और वार्ड सदस्य रेखा देवी उपस्थित थे तथा समारोह के बाद उपस्थित सभी लोगों ने उनके बताएं मार्ग पर चलने और उनके सिद्धांतों को जन जन तक पहुंचाने का संकल्प लिया समारोह के बाद भारी संख्या में उपस्थित लोगों द्वारा जुलूस निकाला गया और जुलूस को पूरे पतरातू एवं सांकुल में घुमाया गया।मौके पर राजू राम,रामकुमार राम, महेश राम, बासुदेव राम, सुखदेव राम, रानी कुमारी, शान्ति देवी, देवंती देवी, सुमन देवी डी के राम, परमानंद राजीव ,राज कुमार राम, संजोत राम, बबलू राम, विश्वनाथ राम, लक्ष्मी राम, झूबर राम, बसंत राम,आकाश कुमार रवि और बालदेव राम आदि उपस्थित थे।

राजनैतिक दलों के साथ आदर्श आचार संहिता को लेकर उपायुक्त ने की बैठक

बैठक में आचार संहिता के उचित अनुपालन को लेकर सभी राजनीतिक पार्टियों के प्रतिनिधियों को विस्तार पूर्वक जानकारी दी गई

प्रभात मंत्र संवाददाता

गिरिडीह : लोकसभा आम निर्वाचन व 31 गांडेय विधानसभा उप चुनाव के निमित्त आज जिला निर्वाचन पदाधिकारी नमन प्रियेश लकड़ा की अध्यक्षता में सभी राजनैतिक दलों के साथ आदर्श आचार संहिता को लेकर बैठक का आयोजन किया गया। बैठक में आचार संहिता के उचित अनुपालन को लेकर सभी राजनीतिक पार्टियों के प्रतिनिधियों को विस्तार पूर्वक जानकारी दी गई। तथा मतदान प्रक्रिया पारदर्शी तरीके से संपन्न कराने के लिए सभी दलों से सहयोग की अपील की गई। इस दौरान जिला निर्वाचन पदाधिकारी ने समस्त राजनैतिक दलों के प्रतिनिधियों से परिचय प्राप्त कर, उन सभी से आदर्श आचार संहिता के अनुपालन की अपील की। उन्होंने कहा कि चुनाव कार्यक्रम को सकुशल सम्पन्न कराने में लगे सभी अधिकारियों व पार्टी पदाधिकारियों के बीच आपसी तालमेल व स्वस्थ्य संचार के माध्यम से सभी जानकारियां साझा की जानी चाहिए। वहीं राजनैतिक दलों के प्रतिनिधियों द्वारा भी चुनाव के दौरान आयोग से कुछ महत्वपूर्ण बिंदुओं पर कदम उठाए जाने के सुझाव दिए गए। इसके साथ ही उन्होंने सभाओं, जुलूस, मतदान दिवस, मतदान बूथ के संबंध में आयोग द्वारा जारी विस्तृत दिशा निर्देशों के बारे में जानकारी दी। उन्होंने कहा कि लोकतंत्र के इस महापर्व में सभी लोग भाग लें तथा एक मजबूत लोकतंत्र का निर्माण करें और मतदाताओं को मतदान के लिये प्रेरित करें। इसके अलावा जिला निर्वाचन पदाधिकारी नमन प्रियेश लकड़ा ने सभी राजनीतिक दलों के प्रतिनिधियों को सुविधा कैंडिडेट पोर्टल और ऐप से जुड़ी विस्तृत जानकारी देते हुए कहा कि सुविधा एक ऑनलाइन पोर्टल और ऐप है, जो मिटिंग, रैलियों, वाहनों, लाउडस्पीकरों और अन्य सभी प्रकार की अनुमतियों के लिए वन-स्टॉप समाधान है। इस ऐप का उपयोग करने के लिए, उम्मीदवारों को एक अकाउंट बनाना होगा और अपनी क्रेडेंशियल के साथ लॉग इन करना होगा। लॉग इन करने के बाद उम्मीदवार अपने नामांकन और अनुमति की स्थिति देख सकते हैं। इस ऐप के साथ आप प्रचार के लिए आवश्यक अनुमतियों की सूची देख सकते हैं। अपने अनुमति आवेदन की स्थिति को ट्रैक कर सकते हैं। परमिशन फॉम को डाउनलोड करने और उसे ऑनलाइन जमा करने के लिए भी इस ऐप का इस्तेमाल किया जा सकता है।

इसके अलावा उन्होंने बताया कि चुनाव के दिनों में आदर्श आचार संहिता का उल्लंघन न हो इसके लिए चुनाव आयोग द्वारा सि-विजिल एप्प बनाया गया है।

इस ऐप की मदद से चुनाव से जुड़ी कोई भी शिकायत को चुनाव आयोग तक पहुंचा सकते हैं।

बैसाखी कार्यक्रम में पहुंचे भाजपा प्रत्यासी अहलुवालिया को झेलनी पड़ी सिखों की नाराजगी

प्रभात मंत्र संवाददाता

धनबाद : गुरुद्वारा प्रबंध कमेटी की ओर से बैसाखी का कार्यक्रम आयोजित किया गया। जहां भाजपा के आसनसोल लोकसभा प्रत्याशी से राहुल वालिया अपनी पत्नी सहित पहुंचे। इस संबंध में बताया जाता है कि कुल्टी थाना मोड़ के समीप स्थित मैदान में गुरुद्वारा प्रबंध कमेटी की ओर से प्रत्येक वर्ष की तरह इस वर्ष भी बैसाखी का कार्यक्रम धूमधाम से आयोजित किया गया। जहां क्षेत्र के सिख समुदाय के लोग महिलाएं तथा बच्चे भी शामिल थे। इस दौरान आसनसोल लोकसभा के भाजपा प्रत्याशी एसएस अहलूवालिया अपने पत्नी संग पहुंचे। उनके साथ कुल्टी के भाजपा विधायक डॉ अजय कुमार पोद्दार, जिला अध्यक्ष बप्पा चटर्जी सहित अन्य समर्थक मौजूद थे। इस दौरान अहलूवालिया ने गुरु ग्रंथ साहिब पर माथा टेका और आशीर्वाद लिया। वहीं बंगाल में संदेशखाली की घटना को लेकर सिख पुलिस अधिकारी को खालिस्तानी कहे जाने पर सिख समुदाय के लोगों में भाजपा के प्रति काफी रोष व्याप्त है। जिसका प्रमाण इस कार्यक्रम में देखने को मिला। अहलूवालिया के कार्यक्रम में पहुंचने के बाद काफी देर तक आयोजकों की ओर से उन्हें सम्मानित नहीं किया गया और वह एक स्थान पर बैठे रहे। हालांकि इस क्रम में उपस्थित कुछ सीख समुदाय के लोग दो भागों में दिखाई दिए। लेकिन समाज के लोगों द्वारा समझाने बुझाने पर स्थिति को बिगड़ने से पहले ही नियंत्रित कर लिया गया। इसके बाद सिख समुदाय की ओर से भाजपा प्रत्याशी अहलूवालिया से इस घटना पर खेद प्रकट करने की अपील की गई। इस अवसर पर अहलूवालिया ने सिख समुदाय के लोगों को संबोधित करते हुए धार्मिक ज्ञान की बातों से अवगत कराया इसके बाद उन्होंने कहा कि कोई भी ऐसा मूर्ख नहीं होगा जो सिख अधिकारी को खालिस्तानी कह सके। उन्होंने कहा कि इससे यदि किसी को दुख पहुंचा हो तो इसके लिए वह खेद प्रकट करते हैं, लेकिन उन्होंने इस घटना को लेकर कहा कि जिस सिख पुलिस अधिकारी ने बयान दिया था, उसे लेकर पुलिस एसोसिएशन ने उस अधिकारी का बयान पर असंतोष जाहिर किया था। उन्होंने कहा कि पुलिस संगठन का कहना था कि ड्यूटी के दौरान सिख पुलिस अधिकारी को इस तरह का बयान नहीं देना चाहिए। इसके बाद सिख समुदाय की ओर से अहलूवालिया एवं उनकी पत्नी तथा भाजपा विधायक डॉ अजय पोद्दार को सम्मानित किया गया।

सुंदरकांड के पाठ से बच्चों में पनपते दुर्विकार को मिटा सकती हैं माताएं : देवी प्रतिभा

बिरनी(प्रभात मंत्र संवाददाता) : दुर्भावना और दुर्विकारों से ग्रसित बच्चों का आचरण उनकी माताएं सद्गुणों में परिवर्तित कर सकती है। मां ही बच्चे में अच्छे संस्कारों को भर सकती है, ऐसी अद्भुत क्षमता सिर्फ मां में ही होती है। उक्त बातें खीरोडीह पंचायत के ग्राम गोराडीह में हो रहे श्री श्री 1008 रामचरित मानस महायज्ञ में कथा के पांचवे दिन बनारस से चल कर आई देवी प्रतिभा ने कही, साथ ही उन्होंने कही कि वर्तमान के मोबाइल युग में बच्चे बिगड़ते जा रहे हैं, जिसका कारण उनके माता पिता के आचरण का प्रभाव होता है, माताएं मोबाइलों में रील्स बनाती है, मोबाइलों का अधिकतम दुरुपयोग करती है, वैसे में आपके बच्चे भी आपकी नकल करते हैं, परंतु यदि आप चाहते हैं कि आपके बच्चों में अच्छा संस्कार आए, उनमें नैतिकता का गुण आए, आपके बच्चे पढ़े लिखे तो आपको अपने घर का माहौल में परिवर्तन करना होगा । रिल्स बनाने के बजाय आप साधु महात्माओं के प्रवचनों को सुनकर घर में धार्मिक माहौल उत्पन्न कर सकते हैं। प्रतिदिन रामायण के सुंदरकांड का पाठ करें और बच्चों को भी इसे पढ़ने के लिए प्रेरित करें। आपके बच्चे सद्गुणों से परिपूर्ण हीं नहीं बल्कि दीर्घायु होंगे। मौके पर रानी सेवा समिति के अध्यक्ष द्वारिका महतो, सचिव रामेश्वर महतो, उपसचिव रामचंद्र यादव, उपाध्यक्ष अर्जुन यादव, मुख्य पुजारी सुरेंद्र विश्वकर्मा, झूपर गोप, पंचायत समिति सदस्य प्रतिनिधि मुकेश पासवान, राजू वर्मा, समाजसेवी बिरेंद्र वर्मा, अनंत यादव, अशोक चौधरी समेत हजारों की संख्या में श्रद्धालु गण उपस्थित थे।

गोधर पेट्रोल पंप के पास सड़क दुर्घटना में स्कूटी सवार तीन घायल

धनबाद(प्रभात मंत्र संवाददाता) : दोपहर 12 बजे धनबाद केंदुआ मुख्य मार्ग पर गोधर पेट्रोल पंप के पास सड़क दुर्घटना में स्कूटी सवार बीएनआर निवासी रजा खान, सीमा परवीन और डेढ़ साल का बच्चा सड़क पर गिरकर घायल हो गए। इसके बाद स्थानीय लोगों ने घायलों को एसएनएमएमसीएच धनबाद भेजा। लोगों ने बताया कि कार धनबाद की ओर जा रही थी। उसके पीछे एक स्कूटर था। ज्योंहि कार गोधर पेट्रोल पंप पर पहुंची, इसी बीच धनबाद की ओर से आ रही बोलेरो पिकअप पंप के पास अचानक सड़क काटकर धनबाद जाने वाली सड़क में घुस गयी। इसके बाद कार चालक बचने के लिए अपनी कार को सड़क के बायीं ओर ले गया। इसी दौरान पिकअप से बचने के लिए कार के पीछे चल रही स्कूटी ने अचानक ब्रेक लगा दिया। जिससे स्कूटी पर सवार लोग गंभीर रूप से घायल हो गए। घटना के बाद पिकअप चालक वाहन लेकर भाग गया।

कतरास रेलवे इंस्टीट्यूट में अंबेडकर जयंती मनी

कतरास(प्रभात मंत्र संवाददाता) : डॉ भीम राव अम्बेडकर मंच कतरास के तत्वावधान में रविवार को 133वीं रेलवे इंस्टीट्यूट कतरास जयंती मनायी गयी। सर्वप्रथम बाबा भीमराव अंबेडकर के तस्वीर पर माल्यार्पण अर्पित कर कार्यक्रम की शुरुआत की गई। कार्यक्रम की अध्यक्षता नरेश दास ने किया। मौके पर कतरास एरिया 4 के कोलया अधिकारी प्रकाश रविदास। सरयू राम नरेश दास, मो शाहहुदीन, राजेश राम, अमित भगत, मोहन दास, राहुल, मुकेश दास, बिनोद दास, पोदीन, शिव अम्बेडकर, राजेश, गोपाल दास, सुशील दास, दीपू दास, योगेंद्र रजक, पप्पु यादव, उमेश ऋषि, बिनय पासवान, बबलू अंसारी, श्यामलाल, चंदन राम, सुरेश दास आदि उपस्थित थे।

अंबेडकर जयंती के अवसर पर समाज को जोड़ना व एक दूसरे की मदद करने का ले प्रण : उपायुक्त

प्रभात मंत्र संवाददाता

गिरिडीह : उपायुक्त-सह-जिला दंडाधिकारी नमन प्रियेश लकड़ा ने आज समाहरणालय स्थित सभाकक्ष में बाबा साहेब भीमराव अंबेडकर की प्रतिमा पर माल्यार्पण कर उन्हें नमन किया। इस दौरान उपायुक्त ने जिलावासियों को अंबेडकर जयंती की बधाई और शुभकामनाएं दी। इस दौरान उपायुक्त, लकड़ा ने कहा कि आज बाबा साहब अंबेडकर जी का जन्मदिवस हैं। भारत रत्न, संविधान निर्माता, एक महान क्रांतिकारी, विधि विशेषज्ञ एवं समाज सुधारक के साथ देश को एक सूत्र में पिरोये रखने के लिए हमें एक ऐसा संविधान दिया है, जिसमें समाज के सभी जाति एवं पिछड़े वर्गों को विकास के समान अवसर दिए गए हैं। इस साल हम सभी बाबा साहेब की 133 वीं जयंती मना रहे है। साथ ही बाबा साहेब अंबेडकर के दिखाए पथ पर चलते हुए महिलाओं के उत्थान और शिक्षा का सामान अवसर बेटियों को मिले इस दिशा में हम सभी मिलजुलकर कार्य करने की आवश्यकता है। इस दौरान मौके पर उपरोक्त के अलावा उप नगर आयुक्त, जिला आपूर्ति पदाधिकारी, जिला परिवहन पदाधिकारी, कार्यपालक दंडाधिकारी, जिला परिवहन पदाधिकारी, सभी अनुमंडल पदाधिकारी, जिला जनसंपर्क पदाधिकारी, सभी प्रखंड विकास पदाधिकारी समेत अन्य जिला स्तरीय पदाधिकारी आदि उपस्थित थे।

उधारी मांगने गए युवक की तलवार से मार कर की हत्या, आरोपी फरार

प्रभात मंत्र संवाददाता

बिरनी : प्रखंड क्षेत्र के पडमणिया पंचायत ग्राम सियाटांड द्वारपहरी में एक युवक शंभू साव की तलवार से मार कर हत्या कर दी गई। आपको बता दें कि मृतक शंभू साव द्वारपहरी का रहने वाला है, जैसा कि लोगों ने बताया सियाटांड निवासी पंकज मंडल और मिंटू मंडल ने ये कहकर बाइक से अपने घर ले गया कि पिता जी उधारी का पैसा घर पर देंगें। शंभू साव जैसे हीं पंकज मंडल और मिंटू मंडल के घर पहुंचा वैसे हीं उसके पिता भीमलाल मंडल ने तलवार से युवक पर हमला कर दिया। मृतक अपने पीछे पत्नी समेत दो लड़का और एक लड़की को छोड़ गया। घटना के बाद जहां मृतक के परिजनों का रो रो कर बुरा हाल हो गया है, वहीं मौके से हत्यारोपी घटना की जानकारी मिलते भरकट्ठा ओपी पुलिस घटना स्थल पर पहुंचकर शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए सदर अस्पताल गिरिडीह भेज दिया।

गिरिडीह पुलिस ने 15 लाख मूल्य का अवैध कोयला किया जब्त

प्रभात मंत्र संवाददाता

गिरिडीह : गिरिडीह जिला अंतर्गत डुमरी में अवैध करोबारियों की मनोबल इन दिनों में बढ़ी हुई है तभी तो लूट मचाई हुई है। लगातार गिरिडीह पुलिस अवैध धंधे बाजो के कमर पर वार कर रही है। इसी क्रम में शनिवार रात को गुप्त सूचना के आधार पर डुमरी एसडीपीओ सुमित प्रसाद के नेतृत्व में डुमरी थाना प्रभारी प्रियाण कुमार ने कुलगो टोल प्लांजा के समीप छापेमारी कर 25 टन स्टीम कच्चा कोयला लोड ट्रक को जब्त किया। जब्त ट्रक में करीब 15 लाख से अधिक मूल्य का कच्चा कोयला लोड था। इस दौरान पुलिस ट्रक चालक को भी दबोचने में सफल रही। पूछताछ में खुलासा हुआ कि अवैध कोयला लोड ट्रक धनबाद के कोयला माफिया के मंडी से बिहार के औरगांबाद पहुंचाया जा रहा था। औरगांबाद में किस मंडी में कोयला लोड ट्रक को पहुंचाया जाना था इसकी खुलासा नहीं हुई है। इसका पता लगाने में पुलिस जुटी हुई है। जबकि ट्रक मालिक के साथ कोयले के धंधेबाज के खिलाफ पुलिस केस दर्ज कर आगे की कार्रवाई में जुट गई है। पुलिस के इस कार्रवाई से अवैध धंधेबाजों में हड़कंप मचा हुआ है और डर सता रहा है कि कहीं मैं भी पकड़ा न जाऊं।

बलिया में भीम राव अंबेडकर की 133वीं जयंती पर प्रतिमा का किया गया अनावरण

प्रभात मंत्र संवाददाता

बिरनी : रविवार को भारतरत्न भीमराव अंबेडकर की 134 वीं जयंती के अवसर पर प्रखंड क्षेत्र के बलिया पंचायत के रविदास टोला में रविदास विकास महासमिति के द्वारा उनकी प्रतिमा का अनावरण किया गया।

इसके पूर्व संगठन के द्वारा क्षेत्र भ्रमण करते हुए बाबा भीम राव के आदर्शों पर चलने का आह्वान किया गया। मौके पर रविदास विकास महासमिति के अध्यक्ष नरेश दास, सचिव गुजर दास, सांसद प्रतिनिधि नारायण पाण्डेय, भाजपा पूर्व मंडल अध्यक्ष रामाशीष राय, मंडल महामंत्री राजेंद्र राम, ढालो दास, रूपलाल रविदास, रंजित कुमार दास, लालो दास, शुकर दास, हेमलाल दास, संजीत दास समेत सैकड़ों लोग उपस्थित थे।

संविधान निर्माता बाबा साहेब के जयंती पर याद किए गए

प्रभात मंत्र संवाददाता

बगोदर : बगोदर प्रखंड के खेतको गांव के अन्तर्गत राम नगर टोला में रविवार को बाबा साहेब डॉ0 भीमराव अंबेडकर जयंती मनाई गई। जयंती समारोह कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में बगोदर के पूर्व विधायक नागेंद्र महतो उपस्थित हुए। पूर्व विधायक भारतरत्न डॉ. भीमराव अम्बेडकर की जयंती पर उनके चित्र पर पुष्प अर्पित कर उन्हें नमन किया। उन्होंने बाबा साहब के अमूल्य योगदान को याद करते हुए कहा कि बहुआयामी व्यक्तित्व के धनी डॉ.अम्बेडकर साहेब भारतीय संविधान के प्रारूप समिति के अध्यक्ष थे।भीमराव अंबेडकर जन्म से ही प्रतिभा सम्पन्न थे और वे विश्वस्तर के विधिवेत्ता थे। भारतीय संविधान के मुख्य शिल्पकार भी थे। बाबा साहेब की ओर से बताए गए मार्ग पर चलने का आह्वान किया। मौके पर जीबलाल महतो, कार्तिक मंडल, प्रयाग रविदास, संतोष रविदास, महादेव रविदास, प्रकाश रविदास, दिनेश रविदास राजकुमार रविदास, वीरेंद्र रविदास मुकेश रविदास, टहल महतो, प्रकाश प्रसाद, परमेश्वर रविदास, रामदेव रविदास, पप्पू रविदास, महेंद्र प्रसाद संतोष प्रसाद,सेवानिवृत शिक्षक कुंजबिहारी महतो,गिरधारी महतो सहित सैकड़ों महिलाएं पुरूष मौजूद रहें।

युवक की लाश की पहचान चंद्रिका मालाकार के पुत्र कमलेश मालाकर के रूप में हुई

धनबाद(प्रभात मंत्र संवाददाता) : निरसा थाना क्षेत्र के एसबीआई के समीप एक कुंए से मिली लाश की पहचान बंगालपाड़ा के चंद्रिका मालाकार के 32 वर्षीय पुत्र कमलेश मलाकर के रूप में हुई। स्थानीय लोगों की सूचना पर निरसा पुलिस घटनास्थल पर पहुंच काफी मसक्कत बाद कुंए से लास निकाली उस समय लास की पहचान नहीं हो पाई। वहीं लाश सड़ गया था। बाद में मृतक के पिता चंद्रिका मालाकार ने अपने पुत्र के रूप में की। उन्होंने पुलिस को बताया की वह नसा का आदि था। कई कई दिन घर नही आता था। एक सप्ताह से वह घर नही आया। पानी भरने कुंआ पर गया होगा और गिर गया उसी से मौत हुई। पुलिस लाश को कब्जे में कर अंत्यपरीक्षण हेतु धनबाद भेज दिया। इस तरह अज्ञात लाश का पटाक्षेप हुआ।

कांग्रेस के घोषणापत्र से मोदी क्यों घबराए व परेशान हैं : शमशेर

प्रभात मंत्र संवाददाता

धनबाद : झारखंड प्रदेश कांग्रेस प्रवक्ता शमशेर आलम ने प्रेस विज्ञप्ति जारी कर कहा की कांग्रेस के मैनिफेस्टो पर जिस तरह लगातार नरेंद्र मोदी झूठ बोल रहे हैं, एक बात तो साफ़ है कि जो काम पहले चोरी छिपे भाजपा आईटी सेल करता था, आज वो काम खुद नरेंद्र मोदी कर रहे हैंव- झूठ बोलो, खूब झूठ बोलो। कांग्रेस के घोषणापत्र से मोदी क्यों घबराए और परेशान हैं? माजरा क्या है? आख़िर मोदी क्यों कह रहे हैं कि कांग्रेस के घोषणा पत्र पर मुस्लिम लीग की छाप है?

क्या युवाओं के लिए 30 लाख सरकारी नौकरियाँ, 1 साल के लिए 1 लाख का स्टायपेंड, सरकारी नौकरियों में महिलाओं के लिए 50द्व आरक्षण, गरीब महिलाओं को सालाना 1 लाख रुपये, किसानों की क़र्ज़ माफ़ी, स्स्कजी लीगल गारंटी, मनरेगा में ?400 दिन की आय, ?25 लाख का मुफ़्त इलाज - यह मुस्लिम लीग की छाप है? नहीं, बल्कि इन्हीं चीज़ों से लोग परेशान हैं। मोदी जी के पास बेरोज़गारी, महंगाई, ग़रीबी, महिला असुरक्षा, किसानों के लिए कोई जवाब ही नहीं है। लेकिन सवाल तो यह है कि नरेंद्र मोदी को मुस्लिम लीग का मोह इतना क्यों सताता है? क्योंकि इश्क़ और मुश्क छुपाये नहीं छुपते।

आगे उन्होंने कहा की चलिए आज जिन्नाह और मुस्लिम लीग से मोदी और उनके पुरखों की मोहब्बत पर कुछ बातें करते हैं। वर्ष 1942 में पूरा देश अंग्रेज़ों को भारत छोड़ो आंदोलन में देश के बाहर खदेड़ रहा था, तब नरेंद्र मोदी के सबसे आदरणीय पुरखे श्यामा प्रसाद मुखर्जी की हिन्दू महासभा ने जिन्नाह की मुस्लिम लीग के साथ 1939 - 43 तक बंगाल, सिंध, NWFP में गठबंधन सरकार क्यों चला रहे थे? जिस सरकार के मुख्यमंत्री फजलुल हक थे, उस सरकार में श्यामा प्रसाद मुखर्जी उपमुख्यमंत्री क्यों बनें? ब्रिटिश के साथ मिलकर श्यामा प्रसाद मुखर्जी ने 1942 के भारत छोड़ो क्रांति का विरोध क्यों किया, उसके दमन करने के लिए लिखित सुझाव क्यों भेजे?

1942 में बंगाल के दुर्भिक्ष में 25 से 30 लाख बंगाली रास्तो पर भूखे मर गये थे। उन्हें बचाने के लिए श्यामा प्रसाद और हिन्दू महासभा ने क्या किया और क्यों मुस्लिम लीग से गठबंधन नही तोड़ा? 23 मार्च, 1940 मुस्लिम लीग के लाहौर अधिवेशन में बंगाल के मुख्यमंत्री फजलुल हक पाकिस्तान का प्रस्ताव रख रहे थे, पाकिस्तान का प्रस्ताव पास होने के बावजूद भी श्यामा प्रसाद मुखर्जी ने जिन्नाह की मुस्लिम लीग के साथ गठबंधन क्यों नहीं तोड़ा? आपको बेवक़ूफ़ समझने वाले यही लोग और इनके नेता लाल कृष्ण आडवाणी 2005 में पाकिस्तान में जिन्ना की मज़ार पर श्रद्धा सुमन अर्पित करने क्यों गये? इतिहास बताता है कि मुस्लिम लीग से प्रेम, सदा ही भाजपा और उनके पूर्वजों का रहा है, तो कांग्रेस के मेनिफेस्टो को मुस्लिम लीग से जोड़ने वाले लोग पहले अपने गिरेबान में झांक लें - अच्छा रहेगा।

महुदा में डॉ0 भीम राव अम्बेडकर की मनाई गई 133वां जयंती

प्रभात मंत्र संवाददाता

महुदा : संविधान निर्माता भारत रत्न बाबा साहब डॉ0 भीम राव अम्बेडकर के 134वां जयन्ति पर अम्बेडकर नगर महुदा मोड़ मे मुकेश कुमार दास के अध्यक्षता व हरिलाल दास के संचालन मे समारोह आयोजित किया गया इसके अलावे मुरुलीडीह 20/21पीट, मंझलाडीह, नवाकनारी कुंजी, रेलवे सेवा ग्राम महुदा बजार, मे कार्यक्रम आयोजित किया गया । इस अवसर पर उनके प्रतिमा पर माल्यार्पण कर श्रर्धा सुमन अर्पित किया गया ढ़ महुदा मोड़ से प्रभात फैरी निकाला गया जो तेलमोचो तक भ्रमण किया ढ़ कार्यक्रम मे भाषण, गीत, संगीत, नाटक, प्रस्तुत किया गया । मौके पर आयोजन को सफल बनाने मे हरिलाल दास, हारुलाल दास, हरि दास, कालाचाँन्द दास, प्रदीप दास, महेन्द्र दास, जेठु दास, सन्तोष दास, गणेश दास, सुनील दास, कालीचरण दास, राजन दास, विजय दास, सुभाष दास, भवानी देवी, नितु दास, सुरज रंजन, आदि का सराहनिय योगादान रहा ।

संविधान बचाओ तानाशाही हटाओ कार्यक्रम प्रारंभ

प्रभात मंत्र संवाददाता

झरिया : भारत रत्न बोधिसत्व संविधान निर्माता बाबा साहेब डॉक्टर भीमराव अंबेडकर जी के 134वां जन्मदिवस धनबाद जिला झरिया विधानसभा अंतर्गत डिगवाडीह में आम आदमी पार्टी कार्यालय की उद्घाटन करते हुए ÷संविधान बचाओ तानाशाही हटाओ÷ का कार्यक्रम का आरंभ बाबा साहेब के तस्वीर पर माला पहनकर तथा पुष्प देकर मनाया गया।

तत्पश्चात भारत के संविधान का प्रस्तावना सभी लोगों को पढ़ाया गया तथा सभी लोगों ने शपथ लिया कि भारत के संविधान को तथा लोकतंत्र को बचाना है।

NOTICE

WHEREAS it is stated that Smt. Kiran Das W/o Late Dilip Kumar Das, Ex-Staff No. 294108 has applied for regularization of Qr. No. 368 in Sector-3/B, B.S.City. pursuant to death of Sri Dilip Kumar Das, the original Lessee, upon obtaining "No Objection" Certificate from co- sharers as per Family Tree dated 10. 04. 2024 issued by Circle Officer.

If any person or persons have any objection to such regularization, he/ she shall file the same before GM(TA-L&E)/ Estate Affairs, Bokaro Steel Plant, Town Administration Department, Nagar Seva Bhawan, Sector-3, Bokaro Steel City, within 30 days of publication, failing which the application for regularization shall be pursued as per rules.

जो व्यक्ति जेल में है बेल में है मोदी जी को रोकने का असफल प्रयास करने में जुटे हैं : बाबूलाल मरांडी

मनीर उरांव की अध्यक्षता में विधानसभा बूथ स्तरीय कार्यकर्ता सम्मेलन का हुआ आयोजन

प्रभात मंत्र संवाददाता

लोहरदगा : रविवार को भाजपा प्रदेश अध्यक्ष सह माननीय पूर्व मुख्यमंत्री श्री बाबूलाल मरांडी लोहरदगा विधानसभा के अंतर्गत ललित नारायण स्टेडियम, बरवाटोली लोहरदगा जिला अध्यक्ष मनीर उरांव की अध्यक्षता में आयोजित विधानसभा बूथ स्तरीय कार्यकर्ता सम्मेलन कार्यक्रम में भाग लिया। मौके पर कार्यकर्ताओं पूरे उत्साह के साथ बड़े फूलों की माला से भव्य स्वागत किया गया। मौके पर सांसद सुदर्शन भगत, अनुसूचित जनजाति मोर्चा के राष्ट्रीय अध्यक्ष सह लोहरदगा लोकसभा प्रत्याशी समीर उरांव, प्रदेश महामंत्री लोहरदगा लोकसभा प्रभारी मनोज सिंह,लोहरदगा विधानसभा प्रभारी, पूर्व विधायक कमलेश उरांव, पूर्व विधायक सधनु भगत, रमेश उरांव, शिव शंकर उरांव, श्री चंद प्रजापति, सुनीता सिंह, मनोज मिश्रा गुमला प्रभारी, एडवर्ड सोरेन, ओमप्रकाश सिंह, बिंदेश्वर उरांव, ब्रजबिहारी प्रसाद अन्य मुख्य रूप से उपस्थित रहे। बूथ कार्यकर्ताओं को संबोधित करते हुए बाबूलाल मरांडी ने कहा कि जो व्यक्ति जेल में है बेल में है मोदी जी के संकल्प को पूरा करने से रोकने की कोशिश कर रहे हैं। हम चौदह में से चौदह सीटे जीतेगें। मोदी जी सभी एक सौ चालीस करोड़ लोगों की चिंता करते हैं। परंतु कुछ लोग केवल अपनी चिंता करते हैं। मोदी जी इलाज की व्यवस्था की।पांच लाख तक पूरा इलाज करा सकते है। मोदीजी गरीबों की राशन, जल, शौचालय, घर, सहित कई अन्य व्यवस्थाओं को बहाल किया।जो व्यक्ति देश की तरक्की और विकास का बात करत हों जिसका एक ही लक्ष्य हमारे देश का आर्थिक रूप से सशक्त किया जाना लक्ष्य और 11 वें स्थान अब तीसरे स्थान पर आर्थिक रूप से हमारा देश मजबूत होगा। हमारा देश विज्ञान, मोबाइल, स्वास्थ्य सुरक्षा यंत्र सहित अनेक क्षेत्रों में केवल आयात करते थे परतुं आज हम निर्यात कर रहे हैं।क्योंकि आज अपने लोगों पर भरोसा है उस अवसर दिया उन्होंने कोरोनाकाल सबसे बड़ा उदाहरण है हमारा देश एक नहीं दो दो वैक्सीन बनाया,चंद्रयान का सफल लैंडिंग हुए जहां विकसित देश भी नहीं पहुंच पाए ।यह मोदी जी के सबका साथ,सबका विकास ,सबका विश्वास और प्रयास मूल मंत्र का परिणाम है।वहीं आज विपक्ष के लोग झारखंड की बात करते हैं पर वह झारखंड बेचने के जुर्म में सजा भी मिली।कांग्रेस ने सत्तर वर्ष तक राज किया परंतु गांव के लोग को झांकते भी नहीं थे।बिजली केवल शहरों के लिए केवल सिमित कर दिया। लोग लालटेन,ढिबरी के उपयोग करते थे।पर मोदी के राज्य में ढिबरी गायब अब हर घर बिजली हैं । मोबाइल,एसी फीज कूलर सभी उपभोग कर रहे है।देश का विकास का कार्य जो मोदी जी ने किया उसके बदौलत दिल्ली हो या लोहरदगा सभी जगह लगभग सुविधाएं समान हो रही हैं। पर कुछ भ्रमित कर रहे है हेमंत को फसवा दिया परंतु वह अपने कर्मो का फल है ये नहीं बता रहे।देश का कोई ऐसा मुख्यमंत्री जो अपने नाम से खाधान्न लिया,परिवार के नाम उद्योग के लिए जमीन लिया। परीक्षा पूरी हो नहीं रही पेपर लिक हो रहा। इकनॉलेजमेंट नहीं रहे ताकि सच्चाई पता लग जाएगी। आज मोदी जी के राज में बावा भीमराव अंबेडकर उनके जन्मस्थली, उनके विरासत को सजाया। वही कांग्रेस उनके अस्तित्व खत्म करने की कोशिश जरूर की थी।

बाबा साहब का दिया हुआ विचार, उनकी लिखी हुई किताबें अनमोल विरासत हैं : उपायुक्त

प्रभात मंत्र संवाददाता

लोहरदगा : अनुसूचित जाति/ अनुसूचित जनजाति/ पिछड़ी जाति पदाधिकारी/ कर्मचारी संघ एवं अम्बेडकर विचार परिषद लोहरदगा द्वारा आज रविवार को बाबा साहब भीमराव अंबेडकर की 133वीं जयंती मनायी। परिषद द्वारा यह कार्यक्रम समाहरणालय के समीप आयोजित किया गया। कार्यक्रम की शुरुआत में बाबा साहब भीमराव अंबेडकर की प्रतिमा पर माल्यार्पण का कार्य उपायुक्त डॉ वाघमारे प्रसाद कृष्ण, पुलिस अधीक्षक हारिस बिन जमा, अपर समाहर्ता जितेंद्र मुंडा, एसडीओ अमित कुमार व परिषद के लोगों द्वारा किया गया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में उपायुक्त ने कहा कि बाबा साहब का दिया हुआ विचार,उनकी लिखी हुई किताबें अनमोल विरासत हैं। बचपन में ही बाबा साहब का नाम सुना और उनके किये गए कार्यो को देखा और जाना। उनका कार्य बहुत महान था। उनके विचारों ने भारत देश के कई लोगों के मन को छुआ है। महाराष्ट्र के दादर में बाबा साहब का घर है जो जिसका ग्राउंड फ्लोर लोगों के लिए खुला है जिसमें उनकी प्रदर्शनी है। प्रदर्शनी में वे चीजें शामिल हैं जिन वस्तुओं का इस्तेमाल वे किया करते थे। उनकी लाइब्रेरी में हजारों किताबें हैं जिनका वे अध्ययन करते थे। बहुत कम समय में उन्होंने काफी कुछ अध्ययन कर लिया था और विद्वता हासिल की थी। बच्चों को उनसे सीख लेनी चाहिए कि शिक्षित बनिए, संगठित रहिए और संघर्ष करिए। अपने आसपास की समस्याओं को समझिए और उनको दूर करना ही शिक्षा का सही अर्थ है। जो गरीब तबके से आते हैं उनके लिए शिक्षा ही सबसे बड़ी उपलब्धि है। मेरी सलाह बच्चों को है कि अपनी उम्र के शुरुआती 25-30 वर्ष शिक्षा को छोड़ किसी भी अन्य चीज के लिए नहीं देना चाहिए। क्योंकि अन्य चीजों के लिए बाद में भी मौके मिलेंगे। लोग आपको सुनें इसलिए आपको पढ़ना होगा। संगठन में किसी भी चीज को सुलझाने में मदद मिलती है। संघर्ष के लिए हमेशा तैयार रहना चाहिए। उस जमाने बाबा साहब ने लंदन में जा कर पढ़ाई की जो बहुत बड़ी बात थी। कई शिक्षण संस्थानों की स्थापना की। संविधान की उन्होंने ड्राफ्टिंग की और उसी संविधान का हम आज भी पालन करते हैं। कार्यक्रम में पुलिस अधीक्षक,लोहरदगा ने कहा कि इतना सुंदर संविधान उन्होंने तैयार कर के दिया है। देश उनका हमेशा आभारी है। देश के लिए कुछ करने के लिए अगर आपने कुछ करने की सोच रखी है और मेहनत कर उससे हासिल करना चाहते हैं तो बाबा साहब के जीवन से आप यह सीख सकते हैं।

झुंड से बिछड़े हाथी का कहर लगातार जारी

एक बार फिर जंगली हाथी ने कई आसियाने को किया क्षतिग्रस्त

प्रभात मंत्र संवाददाता

ठेठईटांगर : ठेठइटांगर प्रखंड अंतर्गत केरिया पंचायत, राजाबासा पंचायत एवं ठेठईटांगर पंचायत में जंगली हांथी ने कई घरों को क्षतिग्रस्त करते हुए घर में रखे अनाजों को खा गया। अलसंगा गांव में बिबियानी खड़िया पती स्व.एलियाजर टेटे, राजेश बिलुंग, कोन्देदेगा डुमरटोली गांव निवासी आशा केरकेट्टा पती जोहन केरकेट्टा, केरिया चाकोड़बेड़ा में जयवंती बागे पति स्व. अमृत बागे,करमी डांग पति स्व. जेम्स डांग ,का घर क्षतिग्रस्त हुआ है । साथ ही घर का मलबा गिरने से कई सामान बर्बाद हो गया ,जैसे बक्सा, बर्तन ,कुर्सी, टेबल, साइकिल आदि । सूचना मिलते ही ठेठईटांगर प्रखंड प्रमुख विपिन पंकज मिंज एवं ठेठईटांगर मुखिया संगीता मिंज घटनास्थल पर पहुंचकर नुकसान का जायजा लिया एवं सरकार के द्वारा मिलने वाला सहयोग दिलाने का आश्वासन दिया। इस घटना से ग्रामीण काफी नाराज एवं दुखी है क्योंकि एक अकेला जंगली हाथी घूम घूम कर कई घरों को नुकसान पहुंचा रहा है , परन्तु विभाग कोई ठोस कदम नहीं उठा रही है, ग्रामीणों का कहना है ,कि इस अकेला जंगली हाथी को कहीं अन्यत्र किसी दूसरे जगह पर ले जाकर छोड़ दिया जाए जिससे कि रोज-रोज का यह झमेला समाप्त हो सके, झुंड वाले हाथीयों से ज्यादा नुकसान नहीं होता है परन्तु यह अकेला हाथी से काफी नुकसान हो रहा है, बम, फटाका या फिर मसाल से भी यह नहीं डरता है और आदमियों को भी दौड़ाता है ऐसा कहना है ग्रामीणों का विभाग से उम्मीद लगाए बैठे हैं ग्रामीण।

कांग्रेस ने 60 वर्षों के शासनकाल में लोगों के साथ न्याय नहीं किया : अर्जुन मुंडा

मोदी की गारंटी पर खुंटी लोकसभा क्षेत्र की जनता को भरोसा : अर्जुन मुंडा

प्रभात मंत्र संवाददाता

कोलेबिरा : केंद्रीय मंत्री सह खूंटी लोकसभा के भाजपा प्रत्याशी अर्जुन मुंडा ने कोलेबिरा विधानसभा क्षेत्र के जामटोली कोनजोबा कुंदूरडेगा जुरकेला अघरमा क्षेत्र का दौरा करते हुए ग्रामीणों से संवाद किया। ग्रामीणों को संबोधित करते हुए केंद्रीय मंत्री अर्जुन मुंडा ने कहा की 2024 का चुनाव दो विचारधाराओं के बीच का चुनाव है । एक तरफ विकास की सोच रखने वाले सनातन को मानने वालों की बिचारधारा है और एक तरफ विकास विरोधी और सनातन को खत्म करने वालों की विचारधारा है। 2047 तक भारत को विकसित राष्ट्र बनाने के लिए यह आप लोगों को तय करना है की आप किस विचारधारा के साथ जाते हैं मैं आपके परिवार के सदस्य के रूप में आप सबों के बीच मौजूद हूं आज भारतीय जनता पार्टी द्वारा राष्ट्रीय स्तर पर यशस्वी प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी जी द्वारा घोषणा पत्र जारी करते हुए 2014 से भारत के नागरिकों के गरीब कल्याण के जितने भी कार्यक्रम है स्वास्थ्य शिक्षा रोजगार गांव के समस्याओं के समाधान का रास्ता ढूंढते हुए बाबा अंबेडकर के सपनों को पूरा करने का संकल्प पत्र घोषणा पत्र के रूप में आज घोषित किया गया है, आज आजादी के 75 में वर्ष में हम कहां हैं यह अंदाजा स्वयं ही लगा सकते हैं हमारे पूर्वजों ने हमारे लिए क्या-क्या सपना देखा था और उन सपनों का क्या हुआ आज हम कहां हैं यह देखने की जरूरत जिन लोगों के भरोसे 60 साल तक जिन्होंने देश को चलाया उसे कांग्रेस पार्टी ने लोगों के साथ न्याय नहीं किया इसीलिए आज 2014 से पहले भारत पिछड़ा हुआ था पर यशस्वी प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी जी के आने के बाद उनके नेतृत्व में भारतीय जनता पार्टी की सरकार आपका एक वोट के बदौलत आज विश्व के महाशक्ति के रूप में अपना लोहा पूरे विश्व में मनवा रहा है, आज मोदी जी की गारंटी पर सिर्फ खूंटी लोकसभा या झारखंड ही नहीं बल्कि पूरे देश को भरोसा है और पूरा देश ने मन बना लिया है कि प्रधानमंत्री मोदी जी के गारंटी पर चलना है और उनके कदम से कदम मिलाकर साथ देना है ताकि 2047 तक भारत को विकसित राष्ट्र की श्रेणी में खड़ा कर सके।

अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद द्वारा मनाया गया बाबासाहेब की जयंती

लोहरदगा(प्रभात मंत्र संवाददाता): रविवार को डॉक्टर भीमराव अंबेडकर जयंती पर समरनालय स्थित प्रतिमा में अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद द्वारा माल्यार्पण किया गया तथा भीमराव अंबेडकर जी के नारा लगे। मौके पर विभाग संयोजन अंकित कुमार ने कहा कि बाबा साहेब डॉक्टर भीमराव अंबेडकर जी के बात को दोहराते हुए कहा कि वह इतिहास नहीं बना सकते जो इतिहास भूल जाते हैं भारतीय संविधान की प्रस्तावना देखते ही सभी के हृदय मैं वह नाम आता है संविधान के जनक बाबा साहब डॉ भीमराव अंबेडकर जी का। उनकी जयंती पर शत-शत नमन। प्रदेश कार्यकारिणी सदस्य प्रीतम नायक ने कहा कि कोई देश तब तक विकास नहीं कर सकता जब तक कि वहां की महिलाओं का विकास नहीं हो सकता भारतीय संविधान के जनक, विधि निर्माता छुआछूत के अंत करने वाले एवं संविधान के आत्मा के रूप में डॉ भीमराव अंबेडकर को जाना जाता है। मौके पर कॉलेज अध्यक्ष कार्तिक खेरवार, अभिनव कुमार, अभिषेक कुमार आदि लोग उपस्थित थे।

ग्रेटर त्रिवेणी पब्लिक स्कूल में अंबेडकर जी की जयंती मनाई गई

प्रभात मंत्र संवाददाता

लोहरदगा : ग्रेटर त्रिवेणी पब्लिक स्कूल लोहरदगा में संविधान निर्माता डॉ भीमराव अंबेदकर जी की जयंती धूमधाम के साथ मनाई गई। सर्वप्रथम अंबेदकर जी के चित्र पर माल्यार्पण किया गया। तत्पश्चात विद्यालय के प्राचार्य एस के झा ने विद्यार्थियों को संबोधित करते हुए कहा कि भारत का संविधान विश्व का सबसे बड़ा लिखित संविधान है और इस संविधान के निर्माण में डॉक्टर भीमराव अंबेदकर जी का महत्वपूर्ण योगदान रहा है। भारत का संविधान देश के समस्त नागरिकों को एक सूत्र में बांधकर रखने का काम करता है और इसका लक्ष्य सभी धर्म के लोगों के बीच आपसी प्रेम एवं सद्भाव पैदा कर देश को संबल, सक्षम एवं आत्मनिर्भर बनाने का है। उन्होंने कहा कि आज आवश्यकता है कि हम सभी संविधान के प्रत्येक धारा को आत्मसात् करते हुए देश को परम वैभवशाली बनाने में अपना महत्वपूर्ण योगदान देने का काम करें। जयंती कार्यक्रम में विद्यालय के सभी शिक्षक शिक्षकेत्तर कर्मचारी एवं छात्र उपस्थित थे।

रविदास समाज के लोगों ने मनाया डॉ.भीमराव अंबेडकर का जयंती

प्रभात मंत्र संवाददाता

सेन्हा-लोहारदगा : प्रखंड क्षेत्र के अरु पंचायत ग्राम स्थित नंदलाल प्लस 2 उच्च विद्यालय के प्रांगण में रविदास समाज के लोगों द्वारा संविधान निर्माता डॉ.भीमराव अम्बेडकर जयंती मनाया गया। वही कार्यक्रम की शुरुवात भीमराव अम्बेडर के चित्र पर समाजसेवी अनिल राम व रामावतार उराँव द्वारा माल्यार्पण कर कार्यक्रम परारम्भ किया गया। वही अनिल राम ने कहा कि डॉ.भीमराव अम्बेडकर ने दलितों एवं शोषित वंचितों के प्रेरणा थे.जिन्होंने सामाजिक उत्थान एवं विकास के लिये अनेको कार्य किया जिसे आज रविदास समाज,दलित समाज तथा आदिवासी समाज उत्थान की ओर अग्रसर है.तथा समाज के लिये दूरदर्शिता सोच रखनेवाले व्यक्ति थे। साथ ही कहा कि डॉ भीमराव अम्बेडकर के अथक प्रयास से ही भारतीय संविधान का निर्माण हो पाया है। जिसे आज सभी देशवासियों को नियम के साथ रहने और हक अधिकार प्राप्त करने का अधिकार है। साथ ही राजकुमार रविदास द्वारा डॉ.अम्बेडकर का जीवनी पर प्रकाश डाला गया। मौके पर सूरज राम, कर्ण राम, दीपक राम, मंजू कुमारी, निक्की कुमारी, आयुष राम, रुद्र राम सहित रविदास समाज के अन्य महिला पुरुष उपस्थित थे। वही को सफल बनाने में रविदास समाज के लोगों का सराहनीय योगदान रहा।

अज्ञात शव मिलने से क्षेत्र में सनसनी सूचना पर पहुंची पुलिस

प्रभात मंत्र संवाददाता

सेन्हा-लोहरदगा : थाना क्षेत्र के चंदवा जंगल में अज्ञात शव मिलने की सूचना पर चंदवा बुरजु तथा जमगाई गांव में घटना को लेकर फैला सनसनी ग्रामीणों के बीच बना चर्चा का विषय। शव होने की सूचना ग्रामीणों द्वारा स्थानीय थाना को दिया गया। विदित हो कि सेन्हा थाना क्षेत्र के अलौदी पंचायत स्थित चंदवा जंगल में घाघरा थाना क्षेत्र के बुरजु सीमावर्ती क्षेत्र में अज्ञात युवक की शव पुरना पानी स्थित आम पेड़ के समीप जंगल मे बना नाला नुमा जगह पर चित अर्धनग्न अवस्था में पाया गया है। जिसकी सूचना सेन्हा थाना के प्रशिक्षु एसपी सह थाना प्रभारी वेदांत शंकर को मिलते ही टीम गठित कर घटना स्थल के लिए रवाना किया गया। वही बताया जाता है. कि घटना को लेकर आत्महत्या सहित प्रेम प्रसंग मामला एवं अन्य बिंदुओं पर संदेह जताया जा रहा है। जिसको लेकर पुलिस शव को कब्जे में लेते हुए सभी बिंदुओं पर जांच कर रही है। सूत्रों से प्राप्त जानकारी के अनुसार अज्ञात शव अर्धनग्न अवस्था मे पाए जाने पर आस पास के ग्रामीण क्षेत्र में चर्चा का विषय बना हुआ है.इस घटना को देखने के उपरांत कहा जाता है कि युवक द्वारा आत्महत्या किया गया है परन्तु कुछ लोगो का ये भी कहना है कि प्रेम प्रसंग में हत्या कर घटना का साक्ष्य छुपाने का मामला प्रतीत होता है। जिसे शव को पेड़ से लटकाने का प्रारूप दिया गया है। शव की शिनाख्त स्थानीय ग्रामीणों द्वारा नही हो पाया। शव मिलने की सूचना जंगल मे महुआ चुनने के दौरान महिलाओं के देखने पर कानो कान फैलने लगा। फिलहाल पुलिस घटना स्थल पर पँहुच अर्धनग्न अवस्था में पड़ा शव को कब्जे में लेकर शिनाख्त करवाने तथा नियम संगत करवाई में जुट गई है। इस संदर्भ में प्रशिक्षु एसपी सह थाना प्रभारी वेदांत शंकर ने कहा प्रथम दृष्टया आत्महत्या का प्रतीत होता है।

आजसू ने एनडीए प्रत्याशी समीर उरांव के पक्ष में किया जनसंपर्क अभियान

लोहरदगा(प्रभात मंत्र संवाददाता): लोकसभा सीट से एनडीए प्रत्याशी समीर उरांव जी के पक्ष में आजसू पार्टी के द्वारा आज लोहरदगा सदर प्रखंड में जनसंपर्क अभियान चलाया गया। जनसंपर्क अभियान हेसल, कुजरा, मगन टोली, महुआ टोली, कैमों, पतरा टोली सहित अन्य क्षेत्रों में चलाते हुए जनता से एनडीए प्रत्याशी समीर उरांव के पक्ष में मतदान करने की अपील की गई एवं आम जनमानस को यह बताया गया की लोहरदगा लोकसभा सीट में एनडीए उम्मीदवार समीर उरांव जिनकी छवि एक साफ सुथरी, ईमानदार एवं गरीब नेता के रूप में है और गरीब का दर्द गरीब ही समझ सकता है, इसलिए इस बार एक गरीब के बेटे समीर उरांव को भारी मतों से लोहरदगा लोकसभा सीट से विजयी कर दिल्ली भेजना है। आज के जनसंपर्क अभियान में आजसू पार्टी के पूर्व केंद्रीय सचिव एवं लोहरदगा प्रखंड प्रभारी कवलजीत सिंह, लोहरदगा प्रखंड कार्यकारी अध्यक्ष किशोर उरांव, कार्यकारी प्रखंड अध्यक्ष दिनेश उरांव, आजसू बुद्धिजीवी मंच के पदाधिकारी मनोज गुप्ता (मना) सोहन साहू, मन्हो पंचायत कोषाध्यक्ष संतोष राम, सचिव अशोक उरांव सहित अन्य पदाधिकारी उपस्थित थे। वहीं मन्हो पंचायत कमेटी का विस्तार करते हुए सचिव के पद पर अशोक कुजूर का मनोनयन किया गया एवं ग्राम प्रभारियो का भी मनोनयन किया गया। पूर्व केंद्रीय सचिव एवं लोहरदगा प्रखंड प्रभारी कंवलजीत सिंह ने कहा की जनसंपर्क अभियान लगातार जारी रहेगा। समस्त जिले में आजसू पार्टी पूरी ताकत के साथ कार्य करेगी।

सेवा भारती ने निशुल्क स्वास्थ्य जांच एवं चिकित्सा शिविर का किया आयोजन

प्रभात मंत्र संवाददाता

लोहरदगा : सेवा भारती लोहरदगा के द्वारा चुन्नीलाल उच्च विद्यालय के प्रांगण मे लगातार आज 96 वें सप्ताह के रविवार को सुबह 7:30 बजे से निशुल्क स्वास्थ्य जांच एवं चिकित्सा शिविर का जिला अध्यक्ष दीपक सर्राफ,डॉ कुमुद अग्रवाल ने संयुक्त रूप से भारत माता के तस्वीर के समक्ष दीप प्रज्वलित कर एवं पुष्प चढ़ाकर शुभारंभ किए,सभी ने भारत माता की जय,वंदे मातरम,वीर शहीद जवान अमर रहे का नारा लगाते हुए नमन किए,आज इस निशुल्क स्वास्थ्य शिविर में 58 लोगों ने अपना स्वास्थ्य का जांच करवा कर लाभान्वित हुए। जिला अध्यक्ष दीपक सर्राफ ने कहा स्वस्थ जीवन के लिए नियमित रूप से अपना चेकअप कराते रहिए और योग एवं व्यायाम करते रहने से शरीर स्वस्थ एवं फुर्तीला रहता है, और कहा कि आपके प्रयास से लोग स्वस्थ्य जाए उससे बड़ा कोई धर्म नहीं। डॉ कुमुद ने कहा की लोगों को समय-समय पर अपना स्वास्थ्य चेकअप कराते रहना चाहिए बहुतों को अपना शुगर, बी.पी.के विषय में जानकारी नहीं रहती है जिससे कि आगे कई बीमारियों को उत्पन्न कर देती है। उपाध्यक्ष अवधेश मित्तल, सचिव जयप्रकाश शर्मा, सहसचिव संजय चौधरी व शशि भूषण सिंह ने कहा कि प्रत्येक सप्ताह इस स्वास्थ्य शिविर में लोग आकर अपना चेकअप करा कर संतुष्ट हैं, यह निशुल्क स्वास्थ्य शिविर निरंतर प्रत्येक रविवार को एक घंटे के लिए लगाई जाती है, लोगों ने शुगर, बी.पी., ऑक्सीजन लेबल, वजन, हार्ट बीट आदि की जांच करवाते हुए, डॉक्टर से परामर्श भी लिए, आज शिविर में, जिला अध्यक्ष दीपक सर्राफ, डॉ कुमुद अग्रवाल, अवधेश मित्तल, जयप्रकाश शर्मा, संजय चौधरी, शशि भूषण सिंह, माया अग्रवाल, अनामिका भारती, मुकेश प्रसाद, केशव महतो, सत्यम सर्राफ, राजू कुमार सिंह, गंगोत्री देवी, अतुल सर्राफ, गोपाल महतो, अभिषेक कुमार, अभिषेक मिश्रा, नारायण साहू, प्रभादेवी, गीता टोप्पो, दिलीप सिंह, प्रदीप साव, मंजीत विश्वकर्मा, अनूप महतो, ओमप्रकाश, अंजू देवी, कलीम अंसारी, आमना खातून, संपत्ति प्रसाद अग्रवाल, दुर्गा प्रसाद सोनी, कृष्ण प्रसाद, गुड्डु साहू, सुमित विश्वकर्मा, सीमा देवी, राजीव अग्रवाल, सुरेंद्र प्रसाद साहू, अशोक अग्रवाल, निखिल कुमार, प्रभु दयाल साहू, डोमन चंद्र कर्मकार, स्नेहा शर्मा, रमेश शर्मा, तपेश्वर अग्रवाल,सोनिया पोद्दार, ऋषभ राज श्रीवास्तव, दीपक कुमार आदि उपस्थित थे।

रविदास मुहल्ला में बाबा साहेब की जयंती के अवसर पर भव्य कार्यक्रम का हुआ आयोजन

प्रभात मंत्र संवाददाता

कैरो-लोहरदगा : 14 अप्रैल को रविदास मुहल्ला में भारत रत्न संविधान निर्माता बाबा साहेब भीमराव अंबेडकर जयंती भव्य रूप में मनाया गया। इस अवसर पर सर्वप्रथम बाबा साहब भीम राव अम्बेडकर के द्वारा लिखी गई संविधान की प्रस्तावना पढ़ी गई। साथ ही भारत रत्न बाबा साहेब डॉ भीमराव अंबेडकर जी के चित्र पर अतिथियों एवं गण्यमान्यों लोगो के द्वारा माल्यर्पण एवं पुष्प अर्पित व दीपप्रज्वलित कर कार्यक्रम का शुभारंभ की गई। आयोजन समिति के द्वारा अतिथियों को बैच पहनाकर व अंगवस्त्र देकर स्वागत किया गया। कार्यक्रम को सबोंधित करते हुए राजमोहन राम ने कहा कि डॉ.भीम राव अम्बेडकर प्रतिभा के धनी व्यक्ति थे वे एक महान शिक्षाविद थे। हलाकि शुरू शुरू में उन्हें छुवा छूत उच्च नीच भेद भाव का समाना करना पड़ा फिर भी वे हिम्मत नही हारे ओर निरन्तर शिक्षा प्राप्त करते रहें उस जमाने मे विदेश जा कर पढाई पूरी की,आजादी के बाद डॉ.भीम राव अम्बेडकर को देश का प्रथम कानून और न्याय मंत्री के साथ -साथ सविधान मसौदा समिति के अध्यक्ष,भारत सविंधान सभा के सदस्य मनोनीत किया गया। उन्ही के देख रेख में हमारा देश का सविंधान तैयार हुवा जिस से आज हमारा देश चलता है.उनके दलित अधिकार आन्दोल व देश सेवा के लिए मरणो उपरांत 1990 में देश का सर्वश्रेष्ठ उपाधि भारत रत्न से सम्मानित किया गया। पूर्व पंचायत समिति सदस्य शरत कुमार विद्यार्थी ने कहा बाबा साहेब भीमराव अंबेडकर ने समाज ही नही पूरे देश को एक सूत्र में जोड़ने के साथ दबे कुचले लोगो को समानता का अधिकार दिलाया,सभी अपने बच्चे को स्कूल जरूर भेजे भीमराव अम्बेडकर ने शिक्षा को ही विकास का मूलमंत्र मानते थे। साथ ही रविदास मुहल्ला को आश्वस्त करते हैं कि मेरे ओर से हमेशा समाज को आगे बढाने के लिए सहयोग रहेगा। सभा को रविदास मंच के युवा जिला अध्यक्ष बिपुल राम, जिला अध्यक्ष रामचरण राम,बौद्ध महासभा जिला अध्यक्ष अनिल रविदास बौद्ध, उपाध्यक्ष बुधन राम, मुखिया बीरेंद्र महली, प्रधानचार्य गणेश शास्त्री,उप मुखिया रवि प्रजापति,एवं आयोजन समिति के अध्यक्ष संदीप रविदास ने भी सबोंधित किया। मंच का संचालन मुन्ना राम सचिव ब्रजकिशोर के द्वारा किया गया वहीं धन्यवाद ज्ञापन जयप्रकाश राम के द्वारा किया गया। जयंती समारोह में मुहल्ले के छोटे -छोटे बच्चे बच्चीयों के द्वारा गीत संगीत प्रस्तुत किया गया। कर्यक्रम में अपनी भाग लेने वाले सभी प्रतिभागियों को आयोजन समिति के द्वारा पुरस्कार देकर समानित किया गया।

कांग्रेस के चाणक्य डीके शिवकुमार के किले को भेद पाएंगे डॉ. मंजूनाथ?

एजेंसी

बेंगलुरु : 400 के टारगेट को पूरा करने के लिए इस बार बीजेपी ने जेडीएस के साथ मिलकर बेंगलुरु ग्रामीण सीट की भी किलेबंदी कर ली है और इस बार इस गढ़ पर फतह के लिए बीजेपी ने एक ऐसे डॉक्टर को मैदान में उतारा है, जिनकी व्यक्तिगत छवि का लोगों के बीच जबरदस्त असर है. कांग्रेस की मजबूत चट्टान समझे जाने वाले डीके शिवकुमार और उनके छोटे भाई डीके सुरेश के लिए इस बार परीक्षा की घड़ी है. कांग्रेस अपने इस गढ़ को एक बार फिर बचा लेगी या इस बार बीजेपी और जेडीएस मिलकर इसे डीके ब्रदर से छीन लेंगे. बेंगलुरु ग्रामीण सीट पर मुकाबला कांग्रेस के चाणक्य और बीजेपी के रिसोर्सेस के बीच है. बेंगलुरु ग्रामीण में इस बार मैदान में बीजेपी से डॉक्टर सीएन मंजूनाथ और कांग्रेस से डीके सुरेश मैदान में है. सीएन मंजूनाथ पॉलिटिकल फैमिली से संबंध रखने वाले नॉन पॉलिटिकल चेहरा है तो डीके सुरेश अब राजनीति में मंज चुके हैं. बीजेपी उम्मीदवार डॉक्टर सीएन मंजूनाथ कर्नाटक के जाने-माने कार्डियोलॉजिस्ट हैं और पूर्व प्रधानमंत्री एसडी देवेगौड़ा के दामाद हैं. डॉक्टर सीएन मंजुनाथ 2007 में पद्मश्री से सम्मानित किए गए थे. जबकि डीके सुरेश डिप्टी सीएम डीके शिवकुमार के भाई और बेंगलुरु ग्रामीण से तीन बार चुनाव जीत चुके हैं. इस सीट की अगर बात करें तो परिसीमन के बाद 2008 में यह सीट अस्तित्व में आई. 2009 में पहले चुनाव में जेडीएस के एसडी कुमारस्वामी यहां से जीते.

2013 के उपचुनाव में कांग्रेस से डीके सुरेश जीते. 2014 और 2019 में फिर से डीके सुरेश को जीत मिली. डिप्टी सीएम डीके शिवकुमार यहां की कनकपुरा विधानसभा सीट से एमएलए हैं. बेंगलुरु ग्रामीण लोकसभा सीट में वोक्कालिंगा वोटर बड़ी संख्या में है. बेंगलुरु में पूरी पॉलिटिक्स वोक्कालिंगा के इर्दगिर्द घूमती है. बेंगलुरु ग्रामीण में अगर कास्ट इक्वेशन की बात करें तो यहां वोक्कालिंगा वोटर करीब 5.5 लाख हैं, जबकि एससी-एसटी वोटर 2.5 लाख के करीब हैं. वहीं, 2 लाख लिंगायत वोटर हैं, जबकि मुस्लिम वोटर डेढ़ लाख और कुरबा वोटर भी एक लाख से ज्यादा हैं.डॉक्टर से पॉलिटिशियन बने सीएन मंजूनाथ भी वोक्कालिंगा समुदाय से आते हैं. डॉक्टर सीएन मंजूनाथ कांग्रेस के रणनीतिकार डीके शिवकुमार के गढ़ में उनके भाई को चुनौती दे रहे हैं. मंजूनाथ के लिए 2 अप्रैल को अमित शाह ने कर्नाटक में अपने अभियान की शुरुआत बेंगलुरु ग्रामीण लोकसभा सीट से ही की. दरअसल बेंगलुरु ग्रामीण के नतीजे तय करेंगे कि वोक्कालिंगा किसके साथ है. दक्षिण कर्नाटक में वोक्कालिंगा समुदाय का प्रभाव है और इनका कर्नाटक की 100 विधानसभा सीटों पर असर है. डीके शिवकुमार और देवगौड़ा परिवार इस पर दावेदारी करते हैं. कर्नाटक में लिंगायत के बाद वोक्कालिंगा दूसरा सबसे बड़ा समुदाय है. इस फैक्टर को बीजेपी अच्छे से समझती है, इसलिए इस बार के चुनाव में बीजेपी जेडीएस को साथ ले आई.

19 साल की उम्र में मैंने देखी पिता की बिखरी लाश : प्रियंका गांधी

एजेंसी

देहरादून : लोकसभा चुनाव 2024 के प्रचार के लिए उत्तराखंड के रामनगर पहुंची कांग्रेस नेता प्रियंका गांधी ने अपने पिता की शहादत को याद किया. राजीव गांधी को मौत के घाट उतारे जाने का जिक्र करते हुए उन्होंने कहा कि मैंने अपने पिता की बिखरी हुई लाश देखी है. रामनगर में प्रियंका गांधी ने गढ़वाल लोकसभा क्षेत्र की जनता को संबोधित किया और गढ़वाल से कांग्रेस प्रत्याशी गणेश गोदियाल के लिए वोट की अपील की. प्रियंका ने कहा,मेरे परिवार को बेहद बुरा भला कहा जाता है लेकिन मैंने और मेरे परिवार ने शहादत देखी है.19 साल की उम्र में मेरे पिता की बिखरी हुई लाश अपनी मां के सामने रखी है. उनके शहीद पिता का अपमान किया जाता है लेकिन हम चुप रहते हैं क्योंकि इस देश में हमारी आस्था नहीं टूटती. हमारी श्रद्धा चुनावी भाषणों के लिए नहीं है.

प्रियंका गांधी ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी पर हमला बोलते हुए कहा, ÷पीएम मोदी कहते हैं कि उत्तराखंड और हिमाचल को वो देवभूमि मानते हैं. इसलिए उनके मन में इन दो राज्यों के लिए खास जगह है लेकिन आपदा के समय जब हिमाचल को उनकी सबसे ज्यादा जरूरत थी तो वो कहीं नहीं दिखे. आपदाग्रस्त हिमाचल में कांग्रेस का एक-एक नेता राहत कार्य में जुटा हुआ था, लेकिन बीजेपी का एक भी नेता वहां नहीं दिखा. यहां तक कि, जिस भूमि को वो देवभूमि कहते थे वहां के लोगों के लिए राहत का एक पैसा नहीं दिया. हिमालय उनके लिए सिर्फ चुनाव के समय देवभूमि थी, जब आपदा के समय लोग संकट में थे तो वो देवभूमि नहीं रही. प्रियंका ने वन रैंक वन पेंशन और सैनिकों के मुद्दे पर बोलते हुए कहा कि बीजेपी के भाषणों में सैनिकों को लेकर बड़ी-बड़ी बातें की जाती हैं लेकिन ये वही हैं जो अग्निवीर लेकर आए. एक तरफ देश का नौजवान देशभक्ति की भावना से दौड़ लगाता है, लेकिन केंद्र सरकार अग्निवीर जैसी योजना ले आती है और कहती है कि सेना में भर्ती केवल 4 सालों की होगी. इससे जितने भी नौजवान हैं जो हर प्रदेश में तैयारी कर रहे थे कि हम सरहद पर जाएंगे, देश की रक्षा करेंगे, लेकिन उनकी आशाएं टूट गई.

मंडी सीट से कंगना के सामने होंगे विक्रमादित्य

एजेंसी

नई दिल्ली : कांग्रेस ने 2024 लोकसभा चुनाव के लिए 16 सीटों पर उम्मीदवारों के नाम का ऐलान किया. इसमें हिमाचल प्रदेश की मंडी लोकसभा सीट से बीजेपी की उम्मीदवार कंगना रनौत के खिलाफ मंत्री विक्रमादित्य सिंह को उतारा है. जबकि चंडीगढ़ से मनीष तिवारी को उम्मीदवार बनाया गया है. बालासोर से पूर्व केंद्रीय मंत्री श्रीकांत जेना और शिमला एससी से विनोद सुल्तानपुरी को उम्मीदवार बनाया गया है. कांग्रेस ने शनिवार को 16 उम्मीदवारों के नाम का ऐलान किया था. इस तरह से अभी तक कांग्रेस कुल 257 सीटों पर उम्मीदवारों का ऐलान कर चुकी है.कांग्रेस ने मनीष तिवारी को चंडीगढ़ से टिकट दिया है. पहले चंडीगढ़ की सीट से पवन बंसल कांग्रेस के उम्मीदवार हुआ करते थे. इस बार उन्हें उम्मीदवार नहीं बनाया गया है, जबकि आनंदपुर साहिब से सांसद मनीष तिवारी की सीट बदलते हुए कांग्रेस ने उन्हें चंडीगढ़ से टिकट दिया है. चंडीगढ़ सीट से बीजेपी ने किरण खेर का टिकट काटकर संजय टंडन को उम्मीदवार दिया है. इस तरह से चंडीगढ़ में मनीष तिवरी और संजय टंडन के बीच मुकाबला होगा.हिमाचल प्रदेश के पूर्व मुख्यमंत्री वीरभद्र सिंह और प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष प्रतिभा सिंह के बेटे कांग्रेस विधायक और मंत्री विक्रमादित्य सिंह को अभिनेत्री कंगना रनौत के खिलाफ मंडी लोकसभा सीट से मैदान में उतारा गया है. शनिवार को प्रतिभा सिंह ने कहा था कि हिमाचल प्रदेश से कंगना रनौत के खिलाफ विक्रमादित्य सिंह को उतारने का फैसला किया है. हिमाचल प्रदेश में इस पर सहमति बन गई है और अब कांग्रेस आलाकमान में औपचारिक रूप से कंगना के खिलाफ विक्रमादित्य के नाम का ऐलान किया है.

खड़गे से मुलाकात के बाद आप सांसद संजय सिंह ने कहा

इंडिया हर कुर्बानी देने को तैयार

एजेंसी

नई दिल्ली : आम आदमी पार्टी के राज्यसभा सांसद संजय सिंह ने रविवार को कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे से उनके आवास पर जाकर मुलाकात की. जेल से रिहा होने के बाद संजय सिंह की कांग्रेस नेताओं से यह पहली मुलाकात है. इस मुलाकात पर आम आदमी पार्टी ने ट्वीट कर कहा कि तानाशाह मोदी सरकार देश के संविधान और लोकतंत्र को खत्म करना चाहती है.

देश के संविधान और लोकतंत्र को बचाने के लिए ही इंडिया हर कुर्बानी देने को तैयार है.खरगे से मुलाकात के बाद संजय सिंह ने कहा कि वह (खरगे) सदन में हमारा हौसला बढ़ाते हैं. वह हमारे लीडर ऑफ अपोजिशन हैं. जेल से छूटने के बाद मुझे उनसे मिलना था और आगे की लड़ाई के लिए उनका आशीर्वाद लेना था. मुलाकात के दौरान हमने इंडिया अलायंस का न्यूनतम साझा कार्यक्रम जारी करने का प्रस्ताव भी रखा ताकि इंडिया गठबंधन की सरकार बनने के बाद हम लोगों के सामने वो कौन-कौन से प्रमुख मुद्दे रखेंगे, जो हम जनता के सामने रखेंगे, इसको लेकर चर्चा हुई.साथ ही साथ जिस तरीके से संविधान को खत्म किया जा रहा है, जिस तरीके से विपक्षी नेताओं को जेल में डाला जा रहा है, इस पर बातचीत हुई.

इसके अलावा जिस तरीके से ईडी का दुरुपोग हो रहा है, जिस तरह से अरविंद केजरीवाल जी को जेल में इस समय प्रताड़ित किया जा रहा है और उनके जो भी न्यूनतम अधिकार हैं, वो भी छीने जा रहा हैं. इन सारे बिन्दुओं पर बातचीत हुई.

डॉ. आंबेडकर के बताए रास्ते पर चल रही है भाजपा: भूपेंद्र

इस अवसर पर भाजपा प्रदेश अध्यक्ष भूपेंद्र चौधरी ने कहा कि सविधान निर्माता डा. भीमराव अंबेडकर ने जो मार्ग दिखाया आज उसी मार्ग पर भाजपा चलने का प्रयास कर रही है।

एजेंसी

गाजियाबाद : बाबा साहब भीमराव अंबेडकर की 133 वीं जयंती पर नवयुग मार्केट स्थित अंबेडकर पार्क में बाबा साहब की प्रतिमा पर भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष भूपेंद्र चौधरी ने माल्यार्पण कर श्रद्धांजलि दी। इस अवसर पर भाजपा प्रदेश अध्यक्ष भूपेंद्र चौधरी ने कहा कि सविधान निर्माता डा. भीमराव अंबेडकर ने जो मार्ग दिखाया आज उसी मार्ग पर भाजपा चलने का प्रयास कर रही है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ उनके संकल्प को आगे बढ़ाने का काम कर रहे हैं।उन्होंने कहा कहा कि डा. भीमराव अंबेडकर ने हमेशा गरीबों जरुरतमंदों के उत्थान के लिए काम किया। अब इस काम को भाजपा आगे बढ़ा रही है। भाजपा का प्रत्येक कार्यकर्ता उनके बताए मार्ग पर चलने को प्रतिबंध है।इसके बाद भाजपा प्रदेश अध्यक्ष मेरठ रोड आरकेजीआईटी कॉलेज चुनाव संचालन की बैठक लेने पहुंचे। इस मौके पर महानगर अध्यक्ष संजीव शर्मा,जिलाध्यक्ष सतपाल प्रधान, पूर्व सांसद रमेश चंद तोमर, बलदेव राज शर्मा, राज्यसभा सांसद अनिल अग्रवाल, लोकसभा प्रभारी विजय शुक्ला,संयोजक अजय शर्मा, कैबिनेट मंत्री सुनील शर्मा, महापौर सुनीता दयाल,पूर्व महापौर आशु वर्मा, पूर्व महापौर आशा शर्मा, विधायक अजीत पाल त्यागी, पूर्व जिलाध्यक्ष महेश अग्रवाल,हापुड़ अध्यक्ष नरेश तोमर व ब्लॉक प्रमुख निशांत शिशोदिया आदि शामिल रहे।

एक ही सीट से लगातार आठ बार बनीं सांसद

कभी चुनाव नहीं हारीं ताई

एजेंसी

नई दिल्ली। राज्यसभा के लिए टिकट मिलना यानी एक तरह से जीत पक्की ही होती है। इंदौर लोकसभा सीट को लेकर दिल्ली के राजनीतिक हलकों में यही छवि है कि वह तो भाजपा की राज्यसभा सीट है और वहां जीत सुनिश्चित होती है। इस मान्यता के पीछे यहां का इतिहास भी है। इंदौर को इस मजूबत मुकाम पर लाकर खड़ा करने का श्रेय जाता है लगातार आठ बार यहां से सांसद रहीं सुमित्रा महाजन को। केंद्रीय मंत्री और लोकसभा अध्यक्ष रहीं सुमित्रा महाजन ने वर्ष 1989 में प्रकाश चंद्र सेठी जैसे बड़े नेता को पराजित कर कांग्रेस से यह मजबूत सीट छीन ली। इसके बाद न इंदौर ने कभी अपनी %ताई% का साथ छोड़ा, न ताई ने इंदौर का। अपनी विनम्रता, क्षेत्रवासियों के लिए सहज उपलब्धता, संसद में इंदौर के लिए लगातार कुछ न कुछ करते रहने का जज्बा और बेदाग छवि ने ताई को लोकप्रियता के शिखर पर पहुंचा दिया। शहरी और ग्रामीण दोनों ही क्षेत्रों में ताई का प्रभाव रहा। लोग यहां पूरे आदर, सम्मान और आत्मीयता के साथ ताई से जुड़ते थे।

मजबूत होती गई विश्वास की परंपरा: वर्ष 1989 के पहले इंदौर लोकसभा क्षेत्र को कांग्रेस के लिए आसान सीट माना जाता था। वजह थी यहां की कपड़ा मिलों में काम करने वाले हजारों मजदूर, जो कांग्रेस का परंपरागत वोट बैंक माने जाते थे। वर्ष 1989 में ताई का मुकाबला कांग्रेस के उस समय के कद्दावर नेता प्रकाश चंद्र सेठी से था, जो केंद्रीय मंत्री रह चुके थे। राजनीति में पहली नजर में इस मुकाबले को ताई के लिए बहुत मुश्किल बताया जा रहा था, लेकिन बाजी पलटते हुए ताई ने एक लाख, 11 हजार, 614 मतों से जीत दर्ज की। इस जीत के बाद उन्होंने पलटकर नहीं देखा। चुनाव -दर-चुनाव वे जीतती रहीं ।

भाजपा का संकल्प-पत्र अगले पांच वर्ष का विजन डाक्यूमेंट है : मुख्यमंत्री डॉ. यादव

एजेंसी

भोपाल : यह संकल्प-पत्र अगले पांच वर्ष के विकास का विजन डाक्यूमेंट है। इस संकल्प-पत्र में प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में अगले पांच वर्ष सभी वर्गों को साथ लेकर चलने का है। यह विजन डाक्यूमेंट भी भाजपा ने संविधान निर्माता बाबा साहब डॉ. भीमराव अंबेडकर की जयंती पर जारी किया है, जो यह बताता है कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में दलित, वंचित, शोषित व सर्वहारा वर्ग के लिए भाजपा सरकार आगे लगातार कार्य करती रहेगी। संकल्प-पत्र में जो बाते कही गई हैं प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में भाजपा सरकार उन सभी बातों को पूरा करेगी। यह बात मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने रविवार को लोकसभा चुनाव को लेकर भारतीय जनता पार्टी द्वारा जारी संकल्प-पत्र (मोदी जी की गारंटी) को लेकर प्रदेश कार्यालय में मीडिया को बाइट देते हुए कही। भारतीय जनता पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष व सांसद विष्णुदत्त शर्मा ने मीडिया से चर्चा करते हुए कहा कि भारतीय जनता पार्टी ने आज संविधान निर्माता बाबा साहब भीमराव अंबेडकर की जन्म-जयंती पर अपना संकल्प-पत्र जनता के सामने प्रस्तुत किया है। इस संकल्प-पत्र को लेकर हम सब संकल्प ले सकते हैं कि अगले पांच वर्ष प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में गरीब कल्याण, सेवा, सुशासन को समर्पित होंगे। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी भारत को विकसित बनाने के लिए कार्य कर रहे हैं। इस संकल्प-पत्र में 2047 का विकसित भारत निहित है। भारतीय जनता पार्टी जो संकल्प लेती है उस संकल्प को पूरा करती है। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में देश को विकसित भारत बनाने का संकल्प लिया गया है। इस संकल्प को पूरा करने के लिए पार्टी का एक-एक कार्यकर्ता इस दिशा में काम करेगा।

पार्टी का संकल्प पत्र प्रधानमंत्री के एक भारत, श्रेष्ठ भारत के विज़न को साकार करने वाला : धामी

देहरादून = मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) की ओर लोकसभा चुनाव के लिए जारी संकल्प पत्र में पूरे देश में समान नागरिक संहिता (यूसीसी) कानून लागू करने के वादे को प्रधानमंत्री के 'एक भारत, श्रेष्ठ भारत' के विज़न को साकार करने वाला बताया है। मुख्यमंत्री धामी ने सोशल मीडिया में जारी पोस्ट में लिखा है कि,देवभूमि की देवतुल्य जनता के आशीर्वाद और प्रधानमंत्री के कुशल मार्गदर्शन में हमारी डबल इंजन सरकार ने उत्तराखण्ड से जो समानता की धारा प्रवाहित हुई है, अब वह संपूर्ण राष्ट्र को अभिसिंचित करेगी। यह क़ानून निश्चित रूप से मातृशक्ति को सशक्त और समृद्ध बनाने में अहम भूमिका निभाएगा।

कांग्रेस ने बाबा साहब को हमेशा किया अपमानित : नरेन्द्र मोदी

एजेंसी

भोपाल : प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने यहां एक बार फिर कांग्रेस पर करारा हमला किया। उन्होंने बाबा साहेब को अपमानित करने और अपने हिसाब से इतिहास को तोड़ने-मरोड़ने के साथ खुद का महिमामंडित कराने का आरोप कांग्रेस पर लगाया। प्रधानमंत्री मोदी रविवार को मध्य प्रदेश के दौरे पर हैं। उन्होंने होशंगाबाद लोकसभा क्षेत्र के पिपरिया में भाजपा उम्मीदवार दर्शन सिंह चौधरी के समर्थन में एक जनसभा को संबोधित किया। प्रधानमंत्री मोदी ने कहा कि आज संविधान निर्माता बाबा साहब आंबेडकर की जयंती है। कांग्रेस ने बाबा साहब को हमेशा अपमानित किया। कांग्रेस ने अपने हिसाब से इतिहास को तोड़ा-मरोड़ा और खुद का ही महिमामंडन कराया। कांग्रेस की मानें तो तब लोकतंत्र सही चल रहा था। अब जब गरीबों का भला होने लगा तो कांग्रेस अफवाह फैलाने में लगी कि मोदी आया है, लोकतंत्र को खतरा है।

तीसरी बार सेवा करने का मौका मांग रहा मोदी

प्रधानमंत्री मोदी ने कि आज देश के इतिहास का बहुत बड़ा दिन है। आज संविधान निर्माता बाबासाहेब अंबेडकर की जयंती है। उनकी जन्मस्थली महू यहां से ज्यादा दूर नहीं है। महू में उनका घर हो या देश-विदेश में वे जहां भी रहे, उन स्थानों को पंचतीर्थ के रूप में विकसित करने का सौभाग्य भाजपा सरकार को मिला है। जो सम्मान कांग्रेस पार्टी ने उन्हें कभी नहीं दिया, वो सम्मान करने का सौभाग्य हमें मिला है। कांग्रेस जैसी पार्टियों ने हमेशा बाबासाहेब को अपमानित करने का काम किया है। बाबासाहेब ने जो संविधान बनाया है, उसके कारण ही आज गरीब मां का बेटा मोदी तीसरी बार आपसे सेवा करने का मौका मांग रहा है।

कांग्रेस का शाही परिवार दे रहा धमकी

प्रधानमंत्री मोदी ने कहा कि अब तो कांग्रेस का शाही परिवार धमकी दे रहा है कि मोदी तीसरी बार प्रधानमंत्री बना तो देश में आग लग जाएगी। बस देश को डराओ, घबराओ, आग फैलाओ। आज देश में आग नहीं लगी। यह जलन उनके दिल और दिमाग में ऐसे भरी पड़ी है कि वह उनको अंदर से जलाती जा रही है। मोदी ने कहा कि इतनी धूप में लोगों की बड़ी संख्या में आशीर्वाद देने आए हैं। मुझे बताया गया था कि शनिवार को यहां तेज बारिश हुई थी, पता नहीं कार्यक्रम हो पाएगा या नहीं लेकिन आपके प्यार ने इसे सफल बना दिया।